धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, गुरुवार
06.02.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
माघ, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 206




12 मनाली में खुलेगा कंगना रनौत का कैफे

## न्यूज डायरी

### आज जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**नागपुर।** टी-20 सीरीज जीतने के बाद उत्साहित भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही तीन मैचों सीरीज के पहले एकदिवसीय मुकाबले को जीतकर बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगी। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हो रही तीन मैचों की यह सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है।

### आज से आम लोग करेंगे राजभवन उद्यान का दीदार

**रांची।** आम लोग गुरुवार से एक बार फिर राजभवन उद्यान का दीदार कर सकेंगे। राजभवन उद्यान 12 फरवरी तक खोला जा रहा है। प्रवेश आवश्यक जांच के बाद ही मिलेगा। सभी आगंतुकों को अपना परिचय पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा। उद्यान सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक खुला रहेगा।

### मनरेगा में लापरवाही तीन बीडीओ को शोकॉज

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बुधवार को मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, पीएम जनमन एवं अबुआ आवास योजना की ऑनलाइन समीक्षा की। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने तीन प्रखंड विश्रामपुर, मेदिनीनगर एवं पाटन के बीडीओ एवं बीपीओ को कड़ी चेतावनी के साथ शोकॉज किया गया।

### मुर्मु और धनखड़ ने भी दिल्ली में किया मतदान

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत कई नेताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राहुल गांधी,एस जयशंकर, वीके सक्सेना, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आतिशी ने भी मतदान किया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 79200 | रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 99000 | रु./प्रति किलो |




## सीएम ने उद्यमियों, निवेशकों को झारखंड आने का दिया निमंत्रण

# देश की अर्थव्यवस्था में हमारा अहम रोल

**बंगाल ग्लोबल समिटि में बोले हेमंत**

- निवेशकों के सहयोग से झारखंड के समग्र विकास करेंगे
- झारखंड को आगे बढ़ाने का कर रहे पहल
- ऐसे समिट से बनते हैं बेहतर व्यापारिक रिश्ते



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए राज्यों के बीच बेहतर संबंध, समन्वय तथा भागीदारी अत्यंत जरूरी है। इस कड़ी में राज्यों में आयोजित होने वाले ग्लोबल बिजनेस जैसे समिट की काफी निर्णायक भूमिका होती है। इससे एक राज्य का अन्य राज्यों तथा देशों से बेहतर व्यापारिक रिश्ता बनता है। निवेश और नयी टेक्नोलॉजी से विकास की नयी संभावनाएं बनती हैं। खनिज संपदाओं से भरा झारखंड देश की अर्थव्यवस्था में अहम रोल निभा रहा है। श्री सोरेन बुधवार को कोलकाता के बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में ग्लोबल बिजनेस समिट के 8वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की अध्यक्षता में आयोजित इस समिट में देश-विदेश से आये प्रतिनिधियों, उद्यमियों और निवेशकों को उन्होंने संबोधित किया। मंच पर देश के प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी और टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली, विधायक कल्पना सोरेन के अलावा कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं। (शेष 11 पर)

### उद्यमी झारखंड आयें, पूरी मदद देंगे


सीएम ने कहा कि वर्तमान परिवेश में झारखंड को और आगे ले जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड में खनिज आधारित उद्योगों के साथ-साथ कला संस्कृति एवं पर्यटन जैसे अनेकों क्षेत्र में विकास और निवेश की अपार संभावनायें हैं। झारखंड देश का सबसे ज्यादा तसर उत्पादक राज्य है। ऐसे में टेक्सटाइल क्षेत्र में भी यह राज्य आगे बढ़ सकता है। कला- संस्कृति के मामले में झारखंड की गिनती समृद्ध राज्यों में होती है। यहां की नेचुरल ब्यूटी को देख सकते हैं। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि आप झारखंड आएं, सरकार आपको पूरा सहयोग करेगी।

**झारखंड और बंगाल में कई समानताएं :** इस मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल एक- दूसरे से काफी करीब हैं। इन दोनों ही राज्यों में चल रही कई गतिविधियां एक जैसी ही है। ऐसे में यह बताना मुश्किल है कि कौन गतिविधि झारखंड और कौन बंगाल की है। दोनों ही राज्य कई मामलों में एक जैसी गतिविधियों के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। इस तरह की पहल से दोनों ही राज्यों के समग्र विकास का नया रास्ता खुल रहा है।

**बंगाल में अंबानी 50000 करोड़ का निवेश करेंगे:** बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी कंपनी रिलायंस इस दशक के अंत तक पश्चिम बंगाल में 50000 करोड़ का निवेश करेगी। इससे राज्य में करीब 1 लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## संगम में डुबकी लगा कर पीएम मोदी बोले

# मां गंगे देशवासियों का कल्याण करे



**एजेंसी**

**प्रयागराज।** पीएम मोदी ने बुधवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगायी। भगवा पहनकर स्नान, रुद्राक्ष माला से जप-तप किया। पीएम ने मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा का पूजन भी किया। मोदी के संगम स्नान के दौरान सीएम योगी भी साथ रहे। गंगा मैया में डुबकी लगाने के बाद उन्होंने भगवान भास्कर को अर्घ्य भी दिया। पवित्र स्नान के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने विचार साझा किये और तस्वीरें साझा की। पीएम मोदी ने कहा, संगम पर स्नान दिव्य जुड़ाव का एक क्षण है। इसमें भाग लेने वाले करोड़ों लोगों की तरह, मैं भी भक्ति की भावना से भर गया। पीएम को देखने घट पर हजारों लोग जुटे थे। पीएम जब त्रिवेणी संगम पहुंचे तब आम श्रद्धालु भी संगम स्नान कर रहे थे।

## पटरी छोड़ बस्ती में जा घुसी ट्रेन

**एजेंसी**

**राउरकेला।** ओडिशा के राउरकेला में बुधवार को एक रेल हादसा हो गया है। यहां एक मालगाड़ी पटरी से उतर गयी और उसकी बोगियां पास में मौजूद बस्ती में जा घुसी। इस हादसे में ट्रैक के पास मौजूद कई वाहनों को नुकसान पहुंचा है। यह दुर्घटना राउरकेला के मालगोदाम में रेलवे पार्सल यार्ड के पास हुई। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी के कुछ डिब्बे अचानक पटरी से उतर गये और पास की बस्ती में जा घुसे। रेलवे ट्रैक के पास मौजूद कई वाहन और रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गये। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, वॉकी-टॉकी पर संचार विफलता के कारण मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे। इस घटना से बसंती कॉलोनी और मालगोदाम क्षेत्र में यातायात बाधित हुआ है। वहीं, हादसे की सूचना पर पहुंचे बंडामुंडा रेलवे एरिया मैनेजर (एआरएम) ने हालात का जायजा लिया।

## प्रेम प्रसंग में पत्नी ने कर दी पति की हत्या

**रांची।** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढवा जिले से सनसनीखेज वारदात सामने आयी है। भंडरिया इलाके में पांच बच्चों की मां ने प्यार की खातिर अपने पति की हत्या कर दी। इस घटना में उसका प्रेमी भी शामिल था। दो दिन बाद मृतक का शव जंगल से बरामद किया गया। महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना की चर्चा पूरे गांव में है। दो दिनों से गायब टेनटांड़ निवासी बिगन कोरवा का शव पुलिस ने बुधवार को बरामद किया।

# बातचीत को गिड़गिड़ा रहा पाकिस्तान, फिर उगला जहर

## 370 वापस ले भारत, कश्मीर उनका नहीं हो सकता : शरीफ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर को लेकर भारत के खिलाफ फिर जमकर जहर उगला है। उन्होंने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की विधानसभा को संबोधित करते हुए कश्मीर मुद्दे पर भारत से बातचीत की भी मांग की। शहबाज ने भारत पर कश्मीर में अत्याचार करने का भी आरोप लगाया और कहा कि पाकिस्तान इसका विरोध करता रहेगा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को रद्द किये जाने की निंदा की और उसकी वापसी की मांग की।

**धमकी भी :** पाकिस्तानी पीएम ने भारत को धमकाते हुए आरोप लगाया, भारत को यह समझना चाहिए कि कश्मीरियों का खून बहाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। इतिहास उन लोगों को याद रखता है जो उत्पीड़न के लिए ज़िम्मेदार हैं। पीएम शहबाज ने संयुक्त राष्ट्र और ओआईसी सहित सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीरियों की वकालत जारी रखने की कसम खायी। शरीफ का यह बयान तब आया है, जब पूरा पाकिस्तान अपने अंदरूनी कलह को छोड़कर 'कश्मीर एकजुटता दिवस' मनाने का दिखावा कर रहा है। भारत और पाकिस्तान में पिछले एक दशक से द्विपक्षीय वार्ता बंद है। भारत का कहना है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते। ऐसे में भारत किसी भी मोर्चे पर पाकिस्तान से बातचीत की खिलाफत कर रहा है। पाकिस्तान हर साल 5 फरवरी को कश्मीर एकजुटता दिवस मनाता है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में लोग आज भी अपने हक हकूक की लड़ाई लड़ रहे हैं।

# सड़क हादसे में सीयूजे के दो छात्रों की मौत

- शव के साथ घंटों रोड जाम, मांगों पर अड़े लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर।** एन- एच 39 मुख्य पथ पर स्थित निमार्णाधीन मलटोटी पुल के निकट बुधवार सुबह नौ बजे एक सड़क हादसे में सेंट्रल यूनिवर्सिटी (सीयूजे) के दो विद्यार्थियों की मौत मौके पर ही हो गयी। पुल के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवक और युवती को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी ऐश्वर्या और देवदास मंडल के रूप में हुई। दोनों एक बाइक से कॉलेज जा रहे थे। पुलिस ने ट्रक (जे एच 01डीएफ 0384) को कब्जे में और चालक को हिरासत में ले लिया है।



देवदास मंडल।



ऐश्वर्या बसक।

मृतकों में देवदास मंडल (24) जेआरएफ की पढ़ाई कर रहा था। वहीं ऐश्वर्या बसक (23) पीजी, जिओ इनफार्मेटिक्स की छात्रा थी। सीयूजे के पुराने कैंपस से निकलकर दोनों नये कैंपस की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डायवर्सन पार करते समय कोयला लदे ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। सीयूजे के पीआरओ नरेंद्र कुमार ने कहा कि नये कैंपस में सभी छात्रों के लिए हॉस्टल की जगह नहीं है, इसी कारण ब्राम्बे स्थित पुराने कैंपस में पीजी स्कॉलर के छात्रों की रहने की व्यवस्था की गयी है। बस सुविधा उपलब्ध है पर कुछ बच्चे बाइक से ही आना जाना करते हैं। मांडर की ओओ चंचला कुमारी ने कहा कि सड़क पर बैठे छात्रों और ग्रामीणों को छात्रों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। उनकी जो भी मांगे हैं उसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।

### दोहरे हत्याकांड के खिलाफ रोड जाम

उधर नगड़ी के कतरपा गांव में हुई दोहरे हत्याकांड से उत्तेजित लोगों ने बुधवार को सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गयी। वे लोग आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस कर्मियों नेआक्रोशित लोगों को समझा कर जाम हटवाने का प्रयास किया। मंगलवार की रात स्कूटी सवार अपराधियों ने बुधराम मुंडा और मनोज कच्छप की गोली मारकर हत्या कर दी थी। दोनों मृतक चाचा-भतीजा थे।

### शव के साथ घंटों रोड जाम

घटना के बाद गुस्साये लोगों और सीयूजे के छात्रों ने रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ को शव के साथ जाम कर दिया। वे अपने विसी को भी बुलाने की मांग कर रहे थे। जाम के कारण स्कूली बच्चों को भी चार-चार किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ा। उनकी मांग है कि पुल का निर्माण शीघ्र हो, तत्काल यहां एक टीओपी का निर्माण हो। साथ ही वे मौके पर पथ परिवहन मंत्री, उपायुक्त व एसपी को भी बुलाने की मांग कर रहे थे।






# निर्मम प्रहार से ही खत्म होगा आतंकवाद : शाह

## उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बात को दोहराते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार कहा, सुरक्षा एजेंसियों आतंकवाद को उखाड़ फेंकने के लिए निर्मम तरीका अपनायें। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया है। घुसपैठ को पूरी तरह रोकने के लक्ष्य को हासिल कर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का निर्देश दिया। केंद्रीय गृह मंत्री जम्मू-कश्मीर के हालात पर आयोजित उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक में बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियों को घुसपैठ और आतंकी गतिविधियों पर निर्मम तरीके से और कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। आतंकवादियों के अस्तित्व को जड़ से उखाड़ने के लिए निर्मम तरीका ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। शाह ने कहा कि मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का नेटवर्क काफी कमजोर हो गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि नार्को नेटवर्क घुसपैठियों और आतंकियों को उनकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए समर्थन दे रहा है। (शेष 11 पर)

### आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस नीति'



शाह ने आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मोदी सरकार की आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस की नीति' पर जोर दिया। उन्होंने सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए तालमेल से काम करना जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा संबंधी सभी मापदंडों में बड़े सुधार के लिए सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की भी सराहना की। गौरतलब है कि शाह ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा हालास पर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक भी की थी, जिसमें सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, गृह सचिव और गृह मंत्रालय तथा सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे। गृह मंत्री शाह द्वारा बुलाई गई बैठक जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकी घटनाओं के खिलाफ थी।

## खबर एक नजर में

### एनएलयू के मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश, 12 को होगी सुनवाई

**रांची।** नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के विश्वविद्यालय संचालन के लिए सरकार से मांगे गए अनुदान पर 12 फरवरी को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। बुधवार को चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने सरकार को इस मामले पर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई 12 फरवरी को निर्धारित की। नेशनल लॉ यूनवर्सिटी राज्य सरकार से विश्वविद्यालय के लिए अनुदान देने की मांग की है। विश्वविद्यालय का कहना है कि बिना फंड के विश्वविद्यालय का संचालन सही तरीके से नहीं हो रहा है। पूर्व की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया था कि विश्वविद्यालय को शुरू में ही अनुदान दे दिया गया था। अब राज्य सरकार उसे फंड नहीं देगी।

### एसपी राउत बने दक्षिण-पूर्व रेलवे के नागरिक सुरक्षा के वरीय इंस्पेक्टर

**रांची।** रांची रेलमंडल में नागरिक सुरक्षा अनुदेशक संरक्षा विभाग में कार्यरत शक्ति पद राउत दक्षिण–पूर्व रेलवे मुख्यालय में डिप्टी जनरल मैनेजर के अधीन नागरिक सुरक्षा के सीनियर इंस्पेक्टर के पर नियुक्ति हुए हैं। उन्होंने बुधवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। जोनल रेलवे के द्वारा उक्त पद के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें मात्र एक रेलवे कर्मचारी ही उत्तीर्ण हो पाया। इसके तहत एसपी राउत को पूरे जोन इंचार्ज के साथ–साथ चार रेलवे मंडल देखभाल की जिम्मेवारी दी गई है।

### भारत आदिवासी पार्टी का धरना 7 फरवरी को

**रांची।** भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि भारत आदिवासी पार्टी झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में राजभवन के समक्ष 7 फरवरी को दिन के 11बजे से महाधरना का आयोजन किया जायेगा। इस महाधरना के माध्यम से झारखंड में हुबहू पेसा कानून लागू हो एवं आदिवासियों की व्यापक रूप से जमीन लूट के खिलाफ सहित बहरियों को नौकरी देने के खिलाफ सहित अन्य मांगों को रखा जायेगा।

### झारखंड के कांग्रेस नेताओं से कल मिलेंगे राहुल गांधी, खड़गे और केसी वेणुगोपाल

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के नेताओं से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल अब सात को मिलेंगे। झारखंड कांग्रेस के नेताओं से गुरुवार को होनेवाली मीटिंग स्थगित कर दी गयी है। इस बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी डॉ बेला प्रसाद एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अलावा सभी मंत्री और विधायक शामिल रहेंगे।

### सीएम हेमंत मामले में सौंपा गया पुलिस पेपर

**रांची।** पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में कुछ आरोपियों को पुलिस पेपर सौंपा गया। शेष आरोपियों को अगली निर्धारित तारीख को पुलिस पेपर सौंपा जायेगा। अदालत ने इसके लिये 19 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। वहीं, जेल में बंद आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी की गई। जमानत पर चल रह आरोपियों की ओर से अधिवक्ता एवं सशरीर उपस्थित होकर हाजिरी दी। हेमंत सोरेन जमानत पर चल रहे हैं। उनकी ओर से वकील ने हाजिरी दी। मामले में हेमंत सोरेन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाहा, मो इरशाद, तापस घोष और संजीत कुमार ने हाजिरी लगाई।

### जेपीएससी-प्रथम के आरोपियों ने दाखिल की एबीपी

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड आरोपियों ने अदालत की दौड़ शुरू कर दी है। मामले में आरोपी अफसरों अरविंद कुमार लाल, लखीराम बास्की, संजय पांडे, अंजना दास एवं कुमुदिनी टुडू की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के प›ात आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना सुरक्षित आदेश 14 फरवरी को सुनायेगी। आरोपियों ने मामले में गिरफ्तारी के बचने के लिये अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये 1 फरवरी को याचिका दाखिल की है। वहीं, एक और आरोपी सुदर्शन मुर्मू ने बुधवार को अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होगी। मालूम हो कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है।

### दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में फैसला कल

**रांची।** महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या करने से जुड़े मामले में 7 फरवरी को फैसला आयेगा। अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसले की तारीख निर्धारित की है। इस मामले में लक्ष्मण मुंडा, रामचंद्र मुंडा, सुखलाल मुंडा एवं संजय टूटी ट्रायल फेस कर रहा है। दशम फॉल इलाके के जंगल से पुलिस ने अधजली महिला का शव 20 फरवरी 2021 को बरामद किया था। जानकारी मिली थी कि महिला के साथ पहले दुष्कर्म किया गया था और बाद में उसकी गला रेतकर हत्या कर दी गयी थी। आरोपियों ने साक्ष्य छुपाने के लिये शव को पेट्रोल छिड़क कर जला दिया था।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जनजातीय यात्री महाकुंभ के लिए 1500 यात्रियों को किया रवाना

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को रांची रेलवे स्टेशन से 1500 जनजातीय यात्रियों को महाकुंभ प्रयागराज के लिये रवाना किया। यह यात्रा वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा आयोजित की गई थी। श्री सेठ ने सभी यात्रियों पर पुष्पवर्षा की और सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में जनजातीय यात्रियों की महाकुंभ यात्रा भारत की समृद्ध विरासत और आस्था का प्रतीक है।




**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

**आम सूचना**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के राजपत्र अधिसूचना संख्या एस.ओ. 2678(ई). दिनांक 16 जून 2023 और एनएच शुल्क नियम 2008 के नियम 3 के प्रावधानों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए उपयोगकर्ता शुल्क की निम्नलिखित दरें 07.02.2025 से सुबह 8:00 बजे से प्रभावी होंगी। एनएच 39 (पुराना एनएच–75) के संख्या से खजुरी राष्ट्रीय राजमार्ग खंड के उपयोग के लिए गढ़वा जिले (झारखंड) में खंड के डिजाइन किमी 203.000 पर स्थित गढ़देवी शुल्क प्लाजा पर।

| वाहनों का प्रकार | शुल्क भुगतान ट्रैफिक (एकल यात्रा) | शुल्क भुगतान ट्रैफिक दैनिक पास) | शुल्क भुगतान ट्रैफिक (मासिक पास) स्थानीय वाणिज्यिक वाहनों के अलावा, उस जिले में पंजीकृत वाहन जहां प्लाजा स्थित है। | शुल्क भुगतान ट्रैफिक (उस जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहन जहां प्लाजा स्थित है) |
|---|---|---|---|---|
| कार / जीप / वैन या हल्का मोटर वाहन | 55 | 85 | 1890 | 30 |
| हल्का वाणिज्यिक वाहन, हल्का माल वाहन या मिनी बस | 90 | 135 | 3050 | 45 |
| बस या ट्रक (दो एक्सल) | 190 | 290 | 6395 | 95 |
| वाणिज्यिक (तीन एक्सल) वाहन | 210 | 315 | 6975 | 105 |
| एचसीएम या ईएमई या एमएवी (चार से छह एक्सल) | 300 | 450 | 10025 | 150 |
| बड़े आकार के वाहन (7 या अधिक एक्सल) | 365 | 550 | 12205 | 185 |

शुल्क दरें वित्तीय वर्ष 2024–25 लागू.
नोट: वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए शुल्क प्लाजा से 20 किमी. तक की दूरी के भीतर रहने वाले स्थानीय गैर–वाणिज्यिक वाहनों के लिए मासिक पास शुल्क रू0 340.00 रुपये होगी।
कॉलम 6 में उल्लिखित शुल्क दर एकल यात्रा के लिए है और यह उस जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों (राष्ट्रीय परमिट के तहत चलने वाले वाहनों को छोड़कर) के लिए लागू है, जहां शुल्क प्लाजा स्थित है।

परियोजना निदेशक
भा.रा.रा.प्रा. प.का.ई. डाल्टनगंज

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी


## डीजीपी की नियुक्ति पर बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा, कहा

# सुप्रीम कोर्ट की अनदेखी कर अनुराग गुप्ता को बनाया गया डीजीपी, क्रियाकलापों की हो सीबीआई जांच

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को स्वतः संज्ञान लेकर डीजीपी नियुक्ति मामले की सुनवाई करनी चाहिए। श्री मरांडी बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर अनुराग गुप्ता को डीजीपी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट अवमानना मामले में राज्य सरकार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि जनता को धोखे में रखकर हेमंत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का खुलेआम उल्लंघन किया है। राज्य सरकार ने न सिर्फ संविधान की मर्यादाओं को तोड़ा है। बल्कि राज्य की पुलिस प्रशासन व्यवस्था को अपनी राजनीतिक साजिशों का हथियार बना लिया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2006 में प्रकाश सिंह केस की सुनवाई करते हुए निर्देश दिया था कि डीजीपी की नियुक्ति यूपीएससी के अनुशंसित पैनल से होगी। फिर भी हेमंत सरकार ने यूपीएससी को दरकिनार कर अपनी मर्जी से अनुराग गुप्ता को डीजीपी बना दिया। इनका नाम यूपीएससी के अनुशंसित सूची में नहीं था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि जबतक राज्य सरकार कोई नया कानून नहीं बनाती तबतक यूपीएससी की प्रक्रिया से ही नियुक्ति होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 2025 में एक नियमावली बना दिये। जबकि एक्ट अधिनियम पारित नहीं हुआ। कोई भी सरकार पहले एक्ट बनाती है, तब वह रूल्स बनता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री न्यायालय के आदेश पर भी दोहरी नीति अपनाते हैं।अपने को निर्दोष बताने के लिए हाइकोर्ट की टिप्पणियों का सहारा लेते हैं। जबकि दूसरी ओर सत्ता चलाने में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हैं। उन्होंने कहा कि हाइकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के द्वारा न्यायपालिका को कमजोर करने की साजिश की गई है। डीजीपी की अवैध नियुक्ति प्रक्रिया में झारखंड उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश शामिल बताये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता चुनावी कदाचार में लिप्त थे। दो वर्षों तक निलंबित भी रहे हैं। उनके खिलाफ एफआईआर तक दर्ज हुआ। उन्होंने कहा कि इन्हें चुनाव कार्य से भी मुक्त रखा गया था फिर हेमंत सरकार ने ऐसे भ्रष्ट, दागदार और विवादास्पद पदाधिकारी को डीजीपी क्यों बनाया। उन्होने अनुराग गुप्ता को डीजीपी पद से हटाने की मांग की। यूपीएससी द्वारा अनुमोदित सूची से ही डीजीपी की नियुक्ति हो। अनुराग गुप्ता के कार्यकाल की सीबीआइ जांच हो। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने और राज्य में कानून राज स्थापित करने के लिये हर स्तर पर संघर्ष करेगी। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता अजय साह भी थे।

### सभी राज्य सरकारें अपनी मर्जी से करती हैं डीजीपी का चयन : झामुमो

**झामुमो का पलटवार**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा द्वारा डीजीपी नियुक्ति पर उठाए गए सवालों का जवाब झामुमो ने दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राज्य सरकारें अपनी मर्जी से पुलिस महानिदेशक का चयन करती हैं, यह सिर्फ झारखंड में नहीं, बल्कि अन्य राज्यों में भी यही प्रक्रिया है।

**बाबूलाल मरांडी पर तंज :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने बाबूलाल मरांडी पर तंज कसते हुए कहा कि आपको जनादेश विपक्ष में बैठने के लिए मिला है, इसलिए आप उसी भूमिका में रहें। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से बाबूलाल मरांडी पर पलटवार करते हुए कहा कि, आप सुप्रीम कोर्ट की बात करते हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि भाजपा अपने प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति करें। जब आप अपनी पार्टी में एक प्रदेश अध्यक्ष तक नहीं तय कर पा रहे, तो फिर यह सवाल कहां से? बता दें कि झारखंड सरकार ने दो दिन पहले प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता को रेगुलर डीजीपी नियुक्त किया है, जिस पर भाजपा ने पूरी नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। यह सियासी विवाद अब और गहरा सकता है।

### जाली दस्तावेजों पर बैंक से 6.23 करोड़ ऋण लेने के मामले की जल्द सुनवाई का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने फर्जी और जाली दस्तावेजों के आधार पर बैंक ऑफ इंडिया से 6.23 करोड़ रुपए की राशि ऋण स्वीकृत करवा लेने के जुर्म में ढाई साल से अधिक समय से जेल में बंद आरोपी बोंगरा कुमार सिंह (59 वर्ष) की मुकदमे की सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है। यह आदेश उसकी ओर से हाईकोर्ट में दाखिल जमानत याचिका को खारिज करते हुए दिया है, जिसकी अवधि जल्द ही पूरी होने वाली है। हाईकोर्ट ने अधिमानतः नौ महीने के भीतर समाप्त करने का निर्देश दिया है। लेकिन, मामले में सीबीआई को गवाह लाने में परेशानी हो रही है। पिछले दो महीने से मामले में एक भी गवाही दर्ज नहीं की जा सकी है। मामले में सीबीआई ने 69 गवाहों की सूची के साथ चार्जशीट दाखिल की है। सीबीआई ने आरोपी को उक्त आरोप में 30 जून 2022 को जेल भेज दिया था, तब से वह जेल में ही है। निचली अदालत ने दो बार और हाईकोर्ट ने एक बार जमानत देने से इनकार कर चुकी है। मामले में 29 मार्च 2023 को आरोपी पर आरोप गठित किया गया है।

### मुआवजे में जोड़ा गया ब्याज दी गयी राशि का हिस्सा, उसे अलग नहीं कर सकते : हाइकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि भूमि अधिग्रहण के मामलों में राशि और ब्याज रहित राशि के बीच कोई अंतर नहीं है क्योंकि एक बार ब्याज को उस राशि में शामिल कर लिया जाता है, जिसके लिए अवार्ड दिया जाता है तो उसे अलग नहीं किया जा सकता। यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत भूमि अधिग्रहण निष्पादन मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित आदेश रद्द करने के लिए दायर याचिका पर आया, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित निर्णय के आधार पर गणना चार्ट के विरुद्ध डिक्री धारक की गणना पर आपत्ति खारिज कर दी गयी थी।

**याचिकाकर्ता ने अदालत में दिया तर्क :** याचिकाकर्ता ने सुनवाई के दौरान कोर्ट में बताया कि 1 मई 2013 से 31 अगस्त 2020 तक 15% प्रति वर्ष ब्याज के रूप में 3,27,765.12 रुपये का भुगतान करना था। लेकिन बीसीसीएल ने गणना चार्ट तैयार किया, जिसमें 1 मई 2013 से 31 जनवरी 2023 तक 15% ब्याज की गणना केवल 2,75,896.66 रुपये की मूल राशि पर की गयी। इस प्रकार कुल अवार्ड राशि में पहले से अर्जित ब्याज का एक हिस्सा शामिल नहीं है। जबकि ब्याज सहित मुआवजा 6,03,661.78 रुपये हो गया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि उनकी भूमि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) द्वारा अधिग्रहित की गयी और उनके नाम पर अवार्ड तैयार किया गया, इसके बाद याचिकाकर्ता ने भूमि अधिग्रहण न्यायाधीश के समक्ष निष्पादन मामला दायर किया, जिसमें अर्जित ब्याज के साथ बढ़ी हुई दर पर मुआवजे का भुगतान करने का आदेश देने का आग्रह किया गया। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट में हुई।

### झारखंड नगरपालिका सेवा परीक्षा का रिजल्ट हुआ जारी

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड नगरपालिका सेवा प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। आयोग ने बागवनी अधीक्षक, सैनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सैनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक के कुल 19 पदों के परीक्षा परिणाम जारी किये हैं। वहीं शेष पदों के परिणाम जल्द घोषित किये जायेंगे। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

**चयनित अभ्यर्थियों की सूची**
- बागवनी अधीक्षक : 3 अभ्यर्थी
- सैनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर : 5 अभ्यर्थी
- सैनेटरी सुपरवाइजर : 4 अभ्यर्थी
- राजस्व निरीक्षक : 5 अभ्यर्थी
- विधि सहायक : 2 अभ्यर्थी

# कृषि विभाग महिला दीदियों के लिए जल्द ला रही है नयी योजना : शिल्पी नेहा तिर्की

■ पशुपालन भवन में आगामी बजट को लेकर विभागीय मंत्री ने की अधिकारियों के साथ बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आगामी बजट में किसान दीदियों के लिए नई योजना लाने का संकेत दिया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि इस बार के बजट में किसान दीदियों के लिए कुछ खास होगा। विभाग ने इस पर लगभग तैयारी पूरी कर ली है। राज्य में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बाद अगर महिलाओं के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग भी कोई नई योजना की शुरूआत करती है, तो इस पर सबकी नजर रहेगी।

स्थानीय पशुपालन भवन में बुधवार को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आगामी बजट को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। मंत्री बनने के बाद से हर माह कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक हो रही है। इसी क्रम में रांची हेसाग के पशुपालन भवन में बजट को अंतिम रूप देने को लेकर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बैठक की। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग का बजट अंतिम पड़ाव में है। अब कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के बजट को ऑन लाइन कर दिया जाएगा। मतलब विभाग अपने बजट को अब लॉक करने के मुकाम तक पहुंच गई है।

### झारखंड में मौसम फिर लेगा यू-टर्न तापमान में जारी रहेगा उतार-चढ़ाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर से मौसम के यू-टर्न लेने की संभावना है। फरवरी में तापमान का उतार-चढ़वा जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 8 फरवरी के बाद न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ सकती है। इससे पहले सुबह में कोहरा और धुंध के साथ न्यूनतम तापमान में थोड़ी कमी आ सकती है लेकिन दिन में आसमान साफ रहने से तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि हो सकती है।

**रात में तापमान में कमी :** रात में तापमान में कमी आ सकती है, जिससे सुबह और शाम ठंड लगती रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले साल 4 फरवरी 2024 को रांची का अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। वर्ष 2024 के फरवरी में सबसे गर्म दिन 20 फरवरी को था लेकिन इस बार 2 फरवरी को ही रिकॉर्ड टूट गया। उस दिन रांची का अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### भाजपा संगठनात्मक चुनाव को लेकर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा रांची महानगर के अंतर्गत संगठन पर्व, संगठनात्मक चुनाव जिला एवं मंडल टोली की कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी उपस्थित रहीं। उन्होंने पार्टी में कार्यकर्ताओं के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि किसी भी पार्टी का आधार स्तंभ उस पार्टी के कार्यकर्ता होते हैं। कार्यकर्ताओं के दम पर ही पार्टी किसी भी चुनाव में उतरती है। उनका मजबूत और सक्रिय होना पार्टी की मजबूती को दर्शाती है। विधायक सीपी सिंह ने कार्यकर्ताओं को सजग और सतर्क रहने की सलाह दी। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि कार्यकर्ता और पार्टी एक दूसरे के पूरक होते हैं। मौके पर वरूण साहू, गीता कोड़ा, सीमा पासवान, सुनील साहू, ओम प्रकाश, संजीव विजयवर्गीय, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, सुबोध सिंह गुड्डु, राकेश भास्कर आदि थे।

### आज से आम लोगों के लिए खुलेगा राजभवन उद्यान

■ उद्यान में कर सकेंगे सैंकड़ों किस्म के गुलाबों का दीदार

खबर मन्त्र ब्यूरो


फाइल फोटो

**रांची।** राजभवन उद्यान आम लोगों के लिए गुरुवार से 12 फरवरी तक खोला जा रहा है। यह उद्यान लगभग 52 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है और इसमें सैकड़ों किस्म के 20 हजार से अधिक गुलाब के फूल हैं।

**उद्यान में प्रवेश के नियम :** कोई भी व्यक्ति राजभवन के गेट नंबर दो से सुबह 10 बजे से दिन के एक बजे तक प्रवेश कर सकता है। प्रवेश आवश्यक जांच के बाद ही मिलेगा। सभी आगंतुकों को अपना परिचय पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा।

**उद्यान की आकर्षक विशेषताएं :** उद्यान में कृत्रिम ऑक्टोपस, कृत्रिम पहाड़ के झरने, दीवारों पर बने सोहराय पेंटिंग्स, महापुरुषों और शहीदों की प्रतिमा, युद्ध में उपयोग किये गये टैंक, विशालकाय चरखा, एमआइजी 21 विमान, पीला बांस, रुद्राक्ष, कल्पतरू, स्ट्रॉबेरी, इलाइची, तेजपत्ता, संतरा, मौसमी, सेब, चौकू, काजू, जामुन, कपूर, लेमन ग्रास, चंदन, लौंग, दालचीनी आदि के पेड़ हैं।

**उद्यान के अन्य आकर्षण :** परिसर में फूलों-झानों उद्यान, नौ म्यूजिकल फव्वारा, महात्मा गांधी औषधीय उद्यान, गुरु गोविंद सिंह वाटिका, ऑर्किड गाउँन, अशोक उद्यान, अकबर गार्डेन, बुद्धा गार्डेन, मूर्ति गार्डेन, बिरसा मंडप, लोटस ब्रिज आदि देखने योग्य है। बच्चों को मन लगाने के लिए चिल्ड्रेन पार्क भी है।

## उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया जा रहा आयोजन

# झारखंड की संतोषी चुनी गयी 38वें नेशनल गेम में जज टेक्निकल ऑफिशियल

■ योग और मल्लखंब भी राष्ट्रीय खेलों में शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय, स्कूल ऑफ योग की सहायक प्राध्यापिका संतोषी कुमारी का चयन 38वें नेशनल गेम्स में जज टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में किया गया है। 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून में किया।

इस वर्ष के राष्ट्रीय खेलों में 36 राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश भाग ले रहे हैं। 17 दिनों में 35 खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें 35 खेलों के लिए पदक दिए जायेंगे। योग और मल्लखंब को भी राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया गया है। इस आयोजन में देश भर से 10,000 से अधिक एथलीट भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन भारत सरकार के योगासन भारत के तत्वावधान में उत्तराखंड के अल्मोड़ा के सुंदर वादियों के बीच आयोजित किया जा रहा है। इसमें मुख्यतः 5 इवेंट शामिल किए गए है, ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक, रिद्मिक है। जिसमें प्रतिभागी एकल, जोड़ी और ग्रुप में भाग ले सकते हैं।

इसी क्रम में संतोषी का चयन झारखंड राज्य से किया गया है। इससे पहले भी कई राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता, खेलो इंडिया, में जज की भूमिका में रह चुकी हैं। संतोषी एनआईएस पटियाला से जज लेवल 3 पास की है। पिछले वर्ष 2024, गोवा नेशनल गेम्स में बेस्ट टेक्निकल ऑफि सर के लिए उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य और योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य द्वारा अवार्ड दिया गया था। इस उपलब्धि के लिए रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, रजिस्ट्रार डॉ गुरुचरण साहु, स्कूल ऑफ योग की डायरेक्टर डॉ मधुलिका वर्मा, योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के माननीय सेक्रेटरी श्री विपिन पांडे, कोषाध्यक्ष मनोज तिवारी, पेट्रोन ईश्वर चंद, डॉ. एस के घोसल, प्रशांत कुमार, चैताली मुखर्जी, पूजा सिंह, समाज सेवी, गौरव अग्रवाल शंकर राणा, मनीष कुमार, खिलेश कुमार, मलय दे, सुधा झा और संघ के सभी सम्मनित सदस्यों ने बधाई दी है।

# राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी पर जिला प्रशासन ने की बैठक




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 14-15 फरवरी 2025 को प्रस्तावित रांची परिभ्रमण कार्यक्रम की तैयारी से संबंधित बैठक की। बैठक में उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक, नगर राजुकमार मेहता, अनुमण्डल दण्डाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, अपर समाहर्त्ता रामनारायण सिंह एवं अन्य पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में मंजूनाथ भजंत्री ने राष्ट्रपति के परिभ्रमण कार्यक्रम की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित सभी पदाधिकारियों कोदिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार समय पर सारी तैयारियां सुनिश्चित करें। एयरपोर्ट, राजभवन एवं कार्यक्रम स्थल के लिए नोडल पदाधिकारियों एवं सहायक नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का भी निर्देश दिया गया। बैठक में राष्ट्रपति के परिभ्रमण कार्यक्रम के प्रस्तावित मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने, अव्यवस्थित बिजली के खंभों एवं तार को व्यवस्थित करने, गड्ढों को भरने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। राष्ट्रपति के आवागमन मार्ग पर सभी ऊंचे भवनों एवं संवेदनशील स्थानों की पहचान कर सुरक्षा मुहैया कराने के लिए निर्देशित किया गया।

### बीआइटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली की होंगी मुख्य अतिथि

**रांची।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 15 फरवरी को बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली की मुख्य अतिथि होंगी। संस्थान अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान एवं तकनीकी इनोवेशन के 70 वर्षों का जश्न मना रहा है। इस आयोजन में गणमान्य दिग्गज, नीति निर्माता, अकादमिक दिग्गज तथा संस्थान के एल्युमनाई भी शामिल होंगे, जो आज दुनिया भर में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

## मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा को लेकर निर्धारित केन्द्रों के केन्द्राधीक्षकों के साथ बैठक

# कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन सुनिश्चित करें : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में बुधवार को माध्यमिक एवं इंटरमीडियट परीक्षा को लेकर निर्धारित केन्द्रों के केन्द्राधीक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने सभी केन्द्राधीक्षकों को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजित करने को लेकर निर्देश दिये गये। उन्होंने विशेष रूप से कहा की परीक्षार्थी किसी भी परिस्थिति में कदाचार नही करें, ऐसा करते हुए पाए जाने पर झारखंड परीक्षा संचालन निर्देशिका एवं झारखण्ड परीक्षा संचालन



अधिनियम, 2001 का सख्ती से पालन करते हुए कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने विशेष रूप से सम्बंधित केन्द्राधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा की परीक्षा की व्यवस्था इस कदर की जाय कि सभी परीक्षार्थी तनाव मुक्त वातावरण में परीक्षा दें पाए।

बैठक में मुख्य रूप से प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, रांची सदर सीमा कुमारी, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, माण्डर तरसीला केरकेप्ता, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सोनाहातू, शांतिमुनी तिर्की, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बुण्डू जयमंगल लोहरा एवं परीक्षा प्रभारी अरूण कुमार उपस्थित थे।

### 11 फरवरी से तीन मार्च 2025 तक होगी परीक्षा

वार्षिक माध्यमिक/इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 दिनांक 11.02.2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 03.03.2025 तक संचालित होगी। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा प्रथम पाली में प्रात: 09:45 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक संचालित होगी। जबकि वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा द्वितीय पाली में अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे अपराह्न तक संचालित होगी। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 के संचालन के लिए रांची जिला में कुल 102 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिनमें कुल 35213 परीक्षार्थी भाग लेंगे। इंटरमीडिएट परीक्षा, 2025 के संचालन के लिए रांची जिला में कुल 57 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिनमें कुल 38497 परीक्षार्थी भाग लेंगें। जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची विनय कुमार ने केन्द्राधीक्षकों के उठाये गये सभी प्रश्नों का बिन्दुवार उत्तर देते हुए कदाचारमुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने की अपील की।

## महाशिवरात्रि को लेकर पहाड़ी मंदिर विकास समिति के साथ जिला प्रशासन ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 26 फरवरी को महाशिवरात्रि त्योहार के सफल संचालन को लेकर बुधवार को जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक सहित अन्य संबंधित पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्य थे।

बैठक में मंदिर में पूजा प्रारंभ होने, सरकारी पूजा शुरू एवं समाप्त होने, भक्तों के लिए मंदिर खोलने के समय, भक्तों के मंदिर में प्रवेश एवं निकास, साज-सज्जा, सामान्य बिजली से संबंधित कार्य सहित त्योहार के दृष्टिकोण से किए जाने वाले कार्यों को लेकर मंदिर समिति के सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया गया। साथ ही मंदिर विकास समिति के सदस्यों के सुझाव भी लिये गये। प्राप्त सुझावों पर भजंत्री ने बैठक में ही संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मंदिर समिति से गर्भ गृह में शिफ्ट के अनुसार सदस्यों को प्रतिनियुक्त करने को कहा ताकि श्रद्धालु सुगम तरीके से जलाभिषेक कर पायें। बैठक के दौरान पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों के साथ शहर के प्रमुख इलाकों में शिव बारात झांकियों और इससे संबंधित तैयारी को लेकर भी चर्चा की गयी। शिव बारात के अपने गंतव्य स्थान से निकलने को लेकर आवश्यक तैयारी, मंच निर्माण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारी को अंतिम रुप दिया गया। उपायुक्त ने शिव बारात के लिए प्रशासनिक स्तर से पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया, जो शिव बारात में उपयोग में लाये जानेवाले वाहनों एवं चालकों की आवश्यक जांच करेंगे। शिव बारात के रूट पर साफ-सफाई, ट्रैफिक सहित अन्य व्यवस्था को लेकर भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।

## आरयू के स्कूल ऑफ योग में नि:शुल्क योग शिविर का शुभारंभ


**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ योग में बुधवार को समग्र स्वास्थ्य पर 15 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलन कर किया। विभाग की निदेशक डॉ मधुलिका वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया। उन्होंने योग की महत्ता और शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य प्राप्ति में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने योग के अपने अनुभवों को साझा करते हुए सभी प्रतिभागियों को अपने दैनिक जीवन में इसे अपनाने के लिए कहा। सीवीएस की डिप्टी डायरेक्टर डॉ स्मृति सिंह ने समग्र स्वास्थ्य प्राप्ति में योग को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी को योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ बीबी रॉय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समापन वृक्षारोपण के माध्यम से किया गया।

# एचइसी की मौजूदा स्थिति पर संसदीय कमेटी ने एक माह में मांगी पूरी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एचईसी के रिवाइवल के मामले पर संसदीय कमेटी ने एचईसी से कंपनी की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एचईसी प्रबंधन को एक माह के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है। इसमें एचईसी के लगातार घाटे में रहने के कारण, कमर्चारियों की औसत आयु और एचईसी को अब तक मिले पैकेज की जानकारी मांगी गई है। पिछले दिनों दिल्ली में संसदीय कमेटी ने बैठक की थी। इसमें एचईसी की ओर से कई बिंदुओं पर सटीक जानकारी नहीं दी जा सकी थी। इस कारण कमेटी ने एक माह का समय देते हुए रिपोर्ट भेजने को कहा है। एचईसी से समिति ने कार्यशैली में किस तरह बदलाव किया गया है, तकनीक और मशीनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी मांगी है। एचईसी की स्थिति में लगातार गिरावट की वजह की जानकारी भी मांगी गई है। वर्ष 1966 में कर्मचारियों की औसत आयु और वर्तमान औसत आयु का ब्योरा भी संसदीय कमेटी ने मांगा है।

### रिपोर्ट भेजने की तैयारी में जुटे सभी कर्मचारी



एचईसी के कर्मचारी कमेटी को रिपोर्ट भेजने में जुट गए हैं और लगातार आंकड़े जुटाए जा रहे हैं। एचईसी की किन-किन क्षेत्रों में विशिष्टता है। इसके लिए उसने अब तक कितना काम किया है और किस क्षेत्र से कितना वर्क ऑर्डर मिलता रहा है, इसकी भी जानकारी कमेटी को दी जाएगी। स्टील, कोल, रेलवे, अंतरिक्ष और रणनीतिक क्षेत्र के लिए एचईसी क्या-क्या कर सकता है और अब तक उसने कितने उपकरण तैयार किए हैं, इसकी भी जानकारी दी जाएगी। एचईसी के मिले पैकेज के बाद की स्थिति और राशि कैसे कैसे खर्च की गई, इस पर भी रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

### सांसदों ने एचइसी के पुनरूद्धार का किया है आग्रह

राज्यसभा सांसदों ने संसदीय कमेटी को याचिका दायर एचईसी का पुनरूद्धार करने का आग्रह किया गया है। इस पर कमेटी बैठक कर रही है जानकारी मांगी है। बता दें कि एचईसी कामकारों का 27 माह से वेतन बकाया है। कंपनी के पास कार्यशील पूंजी नहीं है। कई कायार्देश समय पर पूरे नहीं होने के कारण रद्द कर दिए गए हैं। प्लांटों की कई मशीनें बंद हैं। स्थापना के बाद से एचईसी के प्लांटों का आधुनिकीकरण नहीं हुआ है।

## खबर एक नजर में

### जैन समाज का प्रतिनिधिमंडल शिबू सोरेन से मिला



**रांची।** जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राकेश जैन ने किया। इस अवसर पर जैन समाज से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बताया गया कि आगामी 9 जनवरी को नोखा में आयोजित होने वाले राम गुरु जी की 50वीं दीक्षा दिवस पर आमंत्रित किया गया। जैन समाज ने समता भवन के लिए भूमि आवंटन की मांग की। व्यापारियों की सुरक्षा, समाज के व्यापारिक वर्गों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा के क्षेत्र में महावीर स्वामी के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए सरकार से सहयोग भी मांगा। शिबू सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों पर आश्वासन दिया कि वे इन विषयों पर संबंधित अधिकारियों और सरकार से गंभीरतापूर्वक चर्चा करेंगे। इस अवसर पर अशोक सुराणा, उत्तम चौराया, उत्तम कोठारी, जयकुमार जैन, संयम जैन, श्रीराम, राहुल उपस्थित थे।

### मछली घर में उद्यान मेला आज से 12 फरवरी तक

**रांची।** मछली घर में 6 से 12 फरवरी तक उद्यान मेला का आयोजन किया जा रहा है। मछली घर के प्रबंध निदेशक प्रतुल शाह देव ने बताया कि राजभवन के गार्डन आम जन के लिए खोलने के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है। दिनभर जादूगर का शो चलता रहेगा। उन्होंने बताया बच्चों के लिए विशेष झूले मंगाये गये हैं। लोग दुनिया भर की रंग बिरंगी मछली की प्रजातियों को देखने का आनंद उठा सकते हैं। अनेक फूड स्टॉल भी लगाये गये हैं। राज भवन के गार्डन के फूलों की खींची सर्वश्रेष्ठ तस्वीर पर प्रतिदिन इनाम भी मिलेगा। इसके लिए लोगों को मछली घर में बने स्कैन बूथ में जाकर मोबाइल से स्कैन कर तस्वीरें को अपलोड करना होगा।

### धूमधाम से सरस्वती मां की प्रतिमा का विसर्जन

**रांची।** मां सरस्वती की पूजा के तीसरे दिन बुधवार को माता की प्रतिमा का विसर्जन पूरे धूमधाम के साथ किया गया। स्कूल-कॉलेज, शिक्षण संस्थानों के अलावा पूजा समितियों द्वारा पंडालों में स्थापित माता की प्रतिमा का विसर्जन भी किया गया। मौके पर श्रद्धालु गानों की धुन पर माता की प्रतिमा विसर्जन के लिए ले जाते नजर आए। इस दौरान प्रतिमा को लेकर छात्राओं की टोली अबीर-गुलाल उड़ाते हुए उत्साह के साथ निकली। विसर्जन को लेकर सबसे अधिक उत्साह छात्राओं में नजर आया।

### मौसम विज्ञान डेटा संग्रह और विश्लेषण पर संगोष्ठी

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज के भूगोल विभाग ने आईक्यूएसी के सहयोग से बुधवार को मौसम विज्ञान डेटा संग्रह और विश्लेषण पर एक दिवसीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अभिषेक आनंद उपस्थित रहे, जिन्होंने उन्नत मौसम विज्ञान तकनीकों और उनके वास्तविक अनुप्रयोगों पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। संगोष्ठी की शुरूआत प्राचार्य फादर डॉ. रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एस.जे. उपस्थिति थे। साथ ही डॉ. राजीव रंजन श्रीवास्तव, डॉ. संदीप चंद्र, श्रीमती एंजेलीन टोप्पो, श्री गॉडविन परेरा और सुश्री उत्कर्षा जैसी प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों ने अपनी सक्रिय भागीदारी से इस सत्र को अधिक प्रभावी और ज्ञानवर्धक बनाया। इस कार्यक्रम में कुल 85 विद्यार्थी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# विद्यालय के विकास मद का बिल पास नहीं, हेडमास्टर को तगादा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्राथमिक और मध्य विद्यालय को विद्यालय विकास अनुदान और मरम्मत के लिए पीएफएमएस के माध्यम से राशि आवंटित की जाती है। इस आवंटित राशि से विद्यालय की अति आवश्यक मद में खर्च की जाती है। वर्तमान में विद्यालय को ऑनलाइन राशि आवंटित हुई है। इस राशि को वेंडर के माध्यम से उनके बैंक खाता में भुगतान की जाती है। वर्तमान में विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा रंग रोगन, मरम्मति शौचालय सफाई आदि सहित आवश्यक संसाधन पर खर्च किया गया। उन्होंने कहा कि अब प्रखण्ड द्वारा पीएफएस के माध्यम से भुगतान नहीं किया जा रहा है। कहा जा रहा है की इस मद में बैंक के पास राशि का अभाव है, जबकि विद्यालय की आईडी में राशि दिखाई दे रही है। प्रधानाध्यापक असमंजस में है। जरुरत और आवश्यकतानुसार काम करा लिया है। दुकान से सामग्री की क्रय भी कर लिये हैं। पेमेंट के लिए पोर्टल पर वाउचर को ऑनलाइन अपलोड भी कर दिया गया है इस के बावजूद बिल पास नहीं किया जा रहा है। मजदूर प्रतिदिन के लिए मजदूरी राशि भुगतान के लिए तगादा और किचकिच से हेडमास्टर परेशान है। एक दिन छोड़ छोड़कर काम के एवज में पैसा मांगने विद्यालय आ जाते हैं। उनसे बचने के लिए हेडमास्टर छुट्टी में जा रहे हैं।

शिक्षकों का कहना है की जल्दी से राशि की निकासी नहीं होने पर मार्च के बाद राशि लेप्स कर जाती है और अंतिम समय में सर्वर डाउन भी हो जाती है। ऐसे में शिक्षक असामंजस में है क्या करें और ना करें क्योंकि शिक्षकों के द्वारा राशि खर्च कर दिया गया है और विभाग भुगतान कर नहीं रहा है। प्रखंड के लेखा पदाधिकारी भी अफसरी दिखने में कमी नहीं करते है राशि भुगतान को लेकर कोई खास उत्साह नहीं दिखाते और कमीशन के चक्कर में बिल को लटकाते हैं।

## ब्रम्हाकुमारी संस्थान में सरस्वती पूजा संपन्न



**रांची।** ब्रम्हाकुमारी संस्थान कांके पिठौरिया में तीन दिवसीय सरस्वती पूजा का समापन बुधवार को हो गया। इस अवसर पर मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की गयी। चैतन्य झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने पूजा और आरती की और मां सरस्वती के दिव्य संदेश को भी समझा। इस अवसर पर संस्था कि संचालिका बी के राजमती ने कहा कि ज्ञान के सगार से मोती चुनने का समय है। मां सरस्वती के हंस की तरह गुण ग्राही बनने की सीख भी दी है। इस अवसर पर ऊर्मिला देवी, लीला देवी समेत कई लोग थे।

## मारवाड़ी कॉलेज में मनी स्व गंगा प्रसाद बुधिया की 121वीं जयंती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मारवाडी महाविद्यालय प्रांगण में बुधवार को कॉलेज के संस्थापक स्व गंगा प्रसाद बुधिया जी की 121वीं जयंती मनाई गयी। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मारवाड़ी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ जावेद अहमद ने कहा कि आज के समय में गंगा बाबू के जीवन से शिक्षा लेकर काम करने की प्रेरणा लेने के लिए ही हमलोग उनकी जयंती मना रहे हैं। सादा जीवन उच्च विचार की भावना से उन्होंने इस कॉलेज का निर्माण कराया, जिसमें 18 से 20 हजार छात्र-छात्रा पढ़ रहे है। यहां से पढ़े लोग पूरे विश्व में कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। मारवाडी शिक्षा ट्रस्ट के सचिव अरुण बुधिया ने अपने उद्गार व्यक्त किए। महाविद्यालय के संकायध्यक्ष तरुण चक्रवर्ती, परीक्षा नियत्रक उमेश कुमार, अनुभव चक्रवर्ती, अवध कुमार सहित कई लोगों ने गंगा बाबू के सत कार्यों की चर्चा की एवं उन्हें जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

एलूमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव मित्तल, सचिव शुभम मंत्री, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कॉलेज के पूर्व प्राचार्य, बुधिया परिवार की वरिष्ठ महिला शारदा बुधिया एवम अरुण बुधिया को शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल, पवन मंत्री, रजनी बुधिया, अर्जुन जालान, विश्वजीत बोस, हरबिंदर सलूजा, सुरेश जैन, पवन शर्मा, सतनाम कौर, सुनीता आदि थे।

## रक्षा राज्य मंत्री ने कहा- एक कंप्यूटर में उपलब्ध होंगी दुनिया की सभी पुस्तकें

# रांची में शीघ्र खुलेगी नमो ई-लाइब्रेरी और साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर : संजय सेठ

■ साइबर क्षेत्र में युवाओं को बनाया जायेगा स्किल्ड




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में डिजिटल ई लाइब्रेरी व साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर खोलने की घोषणा की है। श्री सेठ बुधवार को अरगोड़ा स्थित सांसद कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं को दुनिया भर की सभी पुस्तक और पाठ्य सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध कराई जायेगी। इसके साथ ही साइबर सिक्योरिटी से जुड़े कई स्किल डेवलपमेंट के कार्यक्रम भी चलाये जायेंगे। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने के उद्देश्य के साथ ई लाइब्रेरी और साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर का शुभारंभ किया जा रहा है। नमो ई-लाइब्रेरी और साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर मेरी पहल पर साइबर पीस फाउंडेशन और समुदाय के संयुक्त प्रयास से स्थापित की जा रही है। इसका उद्देश्य है कि तकनीकी शिक्षा और साइबर स्किल - सुरक्षा के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि यह डिजिटल लाइब्रेरी पूरी तरह से समुदाय के हर वर्ग को समर्पित रहेगी। जहां ई-पुस्तक, ऑडियो बुक, कई शोध पत्र, शैक्षणिक पत्र पत्रिकायें उपलब्ध हो सकेंगी। यहां कई पुस्तकें ऑफलाइन भी उपलब्ध रहेंगी। दुनिया की सभी पुस्तकों का ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन लिया जायेगा। डिजिटल स्किलिंग सहित कई प्रकार के ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाये जायेंगे। महीने में एक बार एक परिचर्चा सत्र आयोजित होगा। जहां साइबर, ऑनलाइन शिक्षा, ज्ञान विज्ञान के प्रसार संबंधित कई विषयों पर जानकारी दी जायेगी। यह केंद्र झारखंड के युवाओं को उनकी वास्तविक क्षमता को पहचानने और सकारात्मक दिशा में उनका मार्गदर्शन करने का कार्य करेगा। झारखंड की चुनौतियों को सकारात्मक ऊर्जा में बदलना इस केंद्र का मुख्य लक्ष्य है।

संजय सेठ की पहल पर नमो बुक बैंक का संचालन विगत 5 वर्षों से किया जा रहा है। इसके तहत 3 लाख से अधिक पुस्तक विद्यार्थियों के बीच निः शुल्क वितरित की गई है। कोल इंडिया के द्वारा रांची में एक साथ 5000 विद्यार्थियों को बैठने की क्षमता वाले पुस्तकालय का निर्माण भी मोराबादी में किया जा रहा है।

# गांवों से शहर तक पार्टी को मजबूत करना ही सदस्यता अभियान का उद्देश्य : झामुमो

## झामुमो रांची जिला के रातु और कांके प्रखंड संयोजक मंडली का गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार रांची जिला संयोजक मंडली का प्रखंडों मे दौरा सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम के क्रम में बुधवार को रातु प्रखंड की बैठक रातु काठीटांड़ चौक के समीप और कांके प्रखंड की बैठक चुटू पंचायत रिंग रोड कांके मे झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता ने किया।

बैठक मे झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली ने सर्वसम्मति से प्रखंड स्तरीय संयोजक मंडली का गठन किया। झामुमो कांके प्रखंड संयोजक प्रमुख जावेद अख्तर अंसारी और रातु प्रखंड संयोजक बेलाल अंसारी को बनाया गया। इसके साथ ही रातु प्रखंड संयोजक सदस्य रामनंदन महतो, दिनेश तिग्गा, कमरुल हक, प्रदीप किस्पोप्ता, कलीम अंसारी, असलम अंसारी, राजेंद्र मिर्धा, अनीता टोप्पो, आर्यमन राम, वीरेंद्र साहू, परवेज आलम, जाबिर अंसारी, बबलू मिंज, अमन साहू, शाहनवाज खान, अनूप गोप, शिल्पा कुमारी, जाबिर अंसारी, सुमन राय, आसिफ मंसूरी, सावन गाड़ी, कृष्णा कुमार, ममता देवी, दशमी तिग्गा, तबरक खान, सरोज खान, जितनंदन महतो, मीरा देवी को बनाया गया एवं कांके प्रखंड संयोजक सदस्य रवि बारला, मो असलम, सागर मुंडा, रामसेवक महतो, नवीन तिर्की, नवाजिश आलम, फलिंद्र मुंडा, मो चांद, बसंत महतो, सबीबुल रहमान, सज्जाद अंसारी, शहदेव मुंडा, अख्तर मंसूरी, रंथू उरांव, शहाबुद्दीन अंसारी, बाबूलाल महतो, मो मजहर, कलीम खान, सीताराम मुंडा, रंजन पाहन, हनीफ अंसारी, कजरू मुंडा, शंकर उरांव, मोतीलाल उरांव, नयुम अंसारी, अंजलि अंजन हांसदा, मजीदन खातून, रवि बिन्हा, सुभान खान, सरस्वती उरांव, नसीम अंसारी, दीपक बिन्हा, महादेव करमाली, लालू नायक को बनाया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि नवगठित प्रखंड संयोजक मंडल पंचायतों का गठन केंद्रीय नेतृत्व द्वारा तय समय सीमा मे कर जिला संयोजक मंडली को सूचित करेंगे।

बैठक में संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडिया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, धर्मेंद्र सिंह, बीरू तिर्की, नयनतारा उरांव, झब्बूलाल महतो, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा और समनूर मंसूरी, बीरू साहू, आफताब आलम, कलाम आजाद, महावीर विश्वकर्मा, मंटू लाला, सुजीत कुजूर, विलयम रिचर्ड लकड़ा, महादेव मुंडा, संजय राय, लालजय कुमार नाथ शहदेव, अंशु लकड़ा, रमेश साहू, नागेश्वर महतो, बबलू राम, हनीफ अंसारी, बुढ़मू प्रखंड संयोजक प्रमुख भुनेश्वर साहू, शमीम मंसूरी आदि शामिल हुए।

# रांची विवि का पहला स्पोर्ट्स- कल्चरल कान्वोकेशन आज, 11 को मिलेगा गोल्ड

- कान्वोकेशन को लेकर किया गया रिहर्सल, पहले स्पोर्ट्स कान्वोकेशन को लाइव भी देख सकेंगे
- आरयू के वेबसाइट पर यूट्यूब लिंक उपलब्ध कराया गया है




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पहले खेल और सांस्कृतिक दीक्षांत समारोह के लिये रांची विश्वविद्यालय में जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। गुरुवार को अयोजित कान्वोकेशन को लेकर बुधवार को कुलपति प्रो. डा. अजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बुधवार को पूरी तैयारियों का जायजा लिया गया। पहले कान्वोकेशन को यूट्यूब पर लाइव प्रसारित करने का भी इंतजाम किया है। इसके लिये लिंक रांची विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। आरयू के इस प्रथम आयोजित स्पोर्ट्स कान्वोकेशन ड्रेस कोड में महिला खिलाड़ियों के लिये सफेद लाल पाढ़ साड़ी तथा पुरूषों के लिये सफेद शर्ट और ब्लू पैंट है। बुधवार को सभी को ब्लेजर तथा आइकार्ड एमएमटीसी दे दिया गया है। इसके लिये शमीम अहमद, विकास वर्मा, अनिल कुमार को नियुक्त किया गया है। पहली बार हो रहे इस दीक्षांत समारोह कुल सत्र 2022-23 तथा 23-24 के लिये 156 पदक दिये जायेंगे। इसमें 11 स्वर्ण, 82 रजत तथा 63 कांस्य पदक खिलाड़ियों को दिये जायेंगे।

मुख्य अतिथि महामहिम सह कुलाधिपति संतोष गंगवार के आगमन पर स्वागत तथा मार्चपास्ट की तैयारियों की रिहर्सल की गयी। मार्चपास्ट में शामिल होने वाले सभी लोगों के लिये ड्रेस में पगड़ी और पट्टा शामिल किया गया है। कुलपति डा. सिन्हा ने स्वयं स्टेज की साज सज्जा, स्वागत गीत, संचालन, ड्रेस कोड समेत प्रत्येक तैयारियों को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आज हो रहे रांची विश्वविद्यालय के पहले खेल तथा सांस्कृतिक दीक्षांत समारोह को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिये कुलपति डा. सिन्हा ने अथक प्रयास किये हैं और इसके लिये डीएसडब्ल्यू डा. एसके साहु, कुलसचिव डा. जीसी साहु, डीआर वन डा. प्रीतम कुमार, परीक्षा नियंत्रक डा. विकास कुमार, वोकेशनल के निदेशक डा. मुकुंद मेहता, उपनिदेशक डा. स्मृति सिंह समेत आरयू के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कर्मचारीगणों की टीम ने पूरी तैयारी की है।

## एनएसयूआई ने किया मास कॉम के निदेशक की नियुक्ति का विरोध

- रजिस्ट्रार से मिलकर सौंपा ज्ञापन, हटाने की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एनएसयूआइ कार्यकर्ताओं ने बुधवार को रांची विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ गुरु चरण दास के समक्ष विवि प्रशासन पर धांधली एवं घूसखोरी का आरोप लगाया है। राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद ने मास कम्युनिकेशन के नये निदेशक की नियुक्ति प्रक्रिया पर तीखा हमला बोला है। कहा है कि बसंत कुमार झा, जो कि मास कम्युनिकेशन के नये निदेशक नियुक्त किए गये हैं। वह अयोग्य हैं। उनके पास पीएचडी की डिग्री नहीं है। उन्होंने जिस प्राइवेट विश्वविद्यालय से अपनी शिक्षा दीक्षा प्राप्त की है और उस विश्वविद्यालय पर यूजीसी द्वारा डिग्री बांटने का आरोप है। वो विश्वविद्यालय हमेशा विवादों से घिरा रहा है। यूजीसी के



नियमानुसार निदेशक बनने के लिए एसोसिएट प्रोफेसर होना अनिवार्य है। इसका रांची विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उल्लंघन किया गया है। रांची विश्विद्यालय ने अपने नोटिफिकेशन में जो कहा था, वो उसका ही पालन नहीं किया।

रांची विश्वविद्यालय ने जो विज्ञापन दिया था। उसमें पात्रता के रूप में इंगित किया गया था कि निदेशक के लिए एसोसिएट प्रोफेसर का होना आवश्यक है, जिसके पास 5 वर्ष का अनुभव हो। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि बसंत कुमार झा के पास न तो पीएचडी की डिग्री है और न ही यूजीसी द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार एसोसिएट प्रोफेसर बनने की पात्रता है। और इससे भी दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि जिस विश्वविद्यालय का इन्होंने कार्य अनुभव दिखाया है। उस विश्वविद्यालय पर यूजीसी ने नियमों की अवहेलना करते हुए फर्जी डिग्री बांटने के आरोप में विश्वविद्यालय पर प्रतिबंध लगा दिया है और ब्लैकलिस्ट कर दिया।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन रांची विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग करता है कि अविलंब इनको हटाया जाये एवं दोबारा से इंटरव्यू कर नये निदेशक की नियुक्ति की जाये। कुलसचिव ने इस पर कोई सटीक जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ठीक है, हम इस मामले को देखते हैं। जिस टाइम नियुक्ति प्रक्रिया चल रही थी, उस समय हम पीजी विभाग में प्रोफेसर थे। मौके पर प्रदेश सचिव पवन कुमार, युवा कांग्रेस नेता अब्दुल रहमान, कार्यालय प्रभारी हुसैन अंसारी, छात्र नेता गुलशन सिंह आदि उपस्थित थे ।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा रिया उपाध्याय का गुजरात स्टीम क्विज 3.0 में शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची की ग्यारहवीं की छात्रा रिया रोशन उपाध्याय ने गुजरात सरकार द्वारा आयोजित साइंस एंड टेक्नोलॉजी 'स्टीम क्विज 3.0' में स्कूल के साथ-साथ पूरे राज्य का नाम रौशन किया।

इस प्रतियोगिता में पूरे देश के सभी राज्यों से लगभग 12 लाख विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें पहले राउंड में 1200 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। झारखंड राज्य से कुल चार विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की जिसमें ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा रिया रोशन उपाध्याय ने पहला स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए



इन्हें गुजरात सरकार की ओर से एक सैमसंग का टैब तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ग्रांड फिनाले प्रतियोगिता 1 फरवरी 2025 को आयोजित की गई थी उसमें 1200 सफल विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया जिसमें सुश्री रिया ने पूरे देश में 5वां स्थान प्राप्त किया।

इस उपलब्धि के लिए इन्हें गुजरात सरकार की ओर से एक डी.टी.वाई ड्रोन टूलकिट तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता ने रिया को उनकी सफलता की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठोर परिश्रम से किसी भी कार्य में सफलता हासिल की जा सकती है। इनसे सभी विद्यार्थियों को सीख लेते हुए आगे आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु उन्होंने प्रोत्साहित किया। उन्होंने रिया के माता-पिता को भी बधाई दी।

विद्यालय के प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर ने इन्हें प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अनेकानेक शुभकामनाएं दी। इस उपलब्धि पर समस्त विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## देश को इंडियन टीचर्स सर्विस की जरूरत : पंकज मिश्र

- विकसित भारत के लिए शिक्षा ही अहम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने कहा कि देश को अब इंडियन टीचर्स सर्विस (आइटीएस) की जरूरत है। आइएएस, आइआरएस, आएफएस, आइईएस सहित अनेक सेवाओं का लाभ देश ले रहा है। मगर विश्व स्तर पर भारत अब भी उस मुकाम को हासिल करने में असफल रहा है। इसका मूल वजह शिक्षा के क्षेत्र में हमारा पीछे रहना है। विश्व में भारत का 105वें स्थान पर रहना चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि यूडीआइएसइ और एसडीएमएस (स्टुडेंट डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम) के संयुक्त रिपोर्ट में यह बात स्पष्ट है



कि विश्व स्तर पर 15 वर्ष से अधिक उम्र के छात्रों का औसत 86.3 फीसद है। जबकि भारत का 76.32 फीसद है। विश्व में कई देशों का शिक्षा दर सौ फीसद तक है। बड़ी जनसंख्या वाला देश होने के बाद भी चीन का शिक्षा दर 99.9 फीसद होना उसके विकास के मार्ग को प्रशस्त करता है। फिनलैंड, नार्वे, लक्जमबर्ग में यह आंकड़ा सौ फीसद तक है।

श्री मिश्र ने कहा कि भारत विश्व गुरु बनेगा यह स्लोगन तभी मूर्तरूप ले सकेगा जब हम शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहराएंगे। इसके लिए केंद्र सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर गठित अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं की तरह इंडियन टीचर्स सर्विस (आइटीएस) बनाने की दिशा में पहल करना आवश्यक है। यूपीएससी के माध्यम से चयनित इस सेवा के अधिकारियों को सबसे अधिक सैलरी, सुविधाएं दी जानी चाहिए ताकि अच्छे लोगों का चयन हो सके और इस सेवा की तरफ आकर्षण बढ़े। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में पिछले तीन साल में 8.27 लाख बच्चों का कम होना, शिक्षा की चरमराई व्यवस्था को दर्शाता है। जयप्रकाश जनता दल के सचिव ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस सेवा का गठन करने का आग्रह किया है। साथ ही राज्य सरकार से भी शिक्षा को उच्च प्राथमिकता देने की मांग की।

## खबर एक नजर में

### श्री वैष्णवी शिव राम सेवा संस्थान का 14वां वार्षिकोत्सव 10 फरवरी को

**रांची।** श्री वैष्णवी शिव राम सेवा संस्थान (देवी-दर्शन) का 14वां वार्षिकोत्सव 10 फरवरी को मनाया जायेगा। इस मौके पर कलश-जल शोभा यात्रा, प्रायश्चित पूजन,



गणेश पूजन, पंचांग पूजन, ध्वजारोहण, हनुमत आराधना, सामूहिक कलश, देवी-देवता आवाहन, वेदी पूजन, श्री दुर्गासप्तशती, माता का महाअभिषेक, मां का महाश्रृंगार, महारुद्राभिषेक, सहस्त्रार्चन, छप्पन भोग, हवन, कुंवारी कन्या पूजन, जीवंत झांकी दर्शन, कन्या भोजन, देवी दर्शन संकीर्तन धुन, संगीतमय सुंदरकांड, श्री दुर्गा चालीसा, भजन-कीर्तन, संध्या महाआरती, स्तुति भजन एवं जयकारा, प्रसाद वितरण, भंडारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम आदि का आयोजन, विद्वान आचार्य रवि शास्त्री एवं सहयोगी के नेतृत्व में किया जायेगा।

### विशेष लोक अदालत की सफलता के लिए एडिशनल फैमिली कोर्ट के जज ने की बैठक




**रांची।** विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत की सफलता के लिए एडिशनल फैमिली कोर्ट के जज राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में डालसा सचिव ने सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की और उन्हें कई निर्देश भी दिये हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी अधिक से अधिक नोटिस का तामिला लोगों को करावें ताकि आगामी विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके। ज्ञात हो कि झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन 22 फरवरी को होना सुनिश्चित हुआ है।

### टीआएल के नागपुरी विभाग में नये विभागाध्यक्ष का स्वागत



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के नागपुरी विभाग में डॉ उमेश नन्द तिवारी को नए विभागाध्यक्ष बनाए जाने पर शोधार्थियों ने पुष्पगुच्छ देकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। डॉ उमेश नन्द तिवारी नागपुरी भाषा के विकास में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं तथा नागपुरी भाषा के साहित्यिक लेखनी में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही नागपुरी भाषा के विकास को लेकर अथक प्रयास रहा है। डॉ तिवारी ने पदभार संभालने की उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा कि नागपुरी भाषा के विकास में हरसंभव हमारा प्रयत्न रहेगा और इसके साथ ही डॉ तिवारी ने अपनी भाषा संस्कृति के संवर्द्धन तथा संरक्षण के लिए सभी शोधार्थी तथा विद्यार्थियों को आगे आने के लिए अपील की। सभी शोधार्थियों को भविष्य में हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर शोधार्थी जलेश्वर महतो, अशोक कुमार, नमिता पूनम, सीमा कुमारी, सहला सरवल, सीमा कुमारी एवं अन्य शोधार्थी मौजूद थे।

## एनआईबीएम में आईबीपीएस साक्षात्कार का विशेष बैच



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आईबीपीएस पीओ मुख्य परीक्षा में कई छात्रों का चयन हुआ है। इसके साक्षात्कार में बेहतर मार्क्स के लिए विशेषज्ञ तथा विभिन्न बैंक के रिटायर्ड चीफ मैनेजर, एजीएम द्वारा बैंकिंग इकोनामिक एवं बायोडाटा और अन्य का क्लास मैटेरियल के साथ सिंगल तथा बोर्ड मॉक प्रारंभ की जा रही है। पिछले 26 वर्ष से लगातार रिकॉर्ड रिजल्ट देने वाले संस्थान में अगले आईबीपीएस बैंकिंग, एसएससी, रेलवे की पीटी तथा मुख्य परीक्षा के विशेष बैच हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यम में प्रारंभ की जा रही है।

**ऑफर के तहत लाइब्रेरी तथा रीडिंग रूम :** निदेशक एमके गुप्ता ने बताया कि अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए विशेष छूट की व्यवस्था है। विशेष जानकारी के लिए रांची श्री साईं टावर चौथी मंजिल स्थित एनआईबीएम पर संपर्क कर सकते हैं।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में दो दिवसीय इण्टर हाउस 'स्पोर्ट्स मीट संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। शारदा ग्लोबल स्कूल में अन्तर्सदन खेल सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में चारों हाउस रायट्रियस, विजडम, एक्यूबरेन्ट एवं करेज के के.जी. से लेकर ग्यारहवीं तक के छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरुप ने मशाल जलाकर किया। स्पोर्ट्स मीट में 100 मीटर 200 मीटर एवं 400 मीटर, 400 मीटर रिले रेस, शार्टपुट बालक एवं बालिका वर्ग डिस्कस थ्रो, लॉग जम्प, टंग ऑफ



वॉर, म्यूजिकल चेयर, योगा आदि खेलों का प्रदर्शन छात्रों ने उत्साहपूर्वक किया।

कार्यक्रम स्थल पर विद्यालय के चेयरमैन संजय शारदा, डायरेक्टर दीपक बंका एवं जसमीत कौर, श्रीमती दीपा बंका, आकांक्षा सिन्हा, शिक्षकगण एवं छात्रवृन्द उपस्थित थे। विद्यालय के चारो हाउस के एन.सी.सी. के छात्रों ने बड़े ही अनुशासित रुप से अतिथिगण को सैल्यूट किया।

विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्या ने छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों का उपयोग भविष्य में कितना महत्व रखता है, समझाया।

जो टीम विजय रही उसमें प्रथम स्थान पर रायट्रियस हाउस 100 मेडल्स, द्वितीय स्थान विजडम हाउस 89 मेडल्स, तृतीय स्थान एक्यूबरेन्ट हाउस 65 मेडल्स, चतुर्थ स्थान पर करेज हाउस 64 मेडल्स रहा।

विद्यालय मैनेजमेन्ट ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।

### एचईसी कामगारों ने प्रबंधन से वेतन मांगा

**रांची।** एचईसी बचाओ मजदूर संघर्ष समिति ने प्रबंधन से कामगारों के वेतन जल्द भुगतान की मांग की है। समिति की ओर से बुधवार को एफएफपी शेड में हुई सभा में यह मांग की गई। प्रबंधन से पूर्ण या आंशिक वेतन का भुगतान तत्काल करने को कहा गया। प्रबंधन से एचईसी इलाके के स्कूलों के प्रबंधन के साथ बैठक कर कर्मचारियों और सप्लाई श्रमिकों के बच्चों को परीक्षा में शामिल होने की व्यवस्था करने को कहा। अभिभावकों पर आ रहे आर्थिक भार प्रबंधन से वहन करने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में इस पर प्रबंधन ने सहमति जताई थी। इस कारण कामगारों से किए गए वादे को पूरा करना प्रबंधन का दायित्व है। 195 सप्लाई श्रमिकों के दिसंबर 2023 से बकाया वेतन भुगतान करने और ईएसआई सुविधा शुरू होने तक सभी सप्लाईकर्मियों का मेडिकल इंश्योरेंस कराने की मांग की गई। सभा को भवन सिंह, दिलीप सिंह, हरेंद्र प्रसाद यादव, वाई त्रिपाठी, राजेश शर्मा, मोईन अंसारी, रमेश पांडेय, प्रमोद कुमार एवं अन्य ने संबोधित किया।

## संत माईकल्स स्कूल में अलंकरण समारोह आयोजित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संत माईकल्स स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रेरणादायक गीत एवं नृत्य से किया गया। मुख्य अतिथि संत माईकल्स स्कूल के अध्यक्ष कमल बहल, निदेशक रजत बहल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सुभाष कुमार ने सत्र 2025-26 के होने वाले नए परिषद के सदस्यों को सेसे पहनाकर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी। प्रधानाचार्य डॉ सुभाष कुमार ने नए परिषद के सदस्यों को दिए गए पद को ईमानदारी पूर्वक निभाने की शपथ दिलाई। हेड बॉय कुणाल गौरव रवानी एवं हेड गर्ल पारुल कुमारी ने प्रदत्त पद के लिए विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक निभाने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सर्वांगीण विकास भी आवश्यक है। छात्रा जिया सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन अभिनव गोराई एवं एंजेल कश्यप के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

### छात्र परिषद की सूची

हेड बॉय कुणाल रवानी, हेड गर्ल पारुल कुमारी, उपप्रधान बालक कुशाग्र कौशल, डिप्टी हेड गर्ल समृद्धि, स्पोर्ट्स कैप्टन बॉयज पवित्र रंजन, स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल चौमित्या गुप्ता, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन बॉय प्रीतम भगत, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल अंकिता ओरांव, एक्टिविटी कैप्टन बॉय सुमित शर्मा, एक्टिविटी कैप्टन गर्ल श्रेया पाठक, वाइस एक्टिविटी कैप्टन बॉय ऋषित विहान, वाइस एक्टिविटी कैप्टन गर्ल अनुष्का कुमारी, हाउस कैप्टन (अचीवर्स) प्रतिभा कुमारी, वाइस हाउस कैप्टन (अचीवर्स) लड़का हर्ष रंजन, हाउस कैप्टन (संपादक) लड़की अनुभूति श्रेष्ठ, वाइस हाउस कैप्टन (संपादक) लड़की समृद्धि सुमन, हाउस कैप्टन (साहसी) लड़की तरंग नंदन, वाइस हाउस कैप्टन (साहसी) लड़का रोशन लाल सिंह, हाउस कैप्टन (प्राप्तकर्ता) लड़की एंजेल कच्छप, वाइस हाउस कैप्टन (प्राप्तकर्ता) लड़की उन्नति चौधरी।

## कवि लाल रणविजय नाथ शाहदेव की जयंती पर जुटे नागपुरी भाषा के विद्वान

- श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में लाल रणविजय नाथ शाहदेव जयंती समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** नागपुरी भाषा के कवि और साहित्यकार लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभाई है। वे हमेशा झारखंड के विकास के लिए चिंतित रहते थे। वे अपनी कविताओं के माध्यम से लोगों को झारखंड के नवनिर्माण के लिए जागरूक करते थे। बुधवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में लाल रणविजय नाथ शाहदेव जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति तपन कुमार सांडिल्य ने कहा, झारखंड नवनिर्माण में लाल रणविजय नाथ शाहदेव का बहुत बड़ा योगदान है। उनका जन्म 5 फरवरी 1940 को लापुंग में हुआ था और उनका निधन 18 मार्च 2019 को हुआ।

वे झारखंड पार्टी के अध्यक्ष पद पर रहे और झारखंड आंदोलन के लिए नागपुरी कविताएं और गीत गाए, जिससे झारखंड के निर्माण में योगदान मिला। वे समाज में परिवर्तन लाने के इच्छुक थे और नागपुरी भाषा के माध्यम से समाज के विकास के लिए कार्य करते थे। वे हमेशा व्यक्ति, समाज और राज्य के विकास के बारे में सोचते रहते थे। इससे पहले, रणविजय नाथ शाहदेव की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। छात्राओं ने स्वागत गीत गाए। अतिथियों को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

रणविजय नाथ शाहदेव ने नागपुरी भाषा के गीतों से समाज को जागरूक किया। पद्मश्री मधु मंसुरी हसमुख ने कहा कि शाहदेव नागपुरी गीतों के कवि थे और उन्होंने समाज को गीतों के माध्यम से जागरूक किया। वे झारखंड आंदोलन के लिए लड़े। भारत में यह पहला राज्य बना, जहां क्षेत्रीय भाषाओं को कॉलेजों में पढ़ाया जाने लगा। इसके बाद आदिवासी और मूलवासी की रोजगार की संभावनाएं बढ़ गईं। नागपुरी भाषा के अध्यक्ष डॉ. रामप्रसाद ने कहा कि शाहदेव ने 'पझरा' पत्रिका का संपादन किया और रचनाओं व कहानियों के माध्यम से नागपुरी भाषा को जीवित रखने का काम किया। वे हमेशा नागपुरी शब्दों का उपयोग करते थे।

पद्मश्री महावीर नायक ने कहा कि शाहदेव ने गीत और कविताएं लिखीं। उनकी रचनाओं को पढ़ने, लिखने और समझने की जरूरत है। इस अवसर पर कुलपति डॉ. त्रिवेणी नाथ साहु, डॉ. राम प्रसाद, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. उमेश नंद तिवारी, क्षितिज कुमार राय, हिंदी विभागाध्यक्ष जीदन सिंह मुंडा ने भी छात्रों को संबोधित किया। मौके पर यशोदा देवी, अजय नाथ शाहदेव, कृतिमान नाथ शाहदेव समेत सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

## इंडियन बैंक की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), रांची की 31वीं अर्धवार्षिक बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन बैंक द्वारा होटल ली लैक सरोवर, रांची में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), रांची की 31वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के डॉ. विचित्रसेन गुप्त, उप निदेशक विशेष रूप से आमंत्रित थे।

नराकास (बैंक) रांची के अध्यक्ष एवं इंडियन बैंक के अंचल प्रबंधक राम स्वरूप सरकार; भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक, प्रेम रंजन प्रसाद सिंह एवं उप निदेशक डॉ. विचित्रसेन गुप्त द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ बैठक का शुभारंभ हुआ। इसके अलावा, यूनियन बैंक के महाप्रबंधक



बैजनाथ सिंह, इंडियन बैंक के उप अंचल प्रबंधक मनीष कुमार एवं सभी बैंकों / वित्तीय संस्थानों/ बीमा कंपनियों के कार्यालय प्रधान एवं राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक का संचालन नराकास के सदस्य सचिव एवं इंडियन बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा ने किया। बैठक के दौरान नराकास के तत्वावधान में विभिन्न बैंकों द्वारा आयोजित अंतर बैंक हिन्दी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया । डॉ. विचित्र सेन गुप्त, उप निदेशक द्वारा इस बैठक में नराकास के सभी सदस्यों की राजभाषा की अर्धवार्षिक रिपोर्ट की समीक्षा की गई।

बैठक में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार पर विशेष रूप से चर्चा की गई एवं हिंदी के विकास के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए।

## बेड़ो से राज्य स्तरीय वाटर शेड यात्रा का हुआ शुभारंभ

# जल संरक्षण का संकल्प वाटरशेड यात्रा का मुख्य उद्देश्य है : सीईओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** जल संचयन का संकल्प ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।वाटर रिचार्ज करके हम अपनी धरती को खुशहाल बना सकते हैं। उक्त बातें सीईओ जेएसडब्लुएम समीरा एस ने कहीं। वे झारखंड राज्य जलछाजन मिशन ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार व प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत बेड़ो प्रखंड के दिघिया पंचायत में बुधवार को आयोजित राज स्तरीय वाटरशेड यात्रा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। मौके पर सीईओ जेएसडब्लुएम समीरा एस, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की व उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने झंडी दिखाकर संयुक्त रूप से जागरूकता वाहन रवाना करते हुए वाटर शेड यात्रा का शुभारंभ किया। समारोह में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि वर्षा का जल संचयन करके ही भविष्य सुरक्षित की जा सकती है। अगर समय रहते हमारी आंखें नहीं खुलीं और हम वर्षा का जल संचयन नहीं कर पाए तो इस धरती के साथ साथ आने वाली नस्लों के भविष्य की तबाही के हम ही जिम्मेदार होंगे। यह हमारे और आपके लिए खुशी की बात है कि राज स्तरीय वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ बेड़ो की धरती से किया जा रहा है। अपने स्वागत भाषण में बीडीओ राहुल उरांव ने बेड़ो की धरती पर सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया और राज्य भर से आए लोगों का स्वागत करते हुए सब के आगमन को ऐतिहासिक बताया। वहीं मौके पर सीओ प्रताप मिंज, उप प्रमुख मुदस्सिर हक, जिपस बेरोनिका उरांव, मुखिया अनीता बाड़ा, ऋतुराज, अल्तमश परवेज, बीपीओ संजय तिर्की, करमा उरांव, वाहिद अंसारी, व जेइ सद्दाम हुसैन समेत राज्यभर से आए सैकड़ों लोग मौजूद थे।



बेड़ो में वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीडीसी व अन्य।



जागरूकता वाहन रवाना करते पूर्व मंत्री बंधु तिर्की व अन्य।

## पत्नी से नाराज पति कुंआ में कुदा हुई मौत

ओरमांझी। थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र के मनातु में एक पति द्वारा पत्नी से नाराज होकर कुंआ में कूद गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के बैरूण करमाली के रूप में हुई। बताया मंगलवार की शाम को किसी बात को लेकर पत्नी उमीर्ला देवी से काफी विवाद हो गया। जिसके बाद पति नाराज होकर घर निकला और घर के पास ही कुंआ में कुद गया। कुआं की ओर जाते ग्रामीणों ने देखा भी। जब कुंआ में कुद गया तब ग्रामीणों द्वारा उसे निकालने का प्रयास भी किया। जबतक उसे बाहर निकाला जाता उसकी मौत हो चूकी थी। इधर सूचना मिलने पर ओरमांझी थाना पुलिस भी घटना स्थल पहुंच गई थी। लेकिन मृतक के स्वजन व ग्रामीणों द्वारा पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस द्वारा शव को स्वजनों को सौंपकर वापस लौट गई। ग्रामीणों के अनुसार बैरून करमाली मजदूरी करता था। अक्सर उसका विवाद पत्नी के साथ होता रहता था।


### महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड, राँची

**निविदा संबंधी आवश्यक सूचना**

निदेशानुसार, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संगठन अन्तर्गत क्षेत्रवार खेल-कूद प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए विभिन्न खेल सामग्रियों हेतु निविदा का प्रकाशन किया गया है। स्थानीय स्तर के इच्छुक विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता, निविदा में प्रकाशित सामग्रियों का न्यूनतम दर, कार्यालय अवधि के दौरान 10 (दस) दिनों के भीतर अद्योहस्ताक्षरी के नाम से उपलब्ध करा सकते हैं। प्रकाशित निविदा झारखण्ड पुलिस के वेबसाइट jhpolice.gov.in पर उपलब्ध है।

पुलिस उप-महानिरीक्षक
गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ,
झारखण्ड, राँची

PR 345800 Police(24-25)#D



### कार्यालय, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू
(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग)
झारखण्ड, सरकार

**पलामू जिला में दुधारू पशु शिविर का आयोजन**

**गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं/पशुपालकों के लिए आम सूचना**

पलामू जिला अन्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों के लिए 90%, 75% एवं 50% अनुदान पर दो गाय/पाँच गाय एवं दस दुधारू गाय की योजनान्तर्गत उन्नत नस्ल/शंकर नस्ल का दुधारू गाय/भैंस का क्रय हेतु पूर्व से जिला स्तरीय दुधारू पशु शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सभी सूचीबद्ध दुधारू गाय/भैंस के इच्छुक विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि पूर्व से जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, रेड़मा, मेदिनीनगर में दुधारू पशु शिविर चल रही है एवं नए सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ता जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू से समन्वय स्थापित कर दिनांक- 15.02.2025 तक अधिक से अधिक संख्या में शंकर नस्ल के दुधारू गाय/भैंस के साथ दुधारू पशु शिविर में भाग लें।

लाभुकों के द्वारा दुधारू गाय पसंद करने के उपरांत कम से कम तीन लगातार पाली में अपने सामने दुहाई कर सुनिश्चित हो लेंगे कि गाय प्रतिदिन कम से कम औसतन 12-15 लीटर दूध दे रही है। गाय का कीमत का निर्धारण लाभुक एवं दुधारू गाय विक्रेता के आपसी सहमति से होगा। दुधारू गाय का संगरोध पूर्ण होने उपरान्त ही क्रय-विक्रय का कार्य किया जायेगा।

सभी सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं से आग्रह है कि सरकार के द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं एवं शर्तों का अनुपालन करते हुए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत प्रथम/द्वितीय ब्यांत की उन्नत देशी नस्ल यथा साहीवाल, रेड सिंधी, थारपारकर, गीर, एवं संकर नस्ल की दुधारू गायों अथवा उन्नत नस्ल की भैंसों यथा मुर्रा, सुरती, जाफराबादी, मेहसाना आदि को जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, रेड़मा, मेदिनीनगर पूर्व से आयोजित दुधारू पशु विक्रय शिविर में आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। बिजली एवं पानी की सुविधा जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, रेड़मा, मेदिनीनगर द्वारा प्रदान की जाएगी तथा पशु का चारा-दाना एवं उनके रख-रखाव का साधन दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा स्वयं मेला परिसर में किया जाएगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 345777 Palamu (24-25)_D


## स्पीड न्यूज

### विवाद में एक की हत्या, आरोपी गया जेल



अनगड़ा। थाना क्षेत्र अन्तर्गत मुगीर्डीह गांव निवासी चैतन्य मुंडा पिता कांतो मुंडा नामक एक व्यक्ति ने मामूली विवाद में अपने घर के हीं बगल के एक व्यक्ति कृष्णा मुन्डा 50 वर्ष की पानी का नल लगे चबूतरा में सिर के बल पटक कर हत्या कर दी। नल लगे चबूतरा में पटकने से मृतक के सिर में गम्भीर चोट लगी और मौके पर हीं उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुँच कर शव को अपने कब्जे में कर उसे पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया। जबकि हत्याआरोपी चैतन्य मुन्डा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस मामले की छान बीन कर रही है।

### हाथियों ने फसल को रौंदा

सोनाहातू। प्रखंड के नीमडीह गांव में मंगलवार रात को हाथियों के झुंड गांव में प्रवेश कर किसान गोवर्धन महतो और वंशीधर महतो के खेत में लगे आलू और केला को खाया। वहीं सारमाली गांव के बैजनाथ महतो और कृष्णा महतो के आलू को भी खाया और नष्ट किया। हाथियों की संख्या 5 बताया जा रहा है। पांच की संख्या में हाथियों का झुंड बांस वन जंगल में जमे हुए है। शाम होते ही कोई न कोई गांव में उत्पात करते है। हर दिन किसानों का फसल नष्ट हो रहा है। मुखिया विकास सिंह मुंडा ने वन विभाग से हाथियों को भागने ओर किसानों को तत्काल मुआवजा देने की मांग किया है।

### नम आंखों से मां शारदे को दी गयी विदाई



इटकी। इटकी में बुधवार को पूजा के दौरान स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर कोइरी टोला, बनिया टोली, गडरा टोली से केसरी नया तालाब तक प्रतिमाओं के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली गयी। आरती के बाद सभी प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी। शांति समिति के सदस्य भी विसर्जन शोभायात्रा में चौकसी के साथ शामिल थे। मौके पर सीओ मो अनीस, पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, कृष्णा राम तिवारी, देवेंद्र महतो, कमेश बर्मन, बिनोद सिन्हा, लाला खान, कलीम अंसारी, अनिल तिवारी, नंदलाल महतो, वसीम इकबाल, अबरार अहमद, रोहन, आजाद कुरैशी सहित अन्य शामिल थे।

### सिरका पंचायत के विद्यालयों में हुआ बाल संसद का आयोजन

अनगड़ा। सिरका पंचायत अंतर्गत अवस्थित सभी विद्यालयों के बाल संसद के साथ बुधवार को मुखिया रौशन मुन्डा की उपस्थिति में बाल सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय में पेयजल स्वच्छता शौचालय मध्यान भोजन मेनू के हिसाब से बच्चों को मिलता है अथवा नही मिलता है बच्चों के प्रति शिक्षकों का व्यवहार कैसा है। विद्यालय में क्या क्या कमी है। बारी बारी से मुखिया सहित अन्य जन प्रतिनिधियों ने जानकारी हासिल की। मौके पर बाल अधिकार से संबंधित पीरामल फाउंडेशन के अरुण मिश्रा सृष्टि वर्मा एलिस तिर्की, सावित्रि देवी, अंजना देवी, सौभाग्य मुंडा विरासत के संगीता देवी ने बाल अपराध हिंसा गलत स्पर्श के अवधारणा के बारे बताया।

## गुस्साये ग्रामीण शव के साथ सड़क पर बैठे



खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** एन-एच 39 मुख्य पथ पर स्थित निमार्णाधीन मलटोटी पुल के निकट बुधवार सुबह नौ बजे हुए सड़क हादसे में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दो विद्यार्थियों की मौत से गुस्साये छात्र और ग्रामीण शव के साथ सड़क पर बैठ गये। सडक हादसे में मौत और राड जाम की खबर पाकर तमाम प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। जाम हटाने का प्रयास किया, पर लोग उनकी बाते मानने को तैयार नहीं थे। मृत देवदास मंडल पिता कन्हाई मंडल पश्चिम बंगाल के सुंदरवन व ऐश्वर्या बसक पिता श्यामल बसक हावड़ा के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार पुल निर्माण हो रही देरी व इस डायवर्सन में लगातार हादसे हो रहे हैं। तीन साल में खलारी के डकरा मोहननगर निवासी दो युवकों विनोद तुरी व करण तुरी, तमाड़ के शोभा चरण स्वांसी सहित आठ की मौत हो चुकी है बुधवार को सीयूजे के दो विद्यार्थी शिकार हो गये।

### सीयूजे के छात्रों व ग्रामीणों ने किया रोड जाम

घटना के बाद लगभग 9:30 बजे से सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर मुख्य पथ को जाम कर दिया। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्रों का कहना था कि इस स्थान पर जो भी हादसे हो रहे हैं उसकी उसकी सारी जिम्मेवारी पथ परिवहन विभाग की है। तीन साल से एन एच ए आई इस स्थान पर एक फूल का निर्माण नहीं करा पाया है। यहाँ बनाया गया डाइवर्शन बरसात में तीन से चार बार बह जाता है जिसके कारण 2 से 3 दिन तक आवागमन भी बाधित रहती है। अब तक एक दर्जन से भी अधिक लोगों की जान इसी स्थान के निकट जा चुकी है। जब तक पुल का निर्माण नहीं हो जाता तब तक तत्काल यहाँ एक टिओपी का निर्माण प्रशासन करे। साथ ही वे मौके पर पथ परिवहन मंत्री, उपायुक्त व एसपी को भी बुलाने की मांग कर रहे थे।

### मेन कैंपस में हॉस्टल की सुविधा नहीं

शव के साथ जाम पर बैठे सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी अपने विसी को भी बुलाने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि मेन कैंपस में हॉस्टल की सुविधा नहीं है और जहां पर हॉस्टल की सुविधा दी गई है वह लगभग बीस किलोमीटर दूर है। ऐसे में कई छात्रों को भारी परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। तत्काल हॉस्टल की सुविधा मेन कैंपस में ही प्रोवाइड कराई जाए।

### ये थी मुख्य मांगें

जाम पर बैठे छात्र मृतक विद्यार्थियों के आश्रितों को अलग अलग मुआवजा, सरकारी नौकरी व मुरगु पुल का नाम मृतक विद्यार्थी देवदास व ऐश्वर्या के नाम पर करने एवं पुल का निर्माण होने तक निर्माण स्थल के निकट सड़क पर आवागमन को सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था करने की मांग कर रहे थे।

## सड़क चौड़ीकरण में ठेकेदार बिना अनुमति काट रहा पेड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** मुरी गोला पथ का चौडी करण जोरो पर किया जा रहा है चौडी करण में जितने पेड़ लगे हुए हैं उनका जेसीबी के द्वारा काट दिया जा रहा है वही ग्रामीणों का कहना है कि चौड़ीकरण किस कंपनी के द्वारा किया जा रहा है किसी को पता तक नहीं है जो भी ठेकेदार हैं वह अपना मनमानी चौडी करण में करते हुए नजर आते हैं बड़े-बड़े पेड़ बिना वन विभाग का अनुमति लिए हुए जोरो पर कटाई जेसीबी के द्वारा करते हुए ठेकेदार के वर्कर नजर आते हैं। ग्रामीण अपने पेड़ों को बचाने के लिए परेशान है वही ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार किसी का बात नहीं सुनता है पेड़ की कटाई करने के बाद ऊंची कीमतों में पेड़ को बेच दिया जा रहा है। वही इस संबंध में अंचला अधिकारी अरुणिमा एक्का से पूछने पर उन्होंने कहा कि बिना अनुमति का पेड़ का कटाई करना गलत है अगर ठेकेदार के द्वारा अनुमति नहीं लिया होगा तो उनके ऊपर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## रातू: नगड़ी कांड के खिलाफ होगा आंदोलन : मनीष मुंडा

- न्यायिक जांच की मांग
- आरोपियों को मिले सजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** नगड़ी के कतरपा में मंगलवार की शाम हुये दोहरे हत्याकांड को लेकर मुंडा समाज का गुस्सा उबाल पर है। घटना की चौतरफा निंदा हो रही है। सामाजिक अगुआ और पूर्व मुखिया मनीष मुंडा ने कांड की तीव्र आलोचना करते हुये आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने खबर मंत्र से बातचीत में कहा कि मामले की न्यायिक जांच से कांड पर से पर्दा उठ सकेगा। श्री मुंडा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आरोपियों को गिरफ्तार करा कठोर सजा दिलाने और मृतक बुधराम व मनोज मुंडा के परिजनों को 10-10 लाख मुआवजा व परिवार के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही कतरपा का दौरा कर पीड़ित परिवार से मिल घटना की जानकारी लेगा।

### समाज की आपात बैठक

श्री मुंडा ने जानकारी दी कि घटना से आक्रोशित समाज के लोगों की बुधवार की दोपहर झखराटांड़ में आपात बैठक हुयी। इसमें राज्य के पुलिस प्रमुख अनुराग गुप्ता से कांड के खुलासे का आग्रह किया है। प्रस्ताव पारित कर घटना के खिलाफ प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इसकी रणनीति भी बनायी गयी। मौके पर शैलेंद्र मुंडा, बसंत पाहन, बसंत मुंडा व बहादुर पाहन आदि मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

**खलारी।** डकरा साईडिंग में एक अधिकारी एव तीन कर्मियों को विदाई दी गई। साइंडिंग परिसर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डकरा परियोजना मैनेजर अशोक कुमार, साइडिंग मैनेजर मोहन शर्मा, कार्मिक अधिकारी दीपक गिरी एव साइडिंग मैनेजर आंदर्श डे उपस्थित थे। सेवानिवृत्त पूर्व मैनेजर एलएन राणा, सुभाष राउत, वनवास नाहक, सारंग बिसाई को उपस्थित अधिकारीयो ने बुके देकर एव शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वही कर्मचारियों ने भी माला पहनाकर एव उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

### सरस्वती शिशु मन्दिर के दसवीं कक्षा के भैया बहनों को दी गई विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गेतलसूद में एक समारोह आयोजित कर बुधवार को दसम कक्षा के भैया बहनों को विदाई दी गई। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व भैया सनातन महतो उपस्थित थे उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में शामिल होने वाले 56 भैया बहनो को अशीशवचन दिए और सबको मैट्रिक की परीक्षा में अच्छा अंक लाने के गुर सिखाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य सेवाराम महतो बीरेंद्र कुमार सुखदेव महतो रामचंद्र महतो रंजीत महतो राधा महतो शिवशंकर महतो बेबी रानी देवी सुधा देवी शांति देवी यज्ञा कुमारी मुकेश महतो का सराहनीय योगदान रहा।

## संघ कोयलांचल के समावेशी विकास के पक्षधर : कमलेश सिंह

### सद्भावना भोज में शामिल हुए श्रमिक एवं यूनियन के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में सद्भावना भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनके पिपरवार क्षेत्र के यूनियन श्रमिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। सद्भावना भोज को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश सिंह ने सभी पदाधिकारियों के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष, सचिव को सदस्यता में प्रथम होने के लिए बधाई एवं अभिनन्दन किया। तथा श्री सिंह ने कहा कि संघ पूरे कोयलांचल के श्रमिक, गरीब, ग्रामीण विस्थापित प्रभावितों को केंद्र बिंदु रखते हुए कोयलांचल के समावेशी विकाश का पक्षधर रहा है। सद्भावना भोज के अवसर पर क्षेत्र के सभी शाखा अध्यक्ष सचिव को सीसीएल अध्यक्ष कमलेश सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष गोल्टन प्रसाद यादव क्षेत्रीय सचिव डी पी सिंह ने शाल एवं बुके देकर अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर केंद्रीय सचिव रवीन्द्रनाथ सिंह, क्षेत्रीय सचिव मगध अम्रपाली क्षेत्र, आशीष दुबे, विशेष रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गोल्टन प्रसाद यादव संचालन डी पी सिंह धन्यवाद ज्ञापन सुधीर चौहान ने किया। मौके पर अजय चौहान,टुपा महतो, ईशान गंझू, रामेश्वर यादव, अमिताभ चौहान, बिरेन पासवान,आनंद पाण्डेय, तपेश्वर यादव, अमर भूषण सिंह, बूटन चौहान, अर्जुन ठाकुर, चंद्रा गौर, राणा गंझू, मंतोष सिंह, राजेश सिंह, देवती देवी, शांति देवी, विलास। देवी, विकाश कुशवाहा, बिरजू लोहार, अजय सिंह, अशोक सिंह, विजय प्रताप, पुनाराम सतनामी, उगा मुंडा, टेक्लाल महतो सहित काफी संख्या क्षेत्र के श्रमिक यूनियन पदाधिकारी मौजूद थे।


### GOVERNMENT OF JHARKHAND
Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department
(Co-Operative Division)
OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI

**Very Short e-tender Notice**

| SL No. | Tender Ref. No. | Name of work | No. Of Unit | Estimated Value of work (IN Rs) | Earnest Money (IN Rs) | B.O.Q. Cost (IN Rs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | ICDP/RANCH I/05/ RE-2/ 2024-25 | Construction of Retail Outlet For Vegetable & fruits at Various Places of Jharkhand. | 10 | 20,21,783 X 10 = 2,02,17,839.00 | 4,04,400.00 | 10,000.00 | 12 Months |
| 02. | ICDP/RANCH I/07/ RE-2/ 2024-25 | Construction of Vermi Shed at Various Places of Jharkhand. | 100 | 1,07,000 X 100 = 1,07,00,000.00 | 2,14,000.00 | 10,000.00 | 06 Months |
| 03. | Date Of Publication on Website | 04.02.2025 AT 11:00 AM | | | | | |
| 04. | Last Date & Time of Submission of bids | 11.02.2025 Up to 05:00 PM | | | | | |
| 05. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan, Singh More Hesag, Hatia, Ranchi. 834003 | | | | | |
| 06. | Contact No of Procurement Officer | 9431782508, 7250895727 | | | | | |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 04.02.2025 at 11:00 AM to 11.02.2025 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 11.02.2025. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 05:00 PM on 13.02.2025.
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR 345840 Co-opretive(24-25).D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या : 07/2024-25 दिनांक 05.02.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची। |
| 2. | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक - 13.02.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि | दिनांक - 14.02.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक - 14.02.2025 अपराह्न 4.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |

9.कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र. | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of 1.0 HP DC Solar motor pump complete set At – Kedla Nagar Hospital More, Block – Mandu under D.W & S. Division Ramgarh for the year 2024-25 | RMG/ GR- No.- 1 | 147090.00 | 3000.00 | 500.00 | 1 Month. |
| 2 | Construction of 200 x165 mm dia x 300 mtr depth High Yield Drilled Tube well with installation of IM-II extra deep hand pump, lowering 32mm G.I. pipe with platform & Drain At – N.P.S. Saraiyapani, Panchayat – Laiyo North, Block- Mandu under D.W & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25 | RMG/ GR- No.- 2 | 450614.00 | 9100.00 | 750.00 | 1 Month. |
| 3 | Construction of 200 x165 mm dia x 180 mtr depth High Yield Drilled Tube well with installation of IM-II extra deep hand pump, lowering 32mm G.I. pipe with platform & Drain Near – Jhalu Karmali, At – Hisimdag, Panchayat Sosokala, Block- Gola under D.W & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25 | RMG/ GR- No.- 3 | 303155.00 | 6100.00 | 750.00 | 1 Month. |

(क) निविदा का विस्तृत नियम एवं शर्तें पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।
(ख) परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ के पक्ष में भुगतेय होगा।
(ग) पथ निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2146(S) दिनांक 09.09.2020 एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड रॉंची के पत्रांक 2133 रॉंची दिनांक 28.09.2020 में निहित प्रावधान लागू रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।

PR.NO.345810 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

# रेबिज का खतरा

केंद्र सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पिछले साल भारत में कुत्तों के काटने के 21,95,122 मामले सामने आए. इसमें 5 लाख बच्चे शामिल थे, जिनकी उम्र 15 साल से कम थी। भारत में 2024 में कुत्तों के काटने के लगभग 22 लाख और दूसरे जानवरों के काटने के 5 लाख मामले सामने आए हैं। शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में जानवरों के काटने के मामले बड़े पैमाने पर सामने आए हैं। देश भर में जानवरों के 15 साल से कम उम्र के बच्चों को काटने के 5 लाख मामले सामने आए हैं। एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच पोर्टल पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा कुत्तों के काटने के कुल 21,95,122 मामले और बंदरों सहित दूसरे जानवरों के काटने के 5,04,728 मामले दर्ज किए गए। 12वीं पंचवर्षीय योजना के अनुसार, भारत ने 2030 तक रेबीज मुक्त होने का लक्ष्य तय किया है। 2021 में कुत्तों के काटने से होने वाले रेबीज से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीआरई) शुरू की गई थी। लेकिन इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी, चेन्नई की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल करीब 5,700 से ज्यादा लोगों की मौत रेबीज से होती है। 2023 में गोवा ने दावा किया था कि उसके यहां रेबीज पूरी तरह खत्म हो गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और उसके सहयोगियों ने जीरो बाई 30 की शुरूआत की थी. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (ओआईई), संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) और रेबीज नियंत्रण के लिए वैश्विक गठबंधन युनाइटेड अगेंस्ट रेबीज (जीएआरसी) इसके लिए मिलकर काम कर रहे हैं। निश्चित रुप से विकसित भारत की दिशा में यह एक बड़ी समस्या है जिससे निजात पाना आवश्यक है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष - मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

वृष - आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्योक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-5-8

मिथुन - विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-7-8

कर्क - पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-4-5-7

सिंह - कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-6

कन्या - पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-6

तुला - खान-पान में सावधानी रखें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक - जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। शुभांक-3-5-7

धनु - धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-8

मकर - समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर। शुभांक-3-6-9

कुंभ - हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार- दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-2-4-6

मीन - कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे। शुभांक-1-3-5

# बजट : औपनिवेशिक से भारतीय मानसिकता की ओर बदलाव




पिछले दस वर्षों में बजट को विभिन्न करों और आम आदमी के शोषण से संबंधित भय के बारे में जानकारी देने वाले दस्तावेज के रूप में देखा जाने वाला दृष्टिकोण सकारात्मक रूप से बदल गया है। बजट में दीनदयाल उपाध्याय जी के सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्र प्रथम उद्देश्यों को प्राथमिकता दी गई है, जिसमें ₹विकसित भारत₹ और औपनिवेशिक मानसिकता को बदलने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बजट की तिथि और समय में बदलाव ने औपनिवेशिक मानसिकता के अंत की शुरूआत की। ₹स्व-बोध₹ को फिर से स्थापित किया जा रहा है, जो समाज और राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक पहलुओं को बढ़ाएगा। यह लाभकारी बदलाव न केवल राष्ट्र के लिए गौरव लाएगा, बल्कि लंबे समय में बेहतर पर्यावरण और वैश्विक समग्र विकास में भी योगदान देगा।

बजट विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए श्रीमती सीतारमण ने कहा कि, जैसा कि हम पूरे वर्ष और उससे आगे की ओर देखते हैं, हमारा बजट रोजगार, कौशल, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर विशेष जोर देता है। उन्होंने 5 साल की अवधि के दौरान 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य संभावनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 5 योजनाओं और पहलों के प्रधान मंत्री के पैकेज का अनावरण किया। इसके लिए केंद्रीय बजट ?2 लाख करोड़ का है। इस वर्ष, शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए ?1.48 लाख करोड़ निर्धारित किए गए हैं।

65 प्रतिशत युवाओं और लगभग 6 लाख गांवों के साथ, युवाओं, किसानों, मजदूरों और महिलाओं का सशक्तिकरण सामाजिक आर्थिक रूप से मजबूत करने और अंतिम छोर के व्यक्ति को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है। नई सरकार का ध्यान और गतिविधियाँ स्पष्ट रूप से समाज के सभी वर्गों के विकास पर केंद्रित हैं, जिसकी कांग्रेस के शासनकाल में कमी थी। कांग्रेस के प्रभुत्व के दौरान, विदेशी अर्थव्यवस्थाएँ, विशेष रूप से चीन की, मजबूत हुईं। अतः बदलते हुए कदम अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी, उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स, यूनिकॉर्न और सतत विकास के माध्यम से ₹स्व-बोध₹ के इर्द-गिर्द राष्ट्र को आकार देंगे।

बजट प्राथमिकताएँ

वित्त मंत्री ने कहा कि ह्यविकसित भारतह्ल के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बजट में सभी के लिए पर्याप्त अवसर पैदा करने के लिए निम्नलिखित 9 प्राथमिकताओं पर निरंतर प्रयास करने की परिकल्पना की गई है।

कृषि में उत्पादकता और लचीलापन


- पंकज जयस्वाल

> आज के तकनीकी रूप से उन्नत वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए, अनुसंधान और नवाचार क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है। इन मानदंडों पर मोदी सरकार का ध्यान पहले से ही शानदार परिणाम दे रहा है और शिक्षा और अनुसंधान पर विशेष जोर देने के साथ हर क्षेत्र में हमारे विकास को काफी तेज करेगा।

रोजगार और कौशल

समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय

विनिर्माण और सेवाएँशहरी विकास

ऊर्जा सुरक्षा,बुनियादी ढाँचा

नवाचार, अनुसंधान और विकास और अगली पीढ़ी के सुधार

खेती और ग्रामीण क्षेत्र

अगले दो वर्षों में, देश भर में 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से परिचित कराया जाएगा, जिसमें प्रमाणन और ब्रँडिंग की सहायता ली जाएगी। 10,000 आवश्यकता-आधारित जैव-इनपुट संसाधन केंद्र विकसित किए जाएंगे। दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए, सरकार उत्पादन, भंडारण और विपणन में सुधार करेगी, साथ ही सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे तिलहनों के लिए 'आत्मनिर्भरता' हासिल करेगी। सरकार, राज्यों के सहयोग से, तीन वर्षों में किसानों और उनकी जोतों को कवर करने के लिए कृषि में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को अपनाने की सुविधा प्रदान करेगी। श्रीमती सीतारमण ने इस वर्ष कृषि और संबंधित उद्योग के लिए 1.52 लाख करोड़ आवंटित किए।

समाज का स्वास्थ्य राष्ट्र के विकास को निर्धारित करता है। खेती में इस्तेमाल होने वाले रसायन समाज और किसानों को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं, गंभीर बीमारियों में वृद्धि से समग्र सामाजिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा है और परिवारों, विशेष रूप से किसानों के लिए आर्थिक अवसर नष्ट हो रहे हैं। बजट में इस मुद्दे पर जोर देने से निस्संदेह समाज की स्वास्थ्य विशेषताओं में सुधार होगा। इससे किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रोजगार उपलब्ध होंगे, क्योंकि विविध कृषि उत्पादों के उत्पादन में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। जैसे-जैसे कृषि क्षेत्र बढ़ेगा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था तेजी से राष्ट्र को मजबूत करेगी।

**नवाचार, अनुसंधान और विकास**

वित्त मंत्री ने घोषणा की कि सरकार बुनियादी अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान कोष को क्रियान्वित करेगी, साथ ही ?1 लाख करोड़ के वित्तपोषण पूल के साथ वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक तंत्र स्थापित करेगी, जैसा कि अंतरिम बजट में घोषित किया गया था। अगले दशक में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को 5 गुना बढ़ाने के हमारे लक्ष्य का समर्थन करने के लिए 1,000 करोड़ का उद्यम पूंजी कोष स्थापित किया जाएगा।

आज के तकनीकी रूप से उन्नत वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए, अनुसंधान और नवाचार क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है। इन मानदंडों पर मोदी सरकार का ध्यान पहले से ही शानदार परिणाम दे रहा है और शिक्षा और अनुसंधान पर विशेष जोर देने के साथ हर क्षेत्र में हमारे विकास को काफी तेज करेगा। एआई पर जोर भविष्य के विकास में भी मदद करेगा।

**बुनियादी ढांचा**

वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी ढांचे के विकास और सुधार में केंद्र सरकार के भारी निवेश का अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है। सरकार अगले पांच वर्षों में बुनियादी ढांचे के लिए महत्वपूर्ण राजकोषीय सहायता बनाए रखने का प्रयास करेगी, साथ ही राजकोषीय पुनर्गठन जैसी अन्य प्राथमिकताओं को भी संबोधित करेगी। इस वर्ष, पूंजीगत व्यय के लिए 11,11,111 करोड़ की प्रतिबद्धता जताई गई, जो हमारे सकल घरेलू उत्पाद का 3.4% है।

पूरे देश में बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास, विशेष रूप से पूर्वोत्तर, जिसे पहले कांग्रेस द्वारा नजरअंदाज किया जाता था, अर्थव्यवस्था की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण रहा है। पहले 67 वर्षों में 1.7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से अब 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक तक, केवल दस वर्षों में 2.3 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि बुनियादी ढांचे के विकास के महत्व को दशार्ती है। जैसे-जैसे बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, अर्थव्यवस्था और भी मजबूत होगी।

## लेटर टू एडिटर

### दुर्धटना से सबक

**प्रयागराज** में मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ के दौरान बेकाबू भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत और 70 से अधिक के घायल होने की घटना ने प्रशासन और श्रद्धालुओं को फिर से एक कड़ा संदेश दिया है। ऐसे हादसों से कोई शिक्षा न लेने पर प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। कुंभ मेले के दौरान बेहतर प्रबंधन के लिए श्रद्धालुओं का आंकलन, स्नान का क्रम क्षेत्रवार तय करना, पुलिस कर्मियों को आराम देने, अफवाहों पर कड़ी निगाह और अनुशासन बनाए रखना आवश्यक है।

**- श्यामलाल, रांची**

### आर्थिक वृद्धि

**बजट** में मध्यम वर्ग को आयकर छूट देने की घोषणा से उन्हें अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा बचाने और निवेश करने का अवसर मिलेगा। यह कदम मध्यम वर्ग की वित्तीय स्थिति सुधारने और खपत में वृद्धि करने में मदद करेगा।

**- शिवशंकर सिन्हा, बरही**

## ट्वीट

**प्रयागराज** महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा-अर्चना का परम सौभाग्य मिला। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। उनसे समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। हर-हर गंगे!

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

**कांग्रेस** को दिया आपका एक-एक वोट आपके अधिकारों की रक्षा करेगा, संविधान को मजबूत करेगा और दिल्ली को प्रगति के पथ पर फिर से मोड़ेगा।

वोट देते समय याद रखें कि प्रदूषित हवा, गंदा पानी, टूटी नालियों आप की देने हैं इसे हटाना जरूरी है।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# रोबोट हमारे परिवार का हिस्सा बन सकते हैं?

**डॉ. आर. बी. चौधरी**

आई टी

विज्ञान की निरंतर प्रगति और अकल्पनीय अनुसंधान से समूचा विश्व तेजी से बदल रहा है। आबादी की चुनौतियों के बीच घटती प्रजनन दर और घटती जन्म दर जैसी समस्याएं आधुनिक विज्ञान से टक्कर लेने के लिए तैयार हैं। ऐसी हालत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को एक संभावित समाधान के रूप में देखा जा रहा है। अब सवाल खड़ा होने लगा है कि क्या रोबोट सचमुच हमारे परिवार का हिस्सा बन सकता है? स्वीडन के उमेओ विश्वविद्यालय के शोधकर्ता एआई और किन्शिप नामक परियोजना के माध्यम से इस प्रश्न का समाधान ढूंढ़ने में लगे हैं हैं।

अमेरिका से प्रकाशित होने वाली साइंस दिल्ली नामक पत्रिका में प्रकाशित पेपर में डॉ. बेरिट ऑस्ट्रोम ने लिखा है कि यह परियोजना इस बात की जांच करने में लगी है कि काल्पनिक कथाओं जैसे विज्ञान कथा कहानियों और फिल्मों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई को किस प्रकार बताया और समझाया गया है, ताकि यह समझा जा सके कि हम एआई को क्या अपने जीवन या परिवार के हिस्से के रूप में ऐसी दुनिया की कल्पना कर सकते हैं, जहां रोबोट परिवार का हिस्सा बन सके। डॉ. बेरिट ऑस्ट्रोम ने यह भी लिखा है कि यह परियोजना सिर्फ रोबोट और एआई के बारे में नहीं कार्य कर रही है, बल्कि परिवार और रिश्तों को कैसे बेहतर ढंग से सजाया, संवारा और चलाया जा सकता है, उसपर भी काम कर रही है।

डॉ. ऑस्ट्रोम ने आगे लिखा है कि इसमें कोई दो राय नहीं है जब हमारे घनिष्ठ रिश्ते हमारे समाज का आधार बनते हैं जिसमें देखभाल की जिम्मेदारियों से लेकर जीवन में होने वाली तमाम परिवर्तनकारी निर्णयों तक हर चीज को नियंत्रित करना पड़ता है। उन्होंने आगे लिखा है कि जैसे-जैसे एआई हमारे दैनिक जीवन में जिसमें स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक देखभाल मैं आगे बढ़ रहा है,वैसे-वैसे हम अधिक से अधिक इस पर भरोसा भी कर रहे हैं। यहां तक कि मानव और गैर-मानव(रोबोट) के बीच की सीमाएं तेजी से घटती जा रही हैं। ऐसी स्थिति में जहां यह विज्ञान तेजी से आगे बढ़ रहा है , वहीं पर हमारे परिवार से लेकर हमारी कम्युनिटी के बीच जगह बनाती हुई एआई की संभावित भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठने लगे हैं।

एआई और नाते-रिश्ते तक पहुंचने की संभावनाओं पर आधारित इस परियोजना की आधारशिला काल्पनिक कथाओं पर गहन शोध कार्य जारी है। अनुसंधानकताओं ने इस विषय में विशेष चिंता की है कि अगर रोबोट घर का सदस्य बन गया तो क्या हमारे विशेष रुचि का ध्यान रख पाएगा और क्या पारिवारिक संबंधों में एआई की क्षमता विद्यमान है। ऐसी दशा में इसमें दो राय नहीं कि जैसे-जैसे जनसंख्या वृद्धि हो रही है, देखभाल करने वालों से लेकर हर परिवार में सभी के सहयोग-सहायता देने वाली सुविधाओं की आवश्यकता बढ़ती जाती है। इस मामले में एआई-संचालित रोबोट और वर्चुअल असिस्टेंट संभवतः इस अंतर को भर सकते हैं तथा मैत्रीपूर्ण व्यवहार, भावनात्मक अनुभव और व्यावहारिक देखभाल प्रदान कर सकते हैं। हालाँकि, इससे परिवार और रिश्तेदारी की प्रकृति के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए जा रहे हैं। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि क्या रोबोट सचमुच हमारे परिवार का हिस्सा हो सकता है या यह हमारे रिश्तों को सहारा देने वाला एक उपकरण मात्र बंद कर रह जाएगा?

जैसे-जैसे एआई हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण हिस्सा होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में यह विचार करना आवश्यक है कि हम इन प्रौद्योगिकियों से कैसे और क्यों जुड़ना चाहते हैं। क्या रोबोट रूपी मां या रोबोट रूपी भाई-बहन या बच्चा हो तैयार किया जा सकता है? क्या, इस तरह की दुनिया जल्दी ही आने वाली है ? एआई या रोबोट के द्वारा तैयार पारिवारिक रिस्ते परियोजना हमें इन सवालों का पता लगाने और एक ऐसे दुनिया की कल्पना साकार हो सकती है, जहां एआई हमारे परिवारों का हिस्सा बन सकता है।

कुल मिलकर, इस परियोजना का लक्ष्य यह है कि वैज्ञानिक इस प्रकार के अनुसंधान कार्यों को अभी बढ़ाने से पहले इसके परिणाम पर गंभीरता से सोच विचार कर लें कि हम अपने समाज में एआई या रोबोट परिवार चाहते हैं या नहीं। वैज्ञानिकों ने माना है कि शुरूआती तौर पर काल्पनिक कथाओं को आधार मानकर एआई की कल्पना की जाती है। फिर इस पर अनुसंधान किया जाता है। वैज्ञानिकों के सामने यह छोटी चुनौती नहीं है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारी रहन-सहन, संस्कृति तथा सभ्यता को

# चिंताजनक है बच्चों के साथ समय न बिताना

**-प्रियंका सौरभ**

समाज

**बच्चों** के साथ पर्याप्त समय न बिताना और उनकी बातों को अनदेखा करना उन्हें बहुत तनाव में डाल सकता है। उन पर चिल्लाना या बात करने से पहले उन्हें दोष देना उनके तनाव को बढ़ाता है और उन्हें अपने प्रियजनों से नाराज भी कर सकता है। उनके अच्छे और बुरे दोनों गुणों को अनदेखा करने से अवसाद की भावनाएँ पैदा हो सकती हैं। साथ ही, उन्हें दूसरे बच्चों के साथ घूमने न देना या खराब ग्रेड के लिए शिक्षकों द्वारा आलोचना किए जाने से वे भारी निराशा में डूब सकते हैं। दुख की बात है कि कुछ बच्चे इन दबावों के कारण आत्महत्या करने के बारे में भी सोचते हैं। यह बात बच्चों के साथ हमारी चचाओं के दौरान सामने आई, जिन्होंने अपने माता-पिता से जुड़ी कई समस्याओं को साझा किया। हमने उनके परिवारों से भी बात की और पाया कि इनमें से कई बच्चे एकल-अभिभावक वाले घरों से आते हैं। बड़े परिवारों से ज्यादा बच्चे नहीं थे लेकिन जो थे, उनका आपस में संवाद बेहतर था, खासकर दादा-दादी के साथ। माता-पिता अक्सर अपने बच्चों से सही व्यवहार की उम्मीद करते हैं, जिससे दबाव और भी बढ़ जाता है।

जबकि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को सीमित करना अच्छा है, माता-पिता को अपने फोन के इस्तेमाल को नियंत्रित करने और अपने बच्चों के लिए भी समय निकालने की जरूरत है। यह परीक्षा अवधि के दौरान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। हमारी चर्चा के दौरान बच्चों ने अपने माता-पिता से जुड़े कई मुद्दों का उल्लेख किया। किसी बच्चे को पूरी तरह से नजरअंदाज करना लंबे समय में उसके भावनात्मक, सामाजिक और सोचने के कौशल को प्रभावित कर सकता है। बच्चों को लग सकता है कि वे ज्यादा मूल्यवान नहीं हैं या कोई उनसे प्यार नहीं करता, जिससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुँच सकती है। नजरअंदाज किए जाने से वे बेचैन और दुखी भी हो सकते हैं और कुछ मामलों में, यह गंभीर अवसाद का कारण भी बन सकता है। वे या तो खुद पर या उनकी देखभाल करने वाले लोगों पर गुस्सा हो सकते हैं और यह गुस्सा उनके गुस्से या आक्रामकता के रूप में सामने आ सकता है। बच्चों को अच्छी दोस्ती बनाने में मुश्किल हो सकती है क्योंकि वे संवाद करना या दूसरों के साथ घुलना-मिलना नहीं सीखते हैं।

वे सामाजिक स्थितियों से दूर रहना शुरू कर सकते हैं, जिससे उन्हें और भी अकेलापन महसूस हो सकता है। कभी-कभी, वे सिर्फ. ध्यान आकर्षित करने के लिए कुछ कर सकते हैं, भले ही वह नकारात्मक ही क्यों न हो। बच्चों को पर्याप्त ध्यान न देना उनके मस्तिष्क के विकास और स्कूल में उनके प्रदर्शन को भी नुकसान पहुँचा सकता है, क्योंकि वे सीखने के लिए प्रेरित या प्रोत्साहित महसूस नहीं कर सकते हैं। जब बच्चों को बातचीत करने का मौका नहीं मिलता है, तो यह उनके भाषा कौशल और समग्र सोचने की क्षमताओं को धीमा कर सकता है क्योंकि वे महत्वपूर्ण सीखने के क्षणों से चूक जाते हैं। वे असुरक्षित लगाव शैलियों के साथ समाप्त हो सकते हैं, जो वयस्कों के रूप में उनके भविष्य के रिश्तों और भावनात्मक कल्याण को प्रभावित कर सकता है। यह सब भावनात्मक उपेक्षा बाद में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की संभावना को बढ़ा सकती है। इसलिए, संक्षेप में, एक बच्चे की अनदेखी करने से बहुत सारी नकारात्मक भावनाएं, सामाजिक संघर्ष, व्यवहार संबंधी समस्याएं और सीखने की समस्याएं हो सकती हैं।

देखभाल करने वालों के लिए बच्चों पर ध्यान देना, उन्हें स्वस्थ रूप से बड़ा होने के लिए आवश्यक समर्थन और संचार देना बहुत महत्वपूर्ण है। बात करना बहुत जरूरी है, साथ ही जरूरत पड़ने पर दयालु होना भी जरूरी है! जितना हो सके अपने बच्चे को अपने काम में शामिल करने की कोशिश करें। उन पर ध्यान दें और उनकी पसंदीदा गतिविधियों में शामिल हों; इससे आप दोनों के बीच नजदीकियाँ बढ़ेंगी। बच्चे स्वाभाविक रूप से अपने माता-पिता का ध्यान और स्वीकृति चाहते हैं, इसलिए समझदार माता-पिता इसका इस्तेमाल अपने बच्चों को अलग-अलग तरीकों से सहयोग करने के लिए करते हैं। अनुशासन का मतलब है सिखाना और सीखना। अपने बच्चों को यह समझने में मदद करने के लिए कि उन्हें क्या जानना चाहिए और जरूरत पड़ने पर उनके व्यवहार को सुधारने के लिए, आपको उनसे इस तरह बात करनी होगी कि वे आपका सम्मान करें और समझें। इस महत्वपूर्ण पेरेंटिंग कौशल पर कुछ बेहतरीन सुझावों के लिए, एडेल फार्बर की किताब ₹हाउ टू टॉक सो किड्स विल लिसन एंड हाउ टू लिसन सो किड्स विल टॉक₹ देखें।

और याद रखें, किसी भी तरह की सजा जैसे मारना, शर्मिंदा करना, अलग-थलग करना, चिल्लाना या डांटना बिलकुल भी नहीं है। ये चीजें आपके बच्चे को नुकसान पहुँचा सकती हैं और उनकी आत्मा को चोट पहुँचा सकती हैं। अच्छे माता-पिता अपने बच्चों को शब्दों और तर्क की शक्ति के बारे में सिखाते हैं, जिससे उन्हें ज़िम्मेदार, दयालु व्यक्ति बनने में मदद मिलती है जो तर्कसंगत तरीके से व्यवहार करना जानते हैं।

परिवार अपने बच्चों को जो सहायता प्रदान करते हैं, चाहे वह सही हो या गलत, कभी-कभी उन्हें सही रास्ते से भटका सकता है। बच्चों में सहनशीलता और आदर्शों के मूल्यों को स्थापित करना आवश्यक है। घर और स्कूल दोनों में उनके साथ खुले संवाद को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, समय-समय पर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का आकलन करना महत्वपूर्ण है। बच्चों को सही रास्ते पर ले जाने वाला वातावरण बनाना महत्वपूर्ण है, और यह जिम्मेदारी माता-पिता और शिक्षकों से आगे बढ़कर समाज और सरकार को भी शामिल करती है।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

स्पीड न्यूज

## सेल रिफ्राक्ट्रीज के निदेशक ने इफिको प्लांट का किया दौरा



रामगढ़। सेल रिफ्राक्ट्रीज के अधिशासी निदेशक पी के रथ ने बुधवार को रामगढ़ स्थित सेल रिफैक्ट्री यूनिट इफिको प्लांट का दौरा किया। रथ ने प्रोडक्शन आदि संबंधित कई जानकारियों ली तथा कर्मचारियों से मिलकर उनके समस्याओं से भी अवगत हुए। वही प्रोडक्शन कैसे बढ़ाया जाए तथा पॉल्यूशन को कैसे काम किया जाए इस पर भी कई दिशा निर्देश अपने अधीनस्थ अधिकारियों को दिया। अधिशासी निदेशक ने सुरक्षा के साथ प्लांट के काम को निष्ठा पूर्वक करने की बात कर्मचारियों से कहीं। इस मौके पर हमारे ब्यूरो चीफ से विशेष बात करते हुए पीके रथ ने कहा कि एक समय था जब स्टील के मामले में भारत की विश्व में ख्याति थीं। लेकिन अन्य देशों की तुलना में हमने आधुनिकता पर पूरा ध्यान नहीं दिया। जिस कारण हम स्टील उत्पादन के मामले में पिछड़ते गए. कहा की अब जरूरत है की हम स्टील के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करें। श्री रथ ने आगे कहा कि उत्पादन बढ़ा कर हम स्टील बाजार में भारत का प्रभाव स्थापित कर सकते हैं. इसके अलावा श्री रथ ने भविष्य के कई अन्य योजनाओं की भी विस्तृत जानकारियां दी, जिसका फायदा प्लांट समेत यहां के निवासियों को भी मिलेगा। इस मौके पर पीके रथ के साथ महाप्रबंधक प्रभारी बीबी कांता, महाप्रबंधक पीके गुप्ता, महाप्रबंधक उत्पादन के सी नंदन, डीजीएम आनंद सिन्हा, मैनेजर एच आर यश श्रीवास्तव समेत सेल रिफैक्ट्री के कई अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में वसंत पंचमी हर्षोल्लास के साथ मना



रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में वसंत पंचमी उत्सव पर मां सरस्वती विद्या दायिनी का पूजन कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पहले दिन मां सरस्वती का पूजन, पुष्पांजलि, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। पूजन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारीगण , शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं श्रद्धा के साथ पूजा में शामिल हुए और विद्या की देवी मां शारदे की आराधना किए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने मां सरस्वती से सभी का सुख -समृद्धि की कामना की और वसंत पंचमी की हार्दिक बधाई दी। सचिव प्रियंका कुमारी ने पूरे विश्वविद्यालय परिवार को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां सरस्वती की कृपा आप सभी पर बनी रहे। दूसरे दिन मां शारदे की पूजन, आरती एवम भजन किया गया। तीसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजन, हवन एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ और मां सरस्वती को खिचड़ी का भोग लगाकर भंडारा किया गया।

## तोपा में 7.50 लाख के जेवरात चोरी

कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के तोपा न्यू माइनस के अवास में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर एक बार फिर से पुलिस की विफलता को उजागर किया है। मामले को लेकर भुक्तभोगी कंचन कुमारी ने कुजू पुलिस को आवेदन दी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि वह वर्तमान में सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर ) के पद पर कार्यरत है। साथ ही हजारीबाग झीझरियापुल के निकट रहती है। वहीं उनके माता-पिता तोपा में रहते है। माता-पिता महाकुंभ में स्नान करने के लिए 1 फरवरी को प्रयागराज चले गये। इस बीच चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की सूचना पड़ोसी द्वारा दी गयी। जब घर की छानबीन किया तो पता चला कि चोरों ने एक सोने का चैन, दो सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ा सोने का बाली, एक जोड़ा सोने का झुमका, दो सोने का अंगुठी, दो दुर्गा मां का सोने का लॉकेट, 6 सोने का नथिया, 6 जोड़ा चांदी का पायल, 6 जोड़ा बिछिया, तीन चांदी का लॉकेट, 8 पीस चांदी का छड को चोरों ने चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि जेवरातों की कीमत करीब 7 लाख 5 हजार रुपए है।

## उज्जवला फाउंडेशन की बैठक



कुजू। उज्जवला फाउंडेशन ने सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये जो वायदा किया था उसको पूरा करने की दिशा में सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण जल्द ही उनके बीच शुरू किया जायेगा। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। श्री प्रजापति उज्वला फाउंडेशन द्वारा बोंगाबार स्थित मोती राम कॉम्पलेक्स में आयोजित मासिक बैठक में सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन में सिलाई मशीन व कंप्यूटर आ चुका है। जल्द ही फाउंडेशन के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर उनको आत्म निर्भन बनाने की दिशा में आगे ले जाने का कार्य किया जा रहा है। वही उन्होंने फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों को वैसे सदस्यों को चिन्हित करने की बात कही जो सिलाई व कंप्यूटर चला सके। उन्होंने महिलाओं को 28 फरवरी तक महिलाओं की सूची जमा करने का निर्देश दिया। बैठक की अध्यक्षता जगेश्वर प्रजापति व संचालन वीणा कुमारी ने की। बैठक में मनसरी देवी, आशा कुमारी, कौशल्या देवी, शांति देवी, सुमन देवी, अनिता देवी, रिंकू देवी, गुड़िया देवी, संगीता देवी, मीरा देवी, छोटन प्रजापति सहित काफी संख्या में महिला शामिल थे।

## कुजू में भक्ति जागरण का आयोजन



कुजू। सरस्वती पूजा के अवसर पर मंगलवार की रात्रि जय हिंद युवा क्लब कुजू बस्ती के द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान जागरण का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बाद में जागरण में आये जय माँ अम्बे जागरण मंडली बोकारो-रांची के ऑर्गनाइजर प्रतीक कुमार, हेमलता के सहयोग से गायक रमेश तिवारी, शमशेरा, गायिका अनुप्रिया, रीना ने एक से बढ़कर एक भक्ति प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झुमने पर विवश कर दिया। इससे पूर्व क्लब के सदस्यों ने मंडली का स्वागत चुनरी ओढ़ाकर किया। जागरण को सफल बनाने में क्लब के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# स्वतंत्रता सेनानी सरस्वती देवी की जयंती धूमधाम से मनी

खबर मन्त्र संवाददाता

▶▶ सरस्वती देवी का साहस व संघर्ष सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत : प्रदीप प्रसाद



दारू। भारत की दूसरी और एकीकृत झारखंड-बिहार की पहली महिला स्वतंत्रता सेनानी सरस्वती देवी की 124वीं जयंती सोमवार को सरस्वती उच्च विद्यालय, दारू में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में भव्य समारोह हुआ, जिसमें विधायक, शिक्षाविद, समाजसेवी और सरस्वती देवी के वंशजों सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. रामेश्वर प्रसाद, एवं भैया मारुति शरण सहाय ने दीप प्रज्वलित कर और सरस्वती देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सरस्वती देवी का अदम्य साहस, संघर्ष और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का अमूल्य स्रोत हैं। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर देश और समाज की सेवा करनी चाहिए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. रामेश्वर प्रसाद और सरस्वती देवी के परिजनों ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सरस्वती देवी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की एक प्रमुख महिला योद्धा थीं। उनका जन्म 5 फरवरी 1901 को हुआ था। उनके पिता राम चौधरी विष्णु दयाल लाल सिन्हा थे। मात्र 12 वर्ष की आयु में उनका विवाह हजारीबाग जिले के दारू निवासी भैया केदारनाथ सहाय से हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वे कई बार जेल गईं, लेकिन अपने साहस और संकल्प से पीछे नहीं हटीं। 10 दिसंबर 1958 को 58 वर्ष की आयु में उनका स्वर्गवास हो गया।

सरस्वती देवी के विचारों और शिक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए 1948 में उनके पति भैया केदारनाथ सहाय के प्रयासों से सरस्वती उच्च विद्यालय, दारू की स्थापना की गई। आज यह विद्यालय शिक्षा और सामाजिक चेतना का महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है। इस मौके पर विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक ताजुद्दीन अहमद, शिक्षक कामेश्वर सिंह, परितोष कुमार झा, राजेश कुमार राम, रंजू सिंह, जितेंद्र कुमार पाण्डेय, बासुदेव कुमार मंडल, मनीषा कुमारी सहित कई शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे। इसके अलावा, सरस्वती देवी के वंशजों में शारदा सहाय, भैया मारुति शरण सहाय (अधिवक्ता), भैया सुकेश सहाय, भैया सुमित सहाय (अधिवक्ता, उच्च न्यायालय), डॉ. भैया अनुपम कुमार, डॉ. भैया असीम कुमार, भैया अयान सहाय, दीपा सहाय, दिव्या शालिनी सहित अन्य परिजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने सरस्वती देवी के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया और उनके योगदान को नमन किया।

# सभी राशन कार्ड लाभुकों का 25 तक करें केवाइसी

खाद्य आपूर्ति विभाग की डीसी ने की समीक्षा, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों के संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों से आधार सीडिंग, मोबाइल नंबर सीडिंग व पीवीटीजी डाकिया योजना, खाद्यान्न आपूर्ति के संबंध में प्रखंडवार रूप से जानकारी लिए, साथ ही उपायुक्त ने खाद्यान्न की रखरखाव के लिए बनाए गए गोदाम के संबंध में भी जानकारी ली इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए।

बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने उपायुक्त को धान अधिप्राप्ति के विरुद्ध किए गए भुगतान की जानकारी दी। जिस पर उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति में लक्ष्य के अनुरूप कार्य पर विशेष ध्यान देते हुए धान अधिप्राप्ति करते हुए शेष बचे किसानों को जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को विशेष कैंप आयोजित कर राशन कार्ड के लाभुकों का लंबित आधार सीडिंग एवं मोबाइल सीडिंग को 25 फरवरी तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने हरा राशन कार्ड, मुख्यमंत्री मंत्री दाल-भात योजना आदि की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान मुख्य रूप से जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी रीना कुजूर , प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## जीवन को ऊर्जा देता वसंत पंचमी : ललन



कुजू। सरस्वती पूजा को लेकर नेशनल क्लब प्रेम नगर में बनाये गये पंडाल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राजद के प्रदेश युवा सचिव ललन यादव शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विधिवत फीता काटकर पंडाल का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यह त्यौहार आपके जीवन को नई ऊर्जा,आनंद और सकारात्मकता से भर देता है। बसंत के आगमन की तरह, सभी जीवन के ताजगी से भरने के साथ नई शुरूआत हो और खूबसूरत पलों से भरा होता है। इससे पूर्व क्लब के सदस्यों द्वारा ललन यादव को अंग वस्त्र देकर स्वागत व सम्मानित किया गया। मौके पर आरजेडी जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र यादव, सूरज कुमार, गुड्डू यादव, कृष्णा यादव, विकास गोप, संदीप यादव, चिंटू यादव,शंकर यादव, निशांत यादव, रणविजय, मनीष, कुंदन,अविनाश, सचिन, हिमांशु कुमार, सुधीर कुमार, सतीश यादव आदि शामिल थे।

## रजरप्पा में 80 हजार रुपयों से भरा बैग बच्चा ने लौटाया



रजरप्पा। एक रुपए के लिए भी लोगों को ईमान डगमगा जाता है। वहीं बड़कीपोना के एक बच्चा ने इमानदारी की मिसाल पेश की है। सड़क में मिले रुपयों से भरा बैग वापस कर दिया। पीड़ित ने पांच हजार देकर सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार बड़कीपोना पंचायत स्थित जान्हे निवासी केसर इमाम रामगढ़ से घर लौटने के दौरान डाड़ीटुंगरी के समीप बैग लापता हो गया। इसके बाद बुधवार सुबह मुखिया अरविन्द कुमार सिंह एवं उप मुखिया परवेज आलम ने उक्त मुहल्ला में जाकर रिलीप कुमार से बैग बरामद किया और सत्यापन के बाद बैग को लौटा दी। बैग में जमीन का डिड, मूल कागजात एवं 80 हजार रुपए सहित अन्य सामान थे। बैग मिलने के बाद इमाम ने राहत की सांस ली। रिलीप के बच्चा सतीश कुशवाहा बैग बीते शाम को सड़क पर मिला था। पता चला कि उसमें रुपये हैं। उन्होंने उस बैग को अपने पास सुरक्षित रखते हुए पिता को जानकारी दी। रिलीप ने ईमानदारी का परिचय देते हुए ग्रामीणों को सूचना दी। इसके बाद रिलीप ने ग्रामीणों की मौजूदगी में बैग मिलान कर सौंपा।

## जीएम ने पोषण रथ किया रवाना



रजरप्पा। महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने दिव्यांग विद्यालय सुकरीढ़ा हेतु खाद्य एवं पोषण रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना किया. इस अवसर पर स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार, स्टाफ अधिकारी (खनन) गौतम नाथ, स्टाफ अधिकारी (योजना) पीके रामदास, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक एसके शर्मा, स्टाफ अधिकारी (सिविल) विमल कुमार आजाद, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी राजेश्वर शर्मा, स्टाफ अधिकारी (उत्खनन) एसके सिंहा, उप प्रबंधक (वित्त) गीतांश अग्रवाल, प्रबंधक (पर्यावरण) विवेक द्विवेदी तथा नोडल अधिकारी (सीएसआर) आशीष झा, प्राचार्य लीलमोहन पटेल आदि उपस्थित थे।

## जवाहर नगर में सरस्वती पूजा संपन्न



भुरकुंडा (रामगढ़)। जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप में हवन-पुर्णाहूति के साथ बुधवार को सरस्वती संपन्न हो गया। इस अवसर पूजा समिति द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान मां सरस्वती सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद गाजे-बाजे और नाचते-गाते हुए नम आंखों से मां सरस्वती को विदाई दी गई। संध्या में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल, दीपक कुमार, डीके पंडित और अप्पू मिश्रा ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। मौके पर समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल ने कहा कि हिन्दू समाज में माता सरस्वती साहित्य, संगीत, कला तथा विद्या की देवी के रुप में प्रतिष्ठित हैं। मां सरस्वती को वीणा पुस्तक धारिणी कहा गया है। उनमें भाव, विचार एवं संवेदना का त्रिविध संगम है। जहां वीणा संगीत की वहीं पुस्तक विचारों की और मयूर वाहन कला की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का अवसर मिलता है।

# गुरुद्वारा में मिनाक्षी नेत्रालय ने लगाया नेत्र व दंत जांच शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

▶▶ 200 लोगों ने कराया जांच फ्री दवा व चश्मा वितरित




भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में बुधवार को मिनाक्षी नेत्रालय दिव्यम आई हॉस्पिटल हरमू रांची के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ गुरुद्वारा कमेटी द्वारा रांची से आये नेत्र की सिनियर ऑप्टम फैयाज नुर व दंत चिकित्सक डॉ. सोनाली को बुके देकर कराया गया। शिविर में करीब 200 लोगो ने अपने आंख और दांतों की जांच कराई। जिसमें पाये गये मरीजों के बीच निःशुल्क दवा और चश्मा का वितरण किया गया।

मिनाक्षी नेत्रालय दिव्यम आई हस्पिटल के डॉ. अभिषेक सिंह, नेत्र जांच टीम की सीनियर अप्टम फैयाज नुर ने नेत्र जांच के दौरान बताया कि आंखो को सुरक्षित रखने के लिए समय-समय पर जांच कराते रहना चाहिए। मोबाईल का उपयोग अंधेरे में ना करें, और बच्चों के आंखों की देखभाल मौसम के अनुसार करते रहें। वहीं मिनाक्षी सिंह की दंत जांच टीम के दंत चिकित्सक डॉ. सोनल ने बताया की उम्र के साथ दांतों की देखभाल और ईलाज जरूरी है।

दांतो को सुरक्षित रखने के लिए 24 घंटे में दो बार ब्रश करें और तम्बाकू का सेवन न करें।

मैनेजर एस तिवारी ने कहा की गुरुद्वारा कमेटी और मिनाक्षी नेत्रालय के द्वारा नेत्र व दंत जांच शिवर लगाकर लोगो ईलाज के प्रति जागरूक किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों को आगे भी शिविर के माध्यम से मिनाक्षी नेत्रालय निःशुल्क सेवा देते रहेगा। मौके पर मिनाक्षी नेत्रालय टीम के सिनियर मैनेजर एस तिवारी, गौतम कुमार, सत्येंद्र सिंह, शहबाज व रेखा शामिल थीं। शिविर को सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के प्रधान भुपेन्द्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, अवतार सिंह सैनी, विकर सिंह, निर्मल सिंह, गुरुमित सिंह, हरविन्दर सिंह बबली, पिंटु सिंह गुरुद्वारा की समस्त महिला मंडली का विशेष योगदान रहा।

एक नजर में

## गोंदुलपारा खनन परियोजना के लिए कॉलोनी को लेकर ग्राम सभा आयोजित



बड़कागांव (हजारीबाग)। गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत बनने वाले आवासीय कॉलोनी के निर्माण के लिए बुधवार को चंदौल स्थित पंचायत भवन में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में जानने समझने के लिए सुबह से ही महिला और पुरुषों के साथ अन्य ग्रामीण और रैयत उपस्थित हुए। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों के एक समूह ने अधिकारियों को आर एन आर मसौदे के संबंध में मांग पत्र सौंपा। इस खनन परियोजना के लिए एलए और आरआर एक्ट 2013 की धारा 16 (4) और (5) के प्रावधानों के तहत हजारीबाग के अपर समाहर्ता सह प्रशासक के कार्यालय की ओर से पुनर्वास का मसौदा तैयार किया गया है। परियोजना के लिए भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा और उस भूमि पर रह रहे लोगों का दूसरी जगह पुनर्वास करवाया जाएगा। इसके लिए चंदौल में 162.56 एकड़ रैयती भूमि चयनित है। यहां ग्रामीणों के लिए पुनर्वास कॉलोनी बनाई जाएगी। हालांकि, गहमागहमी के बीच गोंदुलपारा के ग्रामीणों के एक समूह ने ग्राम सभा के दौरान अपनी चिंताएं जाहिर कीं। चंदौल में बनने वाली पुनर्वास कॉलोनी के निर्माण के लिए ग्रामीणों ने नकारात्मक प्रतिक्रिया दी। ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों के एक पक्ष ने जहां अपना विरोध दर्ज किया, वहीं, ग्रामीणों का एक समूह कंपनी के समर्थन में भी रहा। इस ग्राम सभा के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और पुलिस उपाधीक्षक के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## अंबाजीत से 81 श्रद्धालु गये प्रयागराज



बड़कागांव। ग्राम अंबाजीत से 81 श्रद्धालुओं का जत्था समाजसेवी बबन कुमार के सौजन्य से महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज रवाना हुआ। बुधवार को दो बसों में सवार यह जत्था प्रयागराज, बनारस, अयोध्या और चित्रकूट की धार्मिक यात्रा पर निकला, जिसमें गांव के महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हैं। गौरतलब है कि इससे पहले समाजसेवी बबन कुमार द्वारा पलामू से 50 गाड़ियों का जत्था महाकुंभ स्नान के लिए रवाना किया जा चुका है। इसी कड़ी में अब अंबाजीत से भी श्रद्धालुओं को इस पावन यात्रा पर भेजा गया। स्थानीय लोगों ने समाजसेवी बबन कुमार के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। श्रद्धालुओं ने रवाना होने से पहले क्षेत्र में सुख-समृद्धि और शांति की कामना की तथा महाकुंभ स्नान को लेकर उत्साह और श्रद्धा व्यक्त की।

## झरपो में वर्तिका बाल वाटिका प्ले स्कूल खुला

टाटीझरिया। प्रखंड के झरपो पंचायत स्थित देवी मंडप चौक के समीप वर्तिका बाल वाटिका प्ले स्कूल का भव्य उद्घाटन 3 फरवरी को किया गया। यह प्ले स्कूल सीबीएसई पैटर्न पर आधारित होगा, जिससे क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। विद्यालय के संचालक विकास कुमार वर्णवाल की देखरेख में हुए इस उद्घाटन समारोह में झरपो पंचायत मुखिया सह टाटीझरिया प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, टाटीझरिया उप प्रमुख रवि वर्णवाल एवं धनेश्वर प्रसाद वर्णवाल ने रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद माता सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को संचालक विकास कुमार वर्णवाल द्वारा पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने घोषणा की कि एक सीमित समय के लिए विद्यालय में नामांकन शुल्क निःशुल्क रखा गया है। इच्छुक अभिभावक अधिक जानकारी के लिए विद्यालय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इस शुभ अवसर पर धनेश्वर प्रसाद वर्णवाल, लक्ष्मण वर्णवाल, रामविलास वर्णवाल, अनिल कुमार, किशोरी ठाकुर, बसंत कुमार सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस पहल से क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे नन्हे बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप प्रारंभिक शिक्षा मिल सकेगी।

## संयुक्त ट्रेड यूनियन ने की पीट मीटिंग



भुरकुंडा (रामगढ़)। संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा भुरकुंडा कोलियरी के माईन बी स्थित बांसगढ़ा खदान के समीप बुधवार को पीट मीटिंग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नरेश मंडल और संचालन किरण सिंह ने किया। पीट मीटिंग को संबोधित करते सभी संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेताओं कहा कि केंद्र सरकार मजदूर व किसान विरोधी है। मोदी की सरकार चोरी छिपे 44 श्रम कानूनों में संसोधन कर 4 लेबर कोर्ड में बदलाव किया है। जिसे संयुक्त मोर्चा कभी लागू नही होने देगी। वक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश किए गए बजट का विरोध करते हुए इसे एक छलावा और भ्रमित करने वाला बजट बताया। कहा गया कि इस बजट में मजदूर, किसान, छात्र, बेरोजगार के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा गया है। केंद्र सरकार महंगाई, इंफलेशन बढ़ा रही है। जिसके चलते जरूरी वस्तुओं की कीमत में बढ़ोतरी हो रही है। केंद्र सरकार टैक्स एवं जीएसटी के नाम पर जनता से पैसा की वसूली कर रही है। जनता, किसान और मजदूर त्राहिमाम है। युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। सरकारी खदानों, कोयला उद्योग, पीएसयू खत्म कर रही है। केंद्र सरकार 44 श्रम कानूनों में संसोधन कर 4 लेबर कोर्ड में बदलाव किया है। जिसे संयुक्त मोर्चा कभी लागू नही होने देगी। कोयला मजदूर संघर्ष के लिए तैयार रहें। इस दौरान वितीय बजट की प्रति भी जलाई गई। मीट मीटिंग को रामनरेश सिंह, संजय वर्मा, लखेंद्र राय, नरेश मंडल, सुरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, जगरनाथ पासवान, आजाद भुंइया, दशरथ सिंह, आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर अनुज कुमार, अशोक राम, जग्गू घांसी, बासदेव उरांव, छोटेलाल बेदिया, शिव यादव, अनिल दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

# लम्बे घने और चमकदार बाल पाने का नेचुरल तरीका



` लेकिन अच्छे बाल रखने का सपना अवश्य साकार हो सकता है और इसके लिए आपको सही जानकारी चाहिए साथ ही उसे अपनाने का जज्बा होना चाहिए` यहां पर कुछ ऐसी टिप्स और तरीके बताए जा रहे हैं जो आपके बालों को नेचुरल तरीके से बढाएगा और साथ ही खूबसूरत भी बनाएगा`

अपने बालों को हमेशा और रेगुलर इंटरवेल पर ट्रिम कराते रहना चाहिए` बालों के डेड किनार उनके सबसे बड़े दुश्मन होते हैं`

यदि आप चाहें तो लंबे, चमकदार और हेल्दी बाल बड़ी आसानी से पाए जा सकते हैं` लेकिन इसके लिए आपको अपने बालों की थोड़ी केयर करनी होगी और नीचे दिए गए नेचुरल हेयर केयर टिप्स को अपनाना होगा। हर महिला की यह चाहत होती है, कि उसके बाल लंबे, घने, मजबूत, चमकदार और सुंदर हो` बालों को मेंटेन रखना और इन्हें अच्छी तरह से रखना एक चैलेंज होता है और तब और अधिक जब हमारी लाइफ स्टाइल अव्यवस्थित हो, प्रदूषण हो और खाने-पीने की आदतें अच्छी ना हो

रेगुलर बालों की ट्रिमिंग होते रहने से दो मुंहे बालों की समस्या नहीं होती और बालों का गिरना भी कम हो जाता है` दो मुंहे बाल आपके बालों की लंबाई को ही नहीं प्रभावित करते, बल्कि यह उनकी चमक यानी रेङ्क्षङ्गईंल्ली२२, और घने पन को भी कम कर देते हैं` इसलिए यह हमेशा याद रखें कि एक माह में बालों को ट्रिम कराने से इनकी नेचुरल ग्रोथ बढिया होती है

आपके बाल जो कंधे से नीचे हैं, वह कई साल पुराने होते हैं` इसलिए इन्हें अधिक पोषण और केयर की जरूरत होती है।

# फलों के छिलकों और टमाटर से निखारें सौंदर्य



**आप यह जानकर आश्चर्य करेंगे कि फलों के छिलकों और टमाटर सुन्दरता के लिए कितने फ़ायदेमंद होते है यहाँ इस आर्टिकल में आज हम आपको इनके बारे में बतायंगे इनमे से कुछ सरल और सफ्ल प्रयोगों का विवरण यहां प्रस्तुत किया जा रहा है।**

फल-सब्जियों के छिलकों को हम बेकार समझकर फैंक देते है, जबकि ये छिलके भी स्वास्थ्य और सौंदर्य संबंधी अनेक समस्याओं को दूर कर सकते है आयुर्वेद में सौंदर्यवर्द्धन हेतु छिलकों के प्रयोग की पुरानी परंपरा रही है।

**झाइयों को खत्म करें संतरे और नींबू के छिलकों से :** संतरे और नींबू के छिलकों को सुखाकर महीन पीस लें इस चूर्ण में गाय का कच्चा दूध और थोड़ा गुलाबजल मिलाकर चेहरे पर उबटन की भांति लगाऐं सूख जाने पर ताजे पानी से चेहरे पर धो लें इस प्रयोग से चेहरे पर पड़ी झाइयां मिट जाती है

**अनार और संतरे के छिलकों से मुहांसे का खात्मा :** अनार और संतरे के छिलकों को हल्दी के साथ पीस लें इसमें थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर नियमित लगाने से मुहांसों में काफी लाभ मिलता है

**काली त्वचा को गोरा बनायें नीबू से :** रस निकालने के बाद नींबू के छिलकों को फेंके नहीं कोहनी, घुटनों, उंगलियों के पोर और तलवों पर इन्हे रगड़ें इससे इन स्थानों  पर जमी मैल आसानी से साफ हो जाती है और यहां की त्वचा भी कोमल हो जाती है

**जलने के निशान मिटायें पपीते से :** अक्सर महिलाएं किचेन में खाना बनाते समय जल जाती हैं और उसके निशान पड़ जाते हैं` इन निशानों पर पपीते के छिलकों को रगड़ने से ये धीरे-धीरे मिट जाएंगे

**संतरे एवं नींबू के छिलकों से पायें स्वस्थ बाल :** संतरे एवं नींबू के छिलकों का चूर्ण आंवले डाले हुए पानी में मिलाकर बालों को धोने से, बालों की रूसी खत्म हो जाती है और लंबे व घने बनते हैं। इसका लगातार प्रयोग लाभकारी होता है।

**नाखूनों को बनायें दागरहित :** कई महिलाओं के नाखून गंदे और चमकरहित होते हैं, जो देखने में काफी बदसूरत लगते हैं। इन पर नींबू के छिलकों को नाखूनों पर रगड़ने से ये दागरहित, स्वच्छ और चमकीले हो जाते है इसलिए आप जब भी नीबू का प्रयोग करे तो छिल्के इस काम में लायें।



**दांतों की चमक बढ़ाएं नींबू के छिलकों से :** इसी तरह दांतों को चमकाने के लिए नींबू के छिलकों को सप्ताह में एक-दो बार दांतों पर रगड़ें साथ ही इसके छिलके को सुखा एवं पीसकर इसमें थोड़ा-सा पिसा हुआ नमक मिलाकर इसे मंजन की भांति भी इस्तेमाल कर सकती है इससे दांत के कीड़े भी दूर होते हैं। ध्यान रहे कि नींबू यों भी दांतों और मसूड़ो के स्वास्थ्य के लिए उत्तम माना गया है।

## जाने आपकी त्वचा कैसी है?

- टमाटर में त्वचा संबंधी कई प्रकार के विटामिन, साइट्रिक एसिड, खनिज, क्षार आदि मौजूद होने के कारण टमाटर एक प्रकार का सौंदर्यवर्धक है, जिसे नीचे दिए गए तरीकों से प्रयोग करके सौंदर्य में निखार लाया जा सकता है
- टमाटर के सूप में काली मिर्च डालकर नियमित पीने से कब्जियत दूर होती है, जिससे चेहरे पर चमक और शरीर मे चुस्ती बरकरार रहती है।
- टमाटर दूषित रक्त का शोधन करते है तथा चेहरे की त्वचा को गुलाबी आभा प्रदान करते है।
- टमाटर का जूस पीने से बाल चमकदार होते है बड़े टमाटर की मोटी-मोटी फांके काट कर गालों और आंखों के नीचे रखने से झाइयां और आंखों के काले घेरे हमेशा के लिए मिट जाते है।
- सावधानी झ टमाटर गुणकारी होने के बावजूद अत्यधिक मात्रा में सेवन करने से शरीर को हानि पहुंचाते है टमाटर ही क्या प्रत्येक चीज की अति खराब होती है जैसे झ पथरी के रोगियों को टमाटर का सेवन नहीं करना चाहिऐ अगर आप टमाटर के लाभ उठाना ही चाहते है तो आपको



# आंखें करती है डायबिटीज और डिमेंशिया की भविष्यवाणी

रेटिना की मोटाई का कम होना टाइप 2 डायबिटीज और डिमेंशिया जैसी बीमारियों का शुरूआती संकेत हो सकता है।

हाल ही में हुए एक अंतरराष्ट्रीय शोध में यह खुलासा हुआ है कि रेटिना की मोटाई का कम होना टाइप 2 डायबिटीज और डिमेंशिया जैसी गंभीर बीमारियों का शुरूआती संकेत हो सकता है। यह शोध ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किया गया और इसमें 50,000 से अधिक आंखों का गहन विश्लेषण किया गया।

सिरदर्द और पीरियड्स दर्द में ऐसे कर सकते हैं अदरक का सेवन, जानें आप -

सिरदर्द और पीरियड्स दर्द में ऐसे कर सकते हैं अदरक का सेवन, जानें आप

हाई बीपी वाले मरीजों के लिए इन फूड्स का सेवन हो सकता है

हानिकारक,   जानें सही खानपान

शोध में क्या निकला सामने?

मेलबर्न स्थित वॉल्टर और एलाइजा हॉल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल रिसर्च (डब्ल्यूईएचआई) के वैज्ञानिकों ने इस अध्ययन के दौरान रेटिना की विस्तार से मैपिंग की। उन्होंने पाया कि रेटिना का पतला होना केवल डायबिटीज और डिमेंशिया तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस) जैसी बीमारियों से भी जुड़ा हो सकता है।

रेटिना क्यों है महत्वपूर्ण?

रेटिना हमारी आंख के पीछे स्थित एक प्रकाश-संवेदनशील परत होती है, जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र का हिस्सा है। चूंकि डिमेंशिया, डायबिटीज और एमएस जैसी बीमारियां इस तंत्र की कमजोरी से जुड़ी होती हैं, इसलिए वैज्ञानिकों ने इसे एक महत्वपूर्ण संकेतक माना है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल

शोधकताओं ने इस अध्ययन के दौरान अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से 50,000 से अधिक रेटिना नक्शे तैयार किए और प्रत्येक नक्शे में 29,000 से अधिक बिंदुओं का विश्लेषण किया।

294 नए जीन की हुई पहचान

शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने 294 ऐसे जीन की पहचान की, जो रेटिना की मोटाई को प्रभावित करते हैं और इन बीमारियों के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। यह खोज भविष्य में बीमारियों की रोकथाम और उनके प्रारंभिक निदान में मदद कर सकती है।

आंखों की नियमित जांच है जरूरी

विशेषज्ञों का मानना है कि आंखों की नियमित जांच से इन बीमारियों का जल्द पता लगाया जा सकता है। रेटिना इमेजिंग तकनीक का उपयोग करके डॉक्टर शुरूआती चरण में ही इन समस्याओं को पहचान सकते हैं और उचित उपचार शुरू कर सकते हैं।

इस शोध से यह स्पष्ट होता है कि आंखों की देखभाल केवल दृष्टि से जुड़ी नहीं है, बल्कि यह हमारे पूरे शरीर की सेहत का दर्पण भी है। रेटिना की स्थिति पर ध्यान देकर हम गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगा सकते हैं और उनकी रोकथाम कर सकते हैं।

## बदलते मौसम में गले की खराश से रहते हैं परेशान, इंस्टेंट रिलीफ के लिए करें ये उपाय

जब सर्दी जुकाम की समस्या हो जाती है तो गले की खराश की समस्या आम बात हो जाती है। कई लोग इससे काफी दिनों तक परेशान रहते हैं। काफी उपाय करने के बाद भी उन्हें इससे छुटकारा नहीं मिलता है। जब आपको यह समस्या हो जाती है तो गले में दर्द और खाने में समस्या भी होने लगती है। ऐसे में यदि आप इससे छुटकारा पाना चाहते हैं तो आपके लिए ये कुछ घरेलू उपाय कारगर साबित हो सकते हैं। ऐसे में जानिए कौनसे वे घरेलू उपाय है जो आपकी गले की खराश को दूर करने में फायदमंद हो सकते हैं। गले की खराश को ठीक करने के लिए शहद एक प्रभावी उपाय है। एक चम्मच शहद को हल्के गर्म पानी में मिलाकर पीने से आपको राहत मिलेगी। शहद दर्द को कम करने में सहायक होता है और यह संक्रमण से मुकाबला करने में भी मदद करता है। हालांकि, जिन व्यक्तियों को मधुमेह है, उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए।

मुलेठी में एस्पिरिन के विशेष गुण पाए जाते हैं। यह एस्पिरिन गले के दर्द और खराश को कम करने में सहायक होता है। मुलेठी के एक टुकड़े को मुँह में रखने से भी आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं।

गर्म पानी और नमक

गर्म पानी और नमक गले की खराश को ठीक करने का एक प्रभावी तरीका है। गर्म पानी में नमक मिलाकर पीने से गले की सूजन कम होगी और जल्दी राहत मिलेगी। इसके अलावा, गर्म पानी में नमक डालकर गरारे करने से भी आराम प्राप्त होगा।

अदरक की चाय

अदरक गले की खराश को कम करने में सहायक होती है। इस चाय का सेवन करने से गले के दर्द और खराश में राहत मिलेगी। अदरक की चाय बनाने के लिए एक टुकड़ा अदरक को कूटकर पानी में डालें और उबालें। फिर इसे छान लें। अब इसमें एक चम्मच शहद और नींबू का रस मिलाकर पिएं। इससे आपको लाभ होगा।

दालचीनी सर्दी, जुकाम और गले की खराश के लिए एक प्रभावी उपाय है। आप इसे हर्बल चाय या काली चाय में मिलाकर पी सकते हैं। इसके अतिरिक्त, घर में बनाई जाने वाली चाय में भी दालचीनी डालकर इसका सेवन करना लाभकारी रहेगा।

# गर्म चाय से आपके सेहत को हो सकता है नुकसान



चाय, एक ऐसा पेय, जो हम हिंदुस्तानियों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है। अधिकतर लोगों के लिए हर दिन की शुरुआत सुबह की चाय के साथ होती है। अगर आप भी चाय पीने के शौकीन हैं तो हाल ही में हुए शोध पर आधारित यह खबर आपके लिए है। नियमित रूप से चाय पीने वाले लोगों का दिमाग चाय नहीं पीने वाले लोगों की अपेक्षा ज्यादा तंदुरुस्त रहता है। ये तो हो गई फायदे की बात, लेकिन अक्सर गर्म चाय पीना हमारी सेहत को भारी नुकसान भी पहुंचा सकता है।सिंगापुर में हुए एक शोध में ऐसा दावा किया गया है कि नियमित रूप से चाय पीने वाले लोगों का दिमाग, चाय नहीं पीने वाले लोगों की तुलना में ज्यादा तेज काम करता है। पूर्व में भी हुए कई शोधों में ये बात प्रमाणित हो चुकी है। दरअसल, दिमाग के प्रत्येक हिस्से का व्यवस्थित रहना स्वस्थ संज्ञानात्मक क्रिया यानी कि दिमाग की प्रतिक्रिया से जुड़ा हुआ है।नेशनल यूनिर्विसटी ऑफ सिंगापुर के असिस्टेंट प्रोफेसर फेंग लेई की अगुवाई में शोधार्थियों ने इन परिणामों तक पहुंचने के लिए 36 उम्रदराज लोगों के न्यूरोइमेजिंग डाटा को खंगाला। यह अध्ययन 2015 से लेकर 2018 के बीच 60 साल और उससे अधिक उम्र वाले 36 बुजुर्गों पर किया गया जिसमें उनकी सेहत संबंधी डाटा जुटाया गया।फेंग लेई ने कहा कि हमारे परिणाम मस्तिष्क के ढांचे पर चाय पीने से पड़ने वाले सकारात्मक योगदान की पुष्टि करते हैं। इससे साबित होता है कि नियमित रूप से चाय पीना दिमागी तंत्र में उम्र के कारण आने वाली गिरावट से भी बचाता है।चाय को लेकर पहले भी कई शोध हो चुके हैं। पूर्व के शोधों में यह बात साबित हो चुकी है कि चाय पीना कई दृष्टिकोण से सेहत के लिए फायदेमंद है। यह न केवल हमारे मूड/मिजाज में सुधार करता है, बल्कि हृदय और नसों संबंधी बीमारी से भी बचाता है।आम तौर पर लोगों को चाय-कॉफी वगैरह गर्म पीने का शौक होता है, लेकिन यह आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। जानकर हैरानी होगी, लेकिन शोध के जो परिणाम आए हैं, उनके अनुसार गर्म चाय पीने वाले लोगों के साथ कैंसर की समस्या पैदा हो सकती है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित शोध में बताया गया है कि गर्म चाय या कॉफी पीने से इसोफेगल यानी खाने की नली का कैंसर होने का खतरा रहता है।दरअसल, गर्म पेय हमारे गले के ऊतकों को काफी नुकसान पहुंचाती है। हर दिन नियमित रूप से 75 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक गर्म चाय पीने वालों में इसोफेगल कैंसर का खतरा दोगुना हो जाता है। इसलिए चाय को बहुत गर्म पीने की बजाय थोड़ा ठंडा कर के पीना ज्यादा अच्छा होता है।

# त्वचा के कालापन से पा सकते हैं छुटकारा



**अकसर गरदन, टखने, घुटने और कोहनियों का कालापन आसानी से नहीं जाता है । कुछ क्लींजर, ब्लीच, स्क्रब और पैक का नियमित इस्तेमाल करके इस समस्या को दूर किया जा सकता है ।**

## त्वचा की सफाई

- दूध व नीबू का रस मिलाएं और साफ त्वचा पर लगा कर 2 मिनट तक रखें` फिर रुई के फाहे को गीला करके निचोड़ें और उससे हल्के हाथ से मलते हुए त्वचा को साफ करें`
- नीबू के रस को दही में मिला कर त्वचा पर लगाएं और हल्का सूखने पर रुई के फाहे को गीला करके निचोड़े । त्वचा पर हल्के हाथ से मलते हुए पोंछ लें ।

## दोरंगी त्वचा

खीरे का रस हर तरह की त्वचा के लिए फायदेमंद है । खीरे के स्लाइस को गुलाबजल में डुबो कर फ्रिज में रख कर ठंडा कर लें फिर साफ चेहरे पर रखें । आंखों पर भी रख सकती हैं, इनके नीचे के काले घेरे भी दूर होंगे । त्वचा ऑइली है, तो खीरे के स्लाइस पर 2 बूंदें नीबू के रस की भी डाल सकती हैं ।

## गोरी रंगत के लिए स्क्रब

- 1 छोटा चम्मच बादाम का पेस्ट, 1 छोटा चम्मच मलाई, 1 छोटा चम्मच सूरजमुखी का तेल, 1 छोटा चम्मच गुलाबजल, 1/4 कप मसूर की दाल का पेस्ट, सभी को मिला कर पेस्ट बनाएं । इसे चेहरे पर लगाएं और 5 मिनट के बाद हल्के हाथ से धो लें । सूरजमुखी के तेल की जगह आप असेंशियल ऑइल की कुछ बूंदें भी मिला सकती हैं ।
- 5-6 बादाम का पेस्ट, 1/2 कप क्रीम, 2 बड़े चम्मच तिल का तेल और 1 छोटा चम्मच सूखे संतरे के छिलके का पाउडर लें । इसका पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाने के बाद 15 मिनट बाद धो लें ।
- 1 कप जौ का आटा, 1 कप दही और खीरे का रस सभी सामग्री को मिला कर पेस्ट बना कर 10 मिनट तक लगाएं । स्क्रब करके धो लें ।

## गरदन, कोहनी और टखने की त्वचा

- तुलसी त्वचा को स्वस्थ और चमकीला रखने में कारगर है । तुलसी का पेस्ट बेसन और दही में मिला कर साफ त्वचा पर लगाएं और 20 मिनट के बाद धो लें । ऐसा हफ्ते में 2 बार भी करें, तो कोहनियां साफ हो जाएंगी ।
- संतरे के छिलकों के बारीक पाउडर में थोड़ा शहद व मलाई मिला कर हफ्ते में 2 बार इसका प्रयोग करें । कुछ ही दिनों में त्वचा पर इसके नतीजे नजर आएंगे ।
- मलाई में 1 चम्मच सेब या मूली का रस मिला कर लगाएं । त्वचा की झांइयां व सांवलापन ठीक हो जाता है ।
- मुलतानी मिट्टी, जौ का आटा, संतरे का पाउडर व मलाई का मिश्रण गरदन और घुटनों की त्वचा के रंग को निखारता है ।
- संतरे के रस में भिगोयी हुई चने की दाल को दूध में पीस कर उबटन लगाने से रंग में निखार आता है ।
- 1 बड़ा चम्मच बेसन व 3 बड़े दूध को मिला कर पेस्ट बना लें । इस पेस्ट को रोज लगाने से कालापन दूर होता है ।
- 1/2 कप सूजी, 2 बड़े चम्मच दही, 1 छोटा चम्मच शहद, 1 बड़ा चम्मच पपीते के पल्प मिलाएं । इसमें मौजूद विटामिन बी कोशिकाओं को पुनर्जीवित करता है । त्वचा की रंगत निखरती है।

स्पीड न्यूज



## धर्म संस्था प्रीति समारोह का कौमाराम पूजा संपन्न

**जमशेदपुर।** 77वें धर्म संस्था प्रीति समारोह के भाग के रूप में आज सुबह पारंपरिक महा गणपति हवन के बाद, बिस्टुपुर के खरखई लिंक स्थित श्री धर्म संस्था मंदिर में श्री कौमाराम पूजा संपन्न हुई। फिर आए हुए 32 वेद पंडितों ने मूल मंत्र जाप और हवन कराया। फिर हवन में पूणार्हुति भी दी गयी। सभी पूजा और हवन मुख्य पुजारी विजय भानु के मार्गदर्शन में मंदिर के अध्यक्ष श्री पीएन शंकरन ने किये। फिर श्री कार्तिक का कलश अभिषेक किया गया। महाआरती दिखाने के बाद मंदिर के सदस्यों ने भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया।

## टाटा स्टील समेत चार कंपनियों के आसपास प्रदूषण जांच

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार प्रदूषण जांच हेतु गठित टीम ने टाटा स्टील, टाटा पॉवर, टाटा मोटर्स और नुवोको सीमेंट प्लांट एवं आसपास के क्षेत्र का दौरा कर एक्यूआई लेवल की स्थितियों का आकलन किया। अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय टीम में जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार तथा झारखंड प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय पदाधिकारी रामप्रवेश कुमार शामिल हैं। जांच टीम के रिपोर्ट समर्पित करने के बाद एक्यूआइ लेवल पर अग्रेत्तर कार्रवाई होगी।

## बोलेरो और पिकअप की भिड़ंत में दो घायल

**गम्हरिया।** कांड्रा-सरायकेला मार्ग पर गढ़ दुगनी के समीप बोलेरो और छोटा हाथी यात्री वाहन में बुधवार को हुई टक्कर में चालक समेत दो छोटा हाथी वाहन पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों से सहयोग से तत्काल इलाज हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया गया। बताया गया है कि छोटा हाथी यात्री वाहन सरायकेला से सवारी लेकर टाटा जा रहा था। इसी क्रम में कांड्रा की ओर से आ रहे बोलेरो से उसकी टक्कर हो गई।

## गोइलकेरा क्रिकेट लीग का फाइनल आज

**गोइलकेरा।** वीर शहीद देवेंद्र माझी मेमोरियल पांचवां गोइलकेरा क्रिकेट लीग का समापन 6 फरवरी को होगा। फाइनल मुकाबला कोल्हान किंग्स बनाम फॉरेस्ट फाइटर्स के बीच खेला जायेगा। इससे पहले शहीद देवेंद्र माझी इलेवन और पब्लिक इलेवन के बीच प्रदर्शनी मैच खेला जायेगा। दोनों मैच डालईकेला मैदान में खेला जायेगा।

## आज फिर नहीं हुई जलापूर्ति

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर जलापूर्ति योजना का संचालन कर रहे जेमिनी इंटरप्राइजेज को पेयजल विभाग द्वारा 12 महीना से पेमेंट नहीं होने के कारण आज उनके द्वारा गोविंदपुर जलापूर्ति योजना को व्हाट्स अप के माध्यम से नोटिस देकर ठप कर दी गयी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# इंकैब कंपनी के खिलाफ पारित अवैध आदेशों के खिलाफ एनसीएलएटी में अपील दायर

**›› कर्मचारी भगवती सिंह ने दायर की है अपील**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भगवती सिंह ने एनसीएलएटी, नयी दिल्ली में एनसीएलटी द्वारा 08.01.2025 को इंकैब कंपनी के खिलाफ पारित आदेशों के खिलाफ एनसीएलएटी में अपील दायर की है।

अपील में भगवती सिंह ने कहा है कि एनसीएलटी ने बिना कोई वैध कारण बताये इंकैब के जमशेदपुर प्लांट के लगभग 2000 श्रमिकों के वैध दावे को खारिज कर दिया।

एनसीएलटी ने एक बेतुका आदेश पारित करते हुआ कहा कि पूर्व रेसोलुशन प्रोफेशनल श्री शशि अग्रवाल के खिलाफ आरोप श्री शशि अग्रवाल को हटाने के साथ ही निरर्थक हो गया तदनुसार, हम इस आवेदन को खारिज करते हैं। हलाकि पीएफ विभाग के आवेदन पर आदेश पारित करते हुआ नये रेसोलुशन प्रोफेशनल, पंकज टिबरेवाल को आदेश दिया कि मजदूरों के पीएफ और ग्रेच्युटी के लिए रसोलूशनल प्लान में पूरी व्यवस्था करे जो कि तभी संभव है जब मजदूरों के सही और वैधानिक दावे को स्वीकार किया जाय!

मजदूरों ने अपने अपील में आगे कहा है कि माननीय एनसीएलटी ने जहाँ एक ओर यह माना हैं कि इंकैब ने आईसीआईसीआई और एक्सिस बैंक से 1985 और 1988 में कर्ज लिया था पर माननीय एनसीएल टी ने इस बात को अनदेखा किया कि इंकैब कंपनी



जमशेदपुर में बंद पड़ा इंकैब इंडस्ट्रीज का प्लांट।

1993 -1996 तक पूरी तरह बंद रही थी इसलिए ये सारे कर्ज 1992 में गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में तब्दील हो गए और 1996 के बाद कालातीत हो गए और इन कर्जों की देनदारी 1996 के बाद सदा के लिए समाप्त हो गयी। पर माननीय एनसीएलटी ने दिवाला और दिवालियापन संहिता की धारा 238 अ और परिसीमन अधिनियम के अनुच्छेद 137 के तहत इन कर्जों को कालातीत घोषित नहीं किया और रमेश घमंडी राम गोवानी की कंपनियों कमला मिल्स लिमिटेड और फसका इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के फर्जी दावों को रिजोल्यूशन प्रोफेशनल पंकज टिबरेवाल को फिर से सत्यापित करने को कहा। ज्ञातव्य है कि कमला मिल्स और फसका कंपनियों ने यह फर्जी दावा किया है कि आईसीआईसीआई बैंक ने उन्हें अपनी गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) को 21-02-2006 में बेच दिया था। दूसरी ओर माननीय एनसीएलटी ने अप्रत्याशित तरीके से पेगासस रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के फर्जी दावे को स्वीकार कर लिया। ज्ञातव्य है कि पेगासस ने भी फर्जी दावा किया है कि आईसीआईसीआई बैंक ने उसे 29 -02 -2016 को अपनी गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) को बेच दिया था। जबकि यह स्थापित कानून है कि अगर तीन साल तक वसूली कि कोई प्रक्रिया नहीं शुरू कि गयी तो तीन साल के बाद सारे कर्जे कालातीत हो जाते हैं और उसकी देनदारी खत्म हो जाती है।

एनसीएलटी ने इसी तरह की गलती ट्रॉपिकल वेंचर्स के फर्जी दावे पर भी की है। ट्रॉपिकल वेंचर्स ने दावा किया है कि आईसीआईसीआई, एक्सिस, एचएसबीसी और सिटी बैंकों ने इंकैब को 1998 को जो कर्ज दिया था उस कर्ज को यूनिवर्सल लीडर ने 2000 और 2001 में लौटा दिया और उस कर्ज को 08 - 03 - 2007 को एक असाइनमेंट डीड के द्वारा उसे बेच दिया। मजदूरों ने अपने अपील में माननीय एनसीएलएटी में गुहार लगाई है कि 1998 में इंकैब को दिए गए किसी कर्ज का कोई दस्तावेज माननीय एनसीएलटी के पास नहीं है और अगर थोड़ी देर के लिए मान भी लें कि 1998 में आईसीआईसीआई, एक्सिस, एचएसबीसी और सिटी बैंकों ने इंकैब को कोई कर्ज दिया था तब भी ये सारे कर्ज 30 -09 -2017 तक पूरी तरह से कालातीत हो गए और इंकैब की 30 -09 - 2017 के बाद कोई देनदारी इन बैंकों को नहीं है।

मजदूरों ने एनसीएलएटी को यह भी बताया है कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने 06 -01 -2016 के आदेश में बिल्कुल साफ साफ लिखा है कि इंकैब कि सभी बैंकों और वित्तीय संस्थानों केवल 21 करोड़ 63 लाख देने हैं पर एनसीएलटी ने कमला मिल्स, पेगासस, ट्रॉपिकल वेंचर्रस आदि फर्जी कंपनियों के 4000 करोड़ के फर्जी दावे को मंजूर कर लिया।

# बोर्ड के पास प्रदूषण के रियल टाइम आंकड़े नहीं : सरयू राय

■ वायु प्रदूषणः सरयू राय ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को लिखा पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमसेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को पत्र लिख कर जमशेदपुर में वायु प्रदूषण की जांच की तरफ उनका ध्यान आकर्षित किया है।

सरयू राय ने उपायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि जमशेदपुर के कुछ अखबारों के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आपके स्तर से उपर्युक्त विषय में एक टीम गठित की गई है जिसने कल जमशेदपुर के प्रमुख उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की है और आगे राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सर्वर से प्रासंगिक आंकड़े प्राप्त कर टीम इस बारे में ठोस निष्कर्ष पर पहुंचेगी।

श्री राय ने लिखा कि जमशेदपुर के वायु प्रदूषण पर मुख्यमंत्री की गम्भीरता और तदनुसार आपके स्तर से की गई पहल सराहनीय है, परंतु उन्हें (श्री राय) इस पहल की सफलता पर संदेह है। कारण यह है कि जमशेदपुर में ऑनलाइन रियल टाइम प्रदूषण के सही आंकड़े राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास नहीं है। इस संबंध में बोर्ड ने अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्वक पालन नहीं किया है। विगत दिनों जमशेदपुर सहित झारखंड के अन्य स्थानों पर प्रदूषण की स्थिति के बारे में विधानसभा में पूछे गए मेरे एक प्रश्न के भ्रामक उत्तर, कहा जाय तो गलत उत्तर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिया है।



श्री राय ने लिखा कि एंबियंट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड, 2009 के अनुसार, वायु प्रदूषण के 12 पैरामीटर्स को ऑनलाइन रियल टाईम प्रदर्शित करने के लिए फैक्ट्रियों के भीतर और बाहर सीएएक्यूएमएस (कंटीन्यूअस एंबियंट एयर क्वालिटी मॉनीटरिंग सिस्टम) स्थापित करना है। कुछ ही फैक्टरियों ने यह सिस्टम स्थापित किया है वह भी सभी 12 पैरामीटर्स के लिए नहीं। जिन फैक्टरियों ने अपने चहारदीवारी के भीतर यह सिस्टम लगाया है, वे भी इसके सेंसर के साथ छेड़छाड करते रहती हैं। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इसके प्रति कभी गंभीर नहीं रहा है। इन आंकड़ों की मैनुअल आकस्मिक जांच तो बोर्ड ने कभी किया ही नहीं है।

सरयू राय के अनुसार, फैक्ट्रियों के बाहर साकची चौक, बमामाइंस चौक, डिमना चौक, मानगो चौक, बिष्टुपुर चौक जैसे सार्वजानिक स्थानों पर तो जमशेदपुर में एक भी सीएएक्यूएमएस स्थापित नहीं है। फिर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जमशेदपुर के प्रदूषण के आँकड़े कहाँ से मिलेंगे? इसके अतिरिक्त सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार रेड श्रेणी के सभी उद्योगों को ओसीईएमएस (ऑनलाइन कंटीन्यूअस एमिशंस एंड इफ्यूलेंट मऑनीटरिंग सिस्टम) स्थापित करना है जो सीधे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सर्वर से जुड़ा रहेगा। इस मामले में भी उद्योगों द्वारा कोताही और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। फिर कोई भी टीम बन जाए, जमशेदपुर के प्रदूषण के सही आंकड़े नहीं प्राप्त हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त परिवहन एवं अन्य प्रदूषकों से होने वाले आंकड़ों को एकत्र करने के लिए जमशेदपुर में एक भी उपकरण स्थापित नहीं है। इस मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लापरवाह और क्षमताविहीन भी है।

## एक नजर में

## पेसा कानून लागू करने से पहले प्रारूप को सार्वजनिक करें सरकार : श्यामल मार्डी



**चांडिल।** बुधवार को कुंकडू के चोकेगाड़ीया में शयामल मार्डी की अध्यक्षता में पेसा एक्ट 1996 के संबंध में विशेष विचार विमर्श को लेकर बैठक की गयी। यह बैठक आदिवासी भूमिज-मुंडा युवा संगठन चांडिल अनुमंडल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में पेसा एक्ट 1996 के सभी मूल प्रावधानों के संबंध में उपस्थित लोगों को जानकारी दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार पेसा कानून लागू करने से पहले पेसा नियमावली की प्रारूप को सार्वजनिक करें। इस मौके पर श्यामल मार्डी, रविन्द्र सरदार, रमेश हांसदा, डोमन बासके, नारायण हांसदा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## घोड़ाबाबा मंदिर में पूजा कर बाइक से गये त्रिवेणी



**गम्हरिया।** घोड़ाबाबा मंदिर में पूजा अर्चना कर गम्हरिया क्षेत्र के चार युवक बुधवार को दो बाइक पर सवार होकर त्रिवेणी संगम प्रयागराज महाकुंभ रवाना हुए। युवकों ने बताया कि 144 वर्ष पश्चात अब यह महाकुंभ का योग आया है। इसलिए इस महाकुंभ में हर एक व्यक्ति को जाकर स्नान करना चाहिए। बताया कि उन्होंने प्रयागराज के लिए बस और ट्रेन के टिकट का काफी प्रयास किया, लेकिन टिकट उपलब्ध नहीं हो पाया। हवाई जहाज की टिकट काफी ज्यादा महंगी होने के कारण उन्होंने तय किया कि अब वह इस दूरी को अपनी बाइक से ही तय करेंगे। बाइक से प्रयागराज रवाना होने वालों में गम्हरिया निवासी गौरव बनर्जी, अनुज कुमार दास, फुची गोराई एवं सुकुमार दास शामिल हैं।

## जादूगोड़ा : बेटी प्रियंका भक्त बनी बीएड टॉपर



**जादूगोड़ा।** यूसिल कर्मी अमियों रंजन की बेटी प्रियंका भक्त जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की बीएड टॉपर बन जादूगोड़ा का नाम रौशन किया है। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने मंगलवार को सिदगोड़ा कॉलेज कैंपस में आयोजित दीक्षित समारोह में गोल्डमेडल, प्रमाण पत्र डिग्री देकर सम्मानित किया। प्रियंका जादूगोड़ा स्थित परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय में 2015 में मैट्रिक की छात्रा रही हैं। यही से 12वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर उच्च शिक्षा हेतु प्रियंका भक्त ने 2023 में गुरु गुरु घासी विश्वविद्यालय बिलासपुर में नामांकन लिया। कड़ी मेहनत के बल पर वह बायोटेक्नोलॉजी में गोल्ड मेडल हासिल कर अपने हुनर का प्रदर्शन किया गोल्ड मेडल हासिल की। जिससे प्रभावित होकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें सम्मानित कर उसका हौसला अफजाई की थी। इस सफलता की लेकर प्रियंका भक्त काफी गौरवान्वित महसूस कर रही है व युवाओं को सफलता के कई टिप्स भी दिये।

## सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025-26 पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर समपन्न

**इटकी।** प्रखंड सभागार में पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के द्वारा सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025-26 के सफल क्रियान्वयन को लेकर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को समपन्न हो गया। प्रशिक्षण में बेड़ो, इटकी, लापुंग, नगड़ी और नामकुम प्रखंड के 52 पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ई-ग्राम स्वराज, प्रशिक्षण प्रबंधक पोर्टल, पीडीआई और जीईएम पोर्टल संचालन हेतु पंचायत कार्यालय में कार्यरत पंचायत वीएलई को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर मास्टर ट्रेनर खालिद अंसारी ने कहा कि पंचायत के विकास के लिए पंचायत सहजकर्ता टीम का गठन किया जाता है। जो पुरे पंचायत में घूम कर विकास योजनाओं के लिए महौल तैयार करते हैं। पंचायत के जरूरत और प्रथमिक्ता के आधार पर योजनाओं का चयन करते हैं। योजना चयण के बाद पंचायत वीएलई के द्वारा ऑनलाईन प्रक्रिया किया जाना है। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण के सफल संचालन में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार, जिला समन्यवयक अकाश कुमार, बीपीआरओ रहीस मलिक, प्रखंड पंचायती राज समन्यवयक शनि कुमार बाखला, मास्टर ट्रेनर गौतम कुमार सिंह, हसनैन अहमद, कम्पयुटर ऑपरेटर सौरव कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# जेसीएपीएल 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट टेल्को में 8-9 को

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसाइटी (जेसीएस) द्वारा शहर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट जेसीएपीएल 2025 का आयोजन 8 और 9 फरवरी को ट्यूब मेकर्स क्लब, टेल्को में किया जायेगा। इसके शीर्ष प्रायोजक कुलदीप संस ज्वेलर्स, जबकि ट्रैस्टार मोटर्स पावर्ड बाय प्रायोजक हैं। टूर्नामेंट में जमशेदपुर के लगभग 100 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स हिस्सा लेंगे, जिनमें 6 पुरुषों की और 2 महिलाओं की टीमें शामिल हैं। यह पहली बार होगा जब महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट्स भी क्रिकेट के मैदान में उतरेंगी। टूर्नामेंट की टीमों के नाम इस प्रकार हैंः- 1. दलमा डायनामाइट्स, 2. डिमना ड्यूक्स, 3. जमशेदपुर जुबिलियंट्स, 4. कालीमाटी राजा, 5. स्टील स्मैशर्स, 6.टाटा टाइटन्स, 7. जुबली क्वींस (महिला टीम) एवं 8. जमशेदपुर दिवस (महिला टीम)।

# दलमा टॉप पर होगी आजसू पार्टी का संगठन विस्तार को ले कोल्हान प्रमंडल स्तरीय बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** 10 फरवरी को पूर्वी सिंहभूम,पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिला का कोल्हान प्रमंडल स्तरीय संगठन विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक निर्मल गेस्ट हाउस जमशेदपुर में आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक में आयोजित की हुई।

अध्यक्षता कर रहे आजसू पार्टी जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत सभी केंद्रीय पदाधिकारी, सभी जिला पदाधिकारी, सभी प्रखंड अध्यक्ष सचिव सभी मंडल अध्यक्ष



बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस।

सचिव के आलावे चयनित पदाधिकारी संग दलमा हिलटॉप में बैठक करेंगे। इसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

इसके अलावा, तीन जिलों के केंद्रीय पदाधिकारी एवम सदस्य, जिला पदाधिकारी एवं सदस्य, नगर पदाधिकारी एवं सदस्य, प्रखंड पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख एवं अन्य वरिष्ठ नेता बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

बैठक में केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि बैठक में प्रमुख रूप से कार्य करने वाले पदाधिकारियों को टास्क दिया जायेगा जो निम्नलिखित बिंदुओं पर कार्य करेंगे।

## ओरमांझी में विसर्जन पूजा व भंडारे का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में विसर्जन पूजा कर बुधवार को गांव के विभिन्न जलाषयों में मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। वहीं पृथ्वी क्लब ओरमांझी में सरस्वती पूजा के अवास पर भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं शाम को प्रतिमा का विसर्जन किया गया। देवी मंडप यूवा क्लब करमा में आयोजित विसर्जन पूजा में क्लब के सदस्यों के अलावे गांव के कई स्कूली बच्चें विद्यादायनी मां सरस्वती की अराधना की गई। इसके अलावे षिव शक्ति क्लब मंडाटोली पांचा सहित कई पूजा समिति व क्लबों द्वारा शोभात्रा निकाल कर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान डीजे की धून पर युवाओं द्वारा नृत्य भी किया गया। विसर्जन पूजा व भंडारे में क्लब के अध्यक्ष मंगल महतो, सचिव रोहित गोप, कोषाध्यक्ष पप्पु महतो, अकाष गोप, राहुल महतो सिमसिम, रवि महतो, आनंद गोप, अनिल गोप, आकाष महतो, बादल महतो, सूरज गोप, विवेक साहू, छोटु गोप, आर्यन यादव, आदित्य यादव, रामविलाष गोप, करन गोप, अजय गोप, राहुल यादव, साक्षी सौंडिक, हंसिका रानी, षिल्पी कुमारी, अभिजीत कुमार साहू, अष्वनी साहू, हिमांषु कुमार, उज्जवल कुमार साहू सहित कई लोग शामिल थें।

## एएस पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**नामकुम।** बुधवार को मौलाना आजाद कालोनी, लोवाडिह स्थित एएस पब्लिक स्कूल में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में स्कूल के छात्रों ने विज्ञान के मुख्य सिद्धांतों, अवधारणाओं एवं तथ्यों का विज्ञान परियोजनाओं व मोडल के माध्यम से बड़े ही रोचक, व्यवहारिक व सरल तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वार्ड 12 के निवर्तमान पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, आजसू बुद्धिजिवी मंच के जिला अध्यक्ष शहजाद आलम और समाज सेवी सुहैल अख्तर उपस्थित थे। प्रदशनी में प्रथम पुरस्कार विजेता अल्तमश शहजादा, रिम्शा रहमानी, आदिल अकमल और अलमास परवीन की टीम रही जिन्होंने सौर ऊर्जा का भविष्य विषय पर परियोजना बनाई। वहीं द्वितीय पुरस्कार विजेता फैजान अंसारी, महविश परवीन, शगुफ्ता परवीन की टीम रही जिनके द्वारा ओटोमेटिक इमरजेंसी ब्रेक विषय पर परियोजना बनाई गयी एवं तृतीय पुरस्कार सामिया खानम, जन्नत परवीन, उजमा, सौम्या परवीन की टीम रही जिन्होंने मानव हृदय की कार्यशैली पर परियोजना बनाई। सभी विजेता टीमों को अतिथियों के द्वारा सर्टिफिकेट व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।

# दोहरे हत्याकाण्डः परिजनों व ग्रामीण ने की अपराधियों को गिरफ़्तारी करने की माँग

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** थाना क्षेत्र के कतरपा गांव में मंगलवार की शाम हुए दोहरे हत्याकाण्ड से आक्रोशित परिजनों और सैकड़ों ग्रामीण लाठी डंडों से लैस होकर राँची गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 23 के बीचों बीच चेकपोस्ट बैठ कर अपराधियों को शीघ्र गिरफ़्तारी की माँग करने लगे बुधवार को सुबह दस बजे से जाम में बैठे सैकड़ों लोगों ने सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर के 04 बजे तक करीब छह घंटा जाम रखा। जाम कर रहे जामकर्ताओ का कहना था कि प्रशासन जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी करें जाम कर रहें ग्रामीणों के गुस्सा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सिर्फ एम्बुलेंस को





जाने दे रहे थे। मौके पर उपस्थित कांग्रेसी नेता अजय नाथ शाहदेव सहित स्थानीय जिप सदस्य पूनम देवी, समाजिक कार्यकर्ता तपेश्वर केसरी केदार महतो बजरंग महतो विनोद तिर्की चुडामनी महतो प्रभात तिर्की राखी देवी शीला देवी गुलरेज अंसारी राजेंद्र महतो सहित दर्जनों शांति समिति के सदस्य ने कई बार समझाने का प्रयास किया पर जमाकर्ता अपनी माँग पर अड़े रहे करीब तीन बजे जमाकताओं ने छह सूत्री माँग पत्र सौंपा जिसमें अपराधियों को अविलंब गिरफ़्तारी, दोनों को शहीद का दर्जा दोनों मृतकों के परिजनों को पचास पचास लाख मुआवजा राशि दें दोनों को जनवितरण दुकान दे इनके बच्चों को शिक्षा का पूरा ज़िम्मा ले। नगडी क्षेत्र को अपराध मुक्त करने की माँग रखी मौके पर ग्रामीण एसपी के प्रयास से प्रखण्ड प्रमुख मदुआ कच्छप और सुनील लिंडा के समझाने और लिखित रूप से देने की बात पर जाम कर रहे ग्रामीण और मृतक के परिजन जाम खुलवाने पर तैयार हुए मौके पर मांग पर ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने कहा सभी मांगो को राँची डीसी को सौंप दिया जाएगा मौके पर नगडी सीओ राजेश कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत ने मृतकों के परिजनों को तत्काल दस दस हजार रूपया का सहयोग राशि सौंपा मौके पर प्रशासन की ओर से

जाम स्थल पर ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, मुख्यालय 2 डीएसपी अरविंद सिंह, ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल तिवारी, रातू थाना प्रभारी रामनरायण सिंह नगडी थाना प्रभारी अभिषेक राय सहित सैकड़ों पुलिस के जवान जाम स्थल पर उपस्थित थे छह घंटा लगातार जाम हटने के बाद जब रिम्स से दोनों मृतकों का शव गाँव पहुँचा तो सैकड़ों की संख्या में शामिल ग्रामीण लाटी डंडा से लैस होकर पुनः दोनों मृतकों का शव लेकर चेकपोस्ट पहुँच कर बीच रोड में शव को रख राँची गुमला राजमार्ग संख्या-23 को शाम सात बजे से दुबारा रोड जाम कर दिये और फिर से वहीं माँग कर रहे हैं। जाम होने से दोनों और वाहनों का आवागमन ठप हो गया है

## चलंत लोक अदालत जागरूकता वैन पहुंची तारूप

# सस्ता न्याय के लिये लोक अदालत जरूरी : कविता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की चलंत लोक अदालत सह जागरूकता वैन पश्चिम तारूप पहुंची। इसमें एलएडीसी डिपुटी चीफ कविता कुमारी खाती, एलएडीसी सहायक, स्वीकृति विनाया, पीएलवी पुष्पलता देवी, निशांत निश्चल, सुनिता देवी, नेहा तिर्की, प्रीतम सक्सेना, अफरोज अंसारी व राजा वर्मा थे। खाती ने 22 फरवरी को आयोजित विवाह व चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत व 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत पर चर्चा की और कहा कि सस्ता न्याय के लिये लोक अदालत से बेहत्तर कोई जगह नहीं है। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध के बारे में जानकारी दी। एलएडीसी अधिवक्ता, स्वीकृति विनाया ने डायन बिसाही पर कहा कि किसी भी महिला या पुरुष को डायन कहना कानूनन अपराध है। इसमें सजा का प्रावधान है। उन्होंने युवाओं को नशा न करने की सलाह दी। डालसा की पीएलवी ने विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, जॉब कार्ड, राशन कार्ड व सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया। लिफलेट व पम्पलेट का वितरण किया गया। पुष्पलता देवी व निशांत निश्चल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाले सुविधाओं से लोगों को अवगत कराया।

## वनडे सीरीज के दौरान कोहली-रोहित की फॉर्म पर होगी नजर, 453 दिन बाद मैदान पर उतरेगा जो रूट

# उत्साहित भारतीय टीम जीत के इरादे से उतरेगी

- इंग्लैंड की टीम में अनुभवी बल्लेबाज जो रूट की वापसी
- नागपुर में पहली बार वनडे में भिड़ रही हैं भारत-इंग्लैंड



### दोनों टीम इस प्रकार हैं

**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड** : जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जो रूट, फिलिप साल्ट, जेमी स्मिथ, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्स, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, साकिब महमूद, आदिल राशिद, मार्क वुड।

**मैच का समय : दोपहर 1:30 बजे।**

### भविष्य की अटकलों को रोहित ने किया खारिज, बोले - इंग्लैंड सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी पर ध्यान

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को लेकर चल रही अटकलों को खारिज कर दिया। इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को होने वाले पहले वनडे मैच से पहले रोहित ने कहा कि जब उनका ध्यान इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी पर है, ऐसे समय करियर को लेकर बात करना गैर जरूरी है। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद भारतीय टीम 19 फरवरी से होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेगी। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जब तीन वनडे और चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है तो मेरे लिए अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में बात करना कितना प्रासंगिक है। मेरे भविष्य पर खबरें कई वर्षों से चल रही हैं और मैं उन खबरों पर स्पष्टीकरण देने के लिए यहां नहीं हूं। मेरे लिए इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच और चैंपियंस ट्रॉफी बहुत महत्वपूर्ण हैं। मेरा ध्यान इन मुकाबलों पर है और मैं देखूंगा कि इसके बाद क्या होता है।

### शमी करेंगे वनडे टीम में वापसी

शमी वनडे विश्व कप 2023 में शानदार फॉर्म में थे और आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में खेलने के बाद वह अब इस प्रारूप में खेलेंगे। टी20 सीरीज में टीम दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरी थी, लेकिन वनडे में तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों का होना जरूरी है। ऐसे में शमी को मौका मिल सकता है। कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव चोट से वापसी कर रहे हैं, इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने के कारण स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। उन्हें वनडे में डेब्यू का मौका मिल सकता है और वह अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल होने का मजबूत दावा पेश कर सकते हैं।

### रोहित-कोहली पर होंगी नजरें

इस सीरीज से भारतीय टीम प्रबंधन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सही संयोजन तलाशने की भी कोशिश करेगा। कप्तान रोहित और कोहली जैसे खिलाड़ी पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं और उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह रहेगी। यह दोनों स्टार खिलाड़ी पिछले महीने रणजी ट्रॉफी में भी खेले थे, लेकिन उसमें भी असफलता ही उनके हाथ लगी थी। अब वह उस प्रारूप में वापसी करेंगे जिसमें उन्होंने वर्षों तक अपना दबदबा बनाए रखा था।

### जोफ्रा आर्चर और शाकिब पर है गेंदबाजी की जिम्मेदार

वहीं बॉलिंग की बात करें तो जोफ्रा आर्चर और शाकिब महमूद पर पेस बॉलिंग की जिम्मेदारी होगी। इसके अलावा अनुभवी स्पिनर आदिल राशिद को भी अंतिम 11 में शामिल किया गया है। वहीं जैकब बैथल और ब्रायडन कार्स भी प्लेइंग इलेवन में हैं। ऐसे में टीम इंडिया के लिए इंग्लैंड की इस प्लेइंग इलेवन के सामने चुनौती आसान नहीं होगी। हालांकि, इसी प्लेइंग इलेवन के साथ इंग्लैंड की टीम टी20 सीरीज में भी मैदान पर उतरे थी, लेकिन भारतीय टीम के खिलाफ उसे 4-1 से हार का सामना करना पड़ा।





**एजेंसी**

**नागपुर।** भारतीय टीम गुरुवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उचित टीम संयोजन तैयार करना चाहेगा जिसमें कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की फॉर्म और फिटनेस पर भी नजर रहेगी। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला पाकिस्तान और दुबई में 19 फरवरी से शुरू वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत की अंतिम प्रतियोगिता होगी जो टी20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास लेने वाले रोहित और कोहली के करियर के लिए भी निर्णायक साबित होगी। भारतीय टीम के लिए कुछ खिलाड़ियों की फॉर्म ही चिंता का विषय नहीं है, उसे इस पर भी काफी माथापच्ची करनी होगी कि ऋषभ पंत और केएल राहुल में से विकेटकीपर की भूमिका कौन निभाएगा। रोहित और उप-कप्तान शुभमन गिल पारी की शुरूआत करेंगे। उनके बाद कोहली और श्रेयस अय्यर उतरेंगे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज को पांचवें नंबर पर उतारा जा सकता है। इसके बाद हार्दिक पंड्या का नंबर आता है। पंत की अनुपस्थिति में वनडे विश्व कप 2023 में राहुल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली थी तथा उन्होंने 452 रन बनाए थे। उनकी उपस्थिति में टीम का अच्छा संतुलन बना लेकिन बीच के ओवरों में लगातार स्ट्राइक रोटेट करने में उनकी नाकामी चिंता का विषय होगी। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में दाएं हाथ के बल्लेबाजों की भरमार है और ऐसे में पंत बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के कारण उसमें विविधता लाते हैं। वह आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हैं और ऐसे में वह टीम के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं। भारतीय टीम प्रबंधन इन दोनों के साथ उतर सकता है लेकिन ऐसे में अय्यर को बाहर बैठना पड़ेगा जो उपयोगी योगदान देते रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और स्पिनर कुलदीप यादव को भी मैच अभ्यास का मौका मिलेगा। यह दोनों चोट से उबर कर वापसी कर रहे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के कारण स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। उन्हें यहां वनडे में पदार्पण का मौका मिल सकता है और वह अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल होने का मजबूत दावा पेश कर सकते हैं।

# अभिषेक शर्मा ने लगाई बड़ी छलांग


## करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे पायदान पर पहुंचे

**एजेंसी**

**दुबई।** आइसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में भारत के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बड़ी छलांग लगाई है। वह बल्लेबाजों में करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 में अभिषेक ने बेहतरीन शतक जड़ा था। इसका फायदा उन्हें आइसीसी की रैंकिंग में मिला और उन्होंने 38 स्थानों की छलांग लगाई। अभिषेक के दूसरे पायदान पर पहुंचने की वजह से तिलक को अपना स्थान गंवाना पड़ा। तिलक एक स्थान के नुकसान के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गए। ट्रेविस हेड टी20 बल्लेबाजों में शीर्ष पर बने हुए हैं।

#### टी20 बल्लेबाजों में शीर्ष-10

हेड के पास 855 रेटिंग अंक हैं। वहीं, अभिषेक के 829 रेटिंग अंक और तिलक के 803 रेटिंग अंक हैं। चौथे नंब पर 798 रेटिंग अंकों के साथ फिल सॉल्ट और पांचवें नंबर पर 738 रेटिंग अंकों के साथ भारत के मौजूदा टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। इसके बाद जोस बटलर, बाबर आजम, पाथुम



निसांका, मोहम्मद रिजवान और कुसल परेरा का नंबर आता है। अभिषेक के ऊपर आने की वजह से नौवें रैंक तक सभी को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। वहीं, भारत के यशस्वी जायसवाल तीन स्थान के नुकसान के साथ शीर्ष-10 से बाहर हो गए हैं। उनकी मौजूदा रैंकिंग 12 है। अभिषेक ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 में 54 गेंद में 13 छक्कों की मदद से 135 रन की पारी खेली थी। इसकी बदौलत भारत ने इंग्लैंड पर 4-1 से सीरीज जीत दर्ज की थी। अभिषेक शीर्ष पर काबिज हेड से बस 26 रेटिंग अंक पीछे हैं।

#### टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग

वहीं, टी20 गेंदबाजों में भारत के वरुण चक्रवर्ती को भी फायदा हुआ है। वरुण इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे थे। वह 14 विकेट लेकर सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। इसी की वजह से उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में भी जगह दी गई है। अब वरुण ने टी20 में तीन स्थानों की छलांग लगाई और करियर बेस्ट संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके और इंग्लैंड के आदिल रशीद के समान रेटिंग अंक हैं। दोनों के 705-705 रेटिंग अंक हैं। वेस्टइंडीज के अकील हुसैन 707 रेटिंग अंक के साथ टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। चौथे स्थान पर वानिंदु हसरंगा और पांचवें स्थान पर एडम जैम्पा हैं। भारत के रवि बिश्नोई भी एक स्थान चढ़कर छठे पायदान पर पहुंच गए हैं। उनका रेटिंग अंक 671 है। शीर्ष-10 में भारत के तीन गेंदबाज हैं। इनमें वरुण, बिश्नोई के अलावा अर्शदीप सिंह शामिल हैं। अर्शदीप को हालांकि, एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह आठवें से नौवें पायदान पर लुढ़क गए।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा, नितिन मेनन व्यक्तिगत कारणों से बाहर



**मैच अधिकारी** : अंपायर : कुमार धर्मसेना, क्रिस गैफनी, माइकल गॉ, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, अहसान रजा, पॉल रीफेल, शारफुद्दौला इब्ने शाहिद, रॉडनी टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन।

**मैच रेफरी** : डेविड बून, रंजन मदुगले, एंड्रयू पाइक्रॉफ्ट।

**एजेंसी**

**दुबई।** आइसीसी के एलीट पैनल के अंपायरों में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि नितिन मेनन ने व्यक्तिगत कारणों से इस महीने पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में अंपायरिंग से बाहर होने का विकल्प चुना है। आइसीसी ने बुधवार को 15 मैच अधिकारियों की सूची की घोषणा की जिसमें तीन मैच रेफरी और 12 अंपायर शामिल हैं जो 19 फरवरी को कराची में शुरू होने वाले इस टूनार्मेंट के अधिकारी होंगे जिसका फाइनल 9 मार्च को होगा। आस्ट्रेलिया के डेविड बून, श्रीलंका के रंजन मदुगले और जिम्बाब्वे के एंड्रयू पाइक्रॉफ्ट को आठ टीमों के टूनार्मेंट के लिए मैच रेफरी के रूप में नामित किया गया है। यह टूनार्मेंट पाकिस्तान में तीन जगह कराची, लाहौर और रावलपिंडी में आयोजित किया जाएगा जबकि भारत सुरक्षा चिंताओं के कारण अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा जिसमें शुरूआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने बताया, आइसीसी उन्हें (मेनन) चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में शामिल करना चाहता था। लेकिन उन्होंने निजी कारणों से पाकिस्तान नहीं जाने का फैसला किया। मेनन दुबई में होने वाले मैचों में अंपायर नहीं हो सकते थे क्योंकि आइसीसी तटस्थ अंपायरों की नियुक्ति की नीति का पालन करता है। विश्व संस्था ने अधिकारियों की सूची जारी करने के लिए अपने बयान में मेनन पर कोई टिप्पणी नहीं की। टूनार्मेंट के लिए चुने गए तीनों मैच रेफरी अनुभवी हैं। आइसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा, 12 अंपायरों का एक प्रतिष्ठित पैनल आठ टीम के इस टूनार्मेंट में अंपायरिंग करेगा जिसमें से छह अंपायर 2017 के चरण में शामिल थे जिनमें रिचर्ड केटलबोरो भी शामिल हैं जो पिछली चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में अंपायरिंग कर चुके हैं।

# रोनाल्डो ने अपने 40वां जन्मदिन पर कहा मैं सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर

**एजेंसी**



**मैड्रिड।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपना 40वां जन्मदिन उसी आत्मविश्वास और आत्मसम्मान के साथ मना रहे हैं जिस पर उन्होंने अपने सफल करियर के दौरान हमेशा गर्व किया है। रियाल मैड्रिड के पूर्व स्टार और अब सऊदी अरब में खेल रहे रोनाल्डो बुधवार को 40 साल के हो गए और उन्हें इसमें कोई संदेह नहीं कि दुनिया का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर कौन है। रोनाल्डो ने स्पेनिश टेलीविजन चैनल ला सेक्स्टा के साथ इंटरव्यू में कहा, मैं फुटबॉल इतिहास का सर्वश्रेष्ठ स्कोरर हूं। हालांकि मैं बाएं पैर का अधिक इस्तेमाल नहीं करता लेकिन बाएं पैर से गोल करने के मामले में मैं इतिहास में शीर्ष 10 में हूं। इन आंकड़ों से पता चलता है कि मैं अब तक का सबसे संपूर्ण खिलाड़ी हूं। मैं खेल में अपने दिमाग का अच्छा इस्तेमाल करता हूं। मैं अच्छी फ्री किक लेता हूं। मैं तेज दौड़ लगाता हूं। मैं दमदार हूं। मैं अच्छी कूद लगाता हूं। मैंने कभी भी खुद से बेहतर किसी को नहीं देखा। पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक 217 मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 135 गोल दर्ज हैं जो विश्व रिकॉर्ड है। रोनाल्डो ने पहले भी कई बार कहा है कि उन्हें लगता है कि वह फुटबॉल के इतिहास में अब तक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। जब भी उनसे इस चर्चा के बारे में पूछा गया कि उनमें और लियोनेल मेस्सी में कौन सर्वश्रेष्ठ है तो उन्होंने हमेशा अर्जेंटीना के खिलाड़ी की प्रशंसा की लेकिन वह खुद को बेहतर बताने से भी पीछे नहीं हटे।

### दूसरे वनडे के लिए टिकट बिक्री के दौरान मची भगदड़, कई प्रशंसक हुए बेहोश

**कटक (ओडिशा)।** कटक के बाराबती स्टेडियम के बाहर उस समय अफरा तफरी मच गई, जब क्रिकेट प्रशंसक भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे वनडे के लिए ऑफलाइन टिकट हासिल करने के लिए दौड़ पड़े, जिसके परिणामस्वरूप भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई और कम से कम 10 लोग बेहोश हो गये। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा वनडे मैच 9 फरवरी को कटक के बाराबती स्टेडियम में खेला जाना है।

#### प्रशासन पर खराब प्रबंधन का आरोप

बुधवार को ऑफलाइन टिकट बिक्री शुरू होने के बाद, मंगलवार शाम से ही हजारों क्रिकेट लेने वाले प्रशंसक काउंटरों से टिकट लेने के लिए बाराबती के बाहर जमा हो गए थे। जब सुबह 9 बजे ऑफलाइन टिकटों की बिक्री शुरू हुई, तो भीड़ जल्दी ही अव्यवस्था में बदल गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर खराब योजना और अपर्याप्त सुविधाओं का आरोप लगाया।

### हरियाणा-मुंबई के बीच क्वार्टर फाइनल

**मुंबई।** हरियाणा और मुंबई के बीच शुक्रवार को होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले को लाहली की जगह कोलकाता स्थानांतरित कर दिया गया है। बीसीसीआइ ने आयोजन स्थल में देर से बदलाव की सूचना दी हैं। हालांकि बोर्ड ने इस स्थानांतरण का कारण नहीं बताया है। इस मामले में हरियाणा क्रिकेट संघ के अधिकारियों की ओर कोई टिप्पणी नहीं आयी है।

### 15 साल की माया मुंबई ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं, श्यामनोविच को हराया

**मुंबई।** भारत की उभरती हुई टेनिस खिलाड़ी 15 वर्षीय माया राजेश्वरन रेवती ने मंगलवार को एलएंडटी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेलारूस की इरिना श्यामनोविच को सीधे सेटों में हराकर अंतिम-16 में अपनी जगह पक्की की। माया ने शानदार परिपक्वता दिखाते हुए अपने से अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को 6-4, 6-1 से शिकस्त दी।वाइल्ड कार्ड धारक भारतीय खिलाड़ी अंकिता रैना ने हमवतन वैष्णवी अडकर पर दबदबा बनाते हुए 6-2, 6-2 से जीत हासिल की। भारत की श्रीवल्ली भामिदिपति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रूस की एलेना प्रिडांकिना को एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-0 से हराया। स्लोवाकिया की तीसरी वरीयता प्राप्त अन्ना कैरोलिना श्मीडलोवा ऑस्ट्रेलिया की टीना स्मिथ की कड़ी चुनौती से पार पाने में सफल रही। श्मीडलोवा ने पहला सेट गंवाने के बाद 6-7, 6-1, 6-4 से जीत दर्ज की। जापान की माई होनटामा ने छठी वरीयता प्राप्त हमवतन नाओ हिबिनो को कड़े मुकाबले में 7-6, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

### चोटिल कोएत्जी चैंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर

**प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को कमर में जकड़न की परेशानी के बाद पाकिस्तान में होने वाली एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया गया है। प्रिटोरिया के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी करते समय कोएत्जी को कमर में जकड़न की समस्या पाये जाने पर चिकित्सा दल के निरीक्षण के बाद गंभीर चोट के लक्षणों को देखते हुए उन्हें एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया गया है।

# सिमोना हालेप ने टेनिस को कहा अलविदा



**एजेंसी**

**बुखारेस्ट (रोमानिया)।** दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सिमोना हालेप ने मंगलवार को अपने गृह देश रोमानिया में एक टूनार्मेंट के पहले दौर में हार के बाद 33 साल की उम्र में टेनिस से संन्यास की घोषणा की। हालेप ने रोमानिया के क्लुज में ट्रांसिल्वेनिया ओपन में लूसिया ब्रॉन्जेटी से 6-1, 6-1 की हार के बाद इसका एलान किया।उन्होंने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं नहीं जानती कि मैं दुख के साथ या खुशी के साथ यह घोषणा कर रही हूं। मुझे लगता है कि मैं दोनों को महसूस कर रही हूं लेकिन इस फैसले से मुझे शांति मिली है। मैं हमेशा यथार्थवादी रही हूं।' हालेप ने कहा, 'मेरा शरीर अब पहले जैसा नहीं रहा। भले ही मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन मैं आपके सामने खेलकर टेनिस को अलविदा कहना चाहती थी।हालेप 2017 में पहली बार विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंची थी लेकिन अभी वह 870वें स्थान पर हैं। उन्हें रोमानिया में इस टूनार्मेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया था। अपने करियर में चोटों से जूझने और डोपिंग के कारण निलंबन झेलने वाली हालेप एक समय महिला टेनिस में शीर्ष पर थीं।उन्होंने 2019 में विंबलडन में फाइनल में सेरेना विलियम्स को और 2018 में फ्रेंच ओपन में स्लोएन स्टीफंस को फाइनल में हराकर ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते थे। इसके अलावा वह 2018 में ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में और 2015 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। उनकी सर्वश्रेष्ठ करियर रैंकिंग नंबर एक की रही है, जो उन्होंने अक्तूबर 2017 में हासिल की थी।उन्होंने अपने शानदार करियर में कुल 24 टाइटल्स जीते। हालेप ने अपने करियर में 580 मैच जीते और 241 में हार मिली। वहीं, वह युगल मैचों में भी हिस्सा ले चुकी हैं। युगल में उन्होंने 67 मैच जीते और 71 में उन्हें हार मिली। युगल वर्ग में उनके नाम एक टाइटल है। युगल में उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 71 रही है।

# डीसी और डीटीओ के आदेशों की बेरमो कोयलांचल में खुले आम उड़ रही है धज्जियां

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** जिला मे बाइक चालकों द्वारा हेलमेट अनिवार्य करने के उद्देश्य से जिला के आला अधिकारी डीसी तथा डीटीओ ने पिछले दिनों एक निर्देश जारी किए थे कि जिला भर के सभी पेट्रोल पंप पर यह सुनिश्चित किया जाये कि जो भी बाइक चालक बीना हेलमेट पेट्रोल लेने आये उसे किसी भी किमत पर पेट्रोल पंप के संचालक पेट्रोल ना दे साथ ही पंप पर इस बात की लिखित सूचना भी चिपकाया जाये ताकि लोगो को लगे कि अगर बाइक मे पेट्रोल लेना है तो हेलमेट पहन कर ही पंप पर जाना पड़ेगा तभी पेट्रोल मिल पायेगा अन्यथा पेट्रोल नही मिलेगा। और यह सब इस लिए किया गया की बाइक सवार सौ फीसदी हेलमेट लगाने लगे मगर पेट्रोल पंप संचालक आला अधिकारियों के आदेश को ताख पर रख अपनी मनमानी चला रहे हैं यह लगभग पुरे बेरमो कोयलांचल के सभी पेट्रोल पंप की हालत है। आज भी लोग बीना हेलमेट धड़ल्ले से बाइक सवार पेट्रोल खरीद रहे हैं और पेट्रोल पंप वाले उन्हें बीना रोक टोक दे भी रहे हैं। हां एक काम पेट्रोल पंप के संचालक ने जरुर किया है कि अपने पंप पर नो हेलमेट नो पेट्रोल लिखा पोस्ट चिपका दिया है। अब सवाल उठता है कि डीसी और डीटीओ के आदेशों का यहां के पेट्रोल पंप संचालकों के लिए कोई माने नही रखता। अब सवाल उठता है कि आदेश का पालन सौ फीसदी कैसे होगा। तो यहां पुलिस प्रशासन को सख्ती बरतने की जरूरत है साथ ही जो पेट्रोल पंप मालिक आदेशों के उल्लंघन कर रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की जरूरत है। जबकि कुछ पेट्रोल पंप पर कार्यरत कर्मियों ने बताया कि बीना हेलमेट के पेट्रोल लेने पहुचे बाइक सवारों को पेट्रोल देने से मना करने पर वे लोग लड़ने झगड़ने पर आमादा हो जाते हैं। दुसरी शब्दों में कहे तो बेरमो कोयलांचल में डीसी और डीटीओ के आदेशों की अनदेखी कर पेट्रोल पंप संचालक अपनी मनमानी चला रखी है।

पेट्रोल पंप संचालक के मनमानी के अधिकारियों के आदेश साबित हो रहे हैं खोखला



# दुमका : पहाड़िया आवास का पैसा नहीं आया खाता में, डीसी ने किया प्रखंड मुख्यालय का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**काठीकुंड।** डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को काठीकुंड प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड व अंचल के कई अभिलेखों का अवलोकन कर सभी अभिलेखों को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बीडीओ एवं सीओ से योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने प्रखंड कार्यालय में आमजनों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने डीसी को अपनी विभिन्न शिकायतों व कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों कहा कि सभी योग्य लाभुकों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य करें। और किसी भी प्रकार के प्राप्त आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें। इस मौके पर काठीकुंड प्रखंड के बीडीओ एवं सीओ सहित अन्य लोग मौजूद थे। विदित हो कि काठीकुंड प्रखंड के बिछिया पहाड़ी पंचायत के निवासी शिवचरण देहरी ने बताया कि उसका भाई शमा देहरी और उसकी मामा का लड़का शिवधन देहरी का आबुआ आवास आया हुआ है। उसका जिओ टेक तीन महीने पहले ही हो चुका है और सारा कागज पत्र उसने अपने हाथों से लाभुक के साथ में लेकर कराया । इसके बावजूद अभी तक उन लोगों का पैसा खाता में नहीं आया। इसलिए वे लोग काफी परेशान है अब यह जांच का विषय है कि आखिर इनका पैसा क्यों अभी तक नहीं आ रहा है। जबकि उनका कहना है उनके साथ दूसरे लोगों का जो जियो टैग हुआ है। उन सब के खाते में आवास बनाने के लिए पैसा आ चुका है। इसकी जांच की मांग करते हैं कि आखिर मामला क्या है। इस संबंध में काठीकुंड प्रखंड के बीडीओ सौरव कुमार से पूछने पर उसने बताया कि वह इसको जांच कर रहे हैं कि आखिर मामला क्या है।



निरीक्षण करते डीसी आंजनेयुलू दोड्डे।

## एक नजर में

### संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने प्रधानमंत्री का फुसरो में किया पुतला दहन



**बेरमो।** संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के इंटक, एटक, सीटू, एक्टू से संबद्ध यूनियनों के द्वारा एटक के वरीय नेता चन्द्र शेखर झा की अध्यक्षता में फुसरो बैंक मोड़ मे केन्द्रीय बजट के विरोध मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इंटक के वरीय नेता श्यामल कुमार सरकार और एटक नेता लखन लाल महतो ने कहा कि केंद्रीय बजट मजदूर और किसान विरोधी है। सरकार मजदूर विरोधी 4 श्रम संहिता को लागू करने पर आमादा है। कहा कि केंद्र सरकार लगातार किसान और मजदूरों के अधिकारों पर प्रहार कर रही है। सीटू नेता भागीरथ शर्मा ने कहा कि 44 श्रम कानूनों की जगह चार श्रम कोड लाए जा रहे हैं। उन्होने मजदूरो को एकजुट होने की अपील किया। इसके पूर्व पुराना बीडीओ आफिस से बैंक मोड फुसरो तक जुलूस निकाला गया। मौके पर जय नारायण महतो, हरेंद्र प्रसाद सिंह, छेदी नोनिया, शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह, प्रताप सिंह, वृज बिहारी पांडेय, जितेंद्र दूबे, उत्तम सिंह, जयराम सिंह, परवेज अख्तर, पंचानन मंडल, सुजीत कुमार घोष, जवाहरलाल यादव, भीम महतो, मो कलीमुद्दीन, जयनाथ मेहता, पंकज महतो, बालेश्वर गोप, अजय कुमार सिंह, श्याम बिहारी सिंह दिनकर, प्रदीप सिंह, विजय कुमार भोई, भुनेश्वर केवट, कुंज बिहारी प्रसाद, अरुणजय सिंह, रईस आलम, रफिक अंसारी आदि मौजूद हुए।

### झामुमो स्थापना दिवस में कसमार से शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता



**बोकारो/कसमार।** झामुमो के 53वां स्थापना दिवस समारोह में कसमार प्रखंड से झामुमो प्रखंड संयोजक दिलीप हेंब्रम एवं सोहेल अंसारी के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ता धनबाद पंहुचे। वहीं वरीय नेता फारूक अंसारी के नेतृत्व में भी दांतू एवं सोनपुरा से कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कहा कि झारखंड में आदिवासी व मूलवासियों पर शोषण एवं अत्याचार के खिलाफ स्व बिनोद बिहारी महतो दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं एके राय ने धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में 1973 ई में झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की थी। तब से प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता स्थापना दिवस मनाते आ रहे हैं। मौके पर सिकंदर कपरदार जगेश्वर महतो महेंद्र सिंह राजेश महतो आजाद अंसारी जानी बाबू देवाशीष मुखर्जी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हाइवा ऑनरों की मनमानी का विरोध, चक्का जाम आंदोलन आज से

**बेरमो।** बुधवार को हाइवा कोयलांचल आनर एसोसिएशन बेरमो का वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन हिन्दुस्तान पुल फुसरो के समीप की गई। सर्वसम्मति से कोयला और छाई ढुलाई मे हो रही अनियमिता का विरोध और गुरुवार से बरवाबेड़ा के ऑनर द्वारा मनमानी करने के विरोध में खासमहल से बालीडीह कोयला ट्रांसपोर्टिंग का अनिश्चितकालीन चक्काजाम आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के महासचिव अंशू राय, मुन्ना कुमार और मुकेश सिंह ने कहा कि सीसीएल बीएंडके एरिया की खासमहल परियोजना में कोयला लेडिंग के दौरान बरवाबेड़ा के ऑनर मनमानी व रंगदारी कर सिर्फ अपने वाहनों की एंटी करवाते है, जिसके कारण वाहनों को कोयला नहीं मिल पाता है। कहा कि मामले को लेकर कई बार ट्रांसपोर्टर प्रतिनिघि से वार्ता हुई। इसक बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। जबतक गाडियों को नियम के तहत इंट्री शुरू नही होता है। तबतक अनिश्चितकालीन चक्का जाम रहेगा। मौके पर उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार, सचिव गुलेश्वर महतो, पप्पू सिंह, प्रदीप ठाकुर, बलराम सिंह, प्रमोद साव, लखन राम, महावीर महतो, युसूफ खान, प्रेम मांझी, कुणाल महतो, आजाद बाउरी, विनोद साव, कपिल साव, वरुण कुमार, राज कुमार, हरेराम पंडित, सुनील साव, जसीम रजा, मोहम्मद फारूक, विजय कुमार, विकाश कुमार, कुनाल महतो, युगल साव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### डीपीएस चास के विद्यार्थियों ने लहराया अपनी प्रतिभा का परचम

**बोकारो।** डीपीएस चास के पहली कक्षा के अद्वित सिंह ने सिल्वरजोन फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय इंफॉरमेटिक ओलंपियाड 2024-25 में राज्य स्तर पर जहां शीर्ष रैंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है वहीं 39 अन्य विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर टॉप 100 की सूची में शीर्ष 30 के अंदर अपना स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। ओलंपियाड में नवनिधि राउत ने चौथा यश अग्रवाल तथा अंशुमान चौधरी ने 5वां शुभांग कल्प तथा बौद्धिक गोस्वामी ने छठा अशरफुल हादी ने 7वां देवांशी श्री कयान राज कियान ओझा कृष्णा मंडल तथा युवराज गिरि ने नौवां अन्विता शर्मा आरफा परवीन तथा नुवेश सागर ने दसवां जीएस डार्विन ने 14वां दक्षेष गोस्वामी ने 15वां कुमार पृथ्वी सिंह अमारा शुक्ला पार्थ पुजल उत्पल कुमार तथा वंश राज ने 15वां स्मृति शुभम तथा कृशांग तरेनिया ने 19वां अन्वी तिवारी तथा सृजिता चक्रवर्ती ने बीसवां परिधि सिंह रुपम सरकार तथा साहिल कुमार ने 22वां, मेहुल कुमार ने 23वां, समिहन, विराज ठाकुर तथा कृष्णा कुमार ने 24वां, गर्वित कुमार गुप्ता श्रेयांशी शाही ने 26वां आयुष कुमार ने 27वां तथा वंश राज ने 29वां स्थान हासिल किया।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो थर्मल में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन



बेरमो। निगमित सामाजिक दायित्व डीवीसी सीएसआर और डीवीसी अस्पताल बोकारो थर्मल के सहयोग एवं नेताजी आई अस्पताल रामचंद्रपुर पुरुलिया के सहयोग से ऑफिसर्स क्लब बोकारो थर्मल में बुधवार को नि:शुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान सुशील कुमार अरजरिया, उपमहा प्रबंधक सीएसआर बीजी होलकर, जिप सदस्य शहजादी बानो, मुखिया संघ अध्यक्ष चंद्रदेव घासी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में बोकारो थर्मल सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लगभग 150 महिला पुरुष मरीजों का नि:शुल्क नेत्र जांच किया गया। जिसमें से लगभग 80 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। जिनका नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन नेताजी नेत्र अस्पताल रामचंद्रपुर पुरुलिया में किया जायेगा। जहां रहने खाने सहित मरीजों पर होने वाली सारी खर्च नि:शुल्क होगें। मरीजों का जांच डॉ.हिमाद्रि रंजन घोष, प्रसेनजीत सेनगुप्ता, मामोनी बाऊरी, तनुश्री बाऊरी, चंचला हेंब्रम, मानस महतो आदि स्वास्थ्य कर्मी कर रहे थे। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान सुशील कुमार अरजरिया ने कहा कि डीवीसी का यह प्रोग्राम काफी सराहनीय हैं आप लोग जब स्वस्थ हो जाएं तो आस पास परोस में इस प्रोग्राम के बारे में जरूर बताएं जिससे लोगों में जानकारी और जागरूकता हो, डीबीसी सिर्फ पावर जेनरेशन के लिए ही नहीं है बल्कि आप लोग के उत्थान के लिए भी है आप लोग स्वस्थ रहेंगे तो क्षेत्र का भी विकास होगा तभी हम लोग आगे बढ़ पाएंगे ।

### नक्सली हमला मामले में एसपी समेत 11 गवाहों की हुई गवाही

**दुमका।** लोकसभा चुनाव 2014 में नक्सली हमला कांड में बुधवार को एसपी समेत 11 गवाहों की गवाही गुजरी। गवाही व्यवहार न्यायालय के एडीजे- 5 शत्रुंजय कुमार सिंह के न्यायालय में गुजरी। गवाही एसपी पितांबर सिंह खेरवार, डीएसपी अशोक कुमार सिंह, मो नूर मुस्तफा, इंस्पेक्टर फागो होरो समेत 11 गवाहों की गवाही गुजरी। गवाही केस के सेशन ट्रायल में एक एसपी, दो डीएसपी समेत, एक इंस्पेक्टर समेत 11 गवाहों की गवाही गुजरी। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2014 में मतदान करा लौट रहे पोलिंग पार्टी की बस पर नक्सलियों ने सरसाजोल गांव के नदी के पुल पर लैंड माईस से ब्लास्ट कर हमला कर दिया था। जिसमें 6 पुलिस पार्टी समेत पोलिंग एजेंट समेत 9 की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने पुलिस पार्टी के आमर्स एके-47 भी लूट ले गये थे। मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी संजय कुमार सुमन के बयान पर थाना कांड संख्या 40/2014 के तहत मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें नामजद अभियुक्त ताला दा, सिमंत सोरेन उर्फ सिमोन उर्फ उज्जवल, दादू हेम्ब्रम उर्फ विमल हेम्ब्रम, आकाश मरांडी, सुधीर किस्कू, राजकुमार भगत, सुमन देहरी, पीसी दी, जयंती दी समेत 30 नामजद व 15-20 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था।

## बाबूलाल ने विद्यार्थियों के भविष्य की अनदेखी का लगाया आरोप, कहा

# हेमंत सरकार को छात्रों के भविष्य की चिंता नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर हमला करते हुए कहा कि हेमंत सरकार को छात्रों के भविष्य की चिंता नहीं है।

उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि 8 फरवरी से इंटर तथा मैट्रिक का परीक्षा निश्चित है, इसके बावजूद जैक के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का मनोनयन नहीं हुआ है। इस स्थिति में निष्पक्ष परीक्षा संदिग्ध है। कहा कि मुख्यमंत्री श्री सोरेन कहते घूम रहे हैं कि झामुमो ने झारखंड बनाया लेकिन सच्चाई इससे कोसों दूर है। झामुमो ने कांग्रेस के हाथों झारखंड आंदोलन को ही भेज दिया था और लालू यादव कहा करते थे कि झारखंड उनकी लाश पर बनेगा। लेकिन झामुमो ने वैसे झारखंड विरोधी तत्वों के साथ समझौता कर लिया। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री राज्य की जनता को आपस में लड़ाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि सच्चाई है कि झारखंड के हर नागरिक ने झारखंड अलग राज्य की मांग की थी और अपना योगदान दिया था। अभी तक लोकपाल-सूचना आयुक्त व महिला आयोग का गठन नहीं किया गया। अब जब न्यायालय से फटकार मिल रही है तब विपक्ष के नेता की बहानेबाजी कर रहे हैं। पत्रकार सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष अंबिका खवास भाजपा नेता वीरभद्र प्रसाद सिंह अनिल सिंह विशाल गौतम बैद्यनाथ प्रसाद शंकर रजक आदि उपस्थित थे।



# बोकारो: एफडीआइ की सीमा बढ़ाने के खिलाफ बीमाकर्मियों ने किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** भारतीय जीवन बीमा निगम के दफ्तर के समक्ष अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आह्वान पर वित्त मंत्री के द्वारा बजट पेश करने के दौरान बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 फीसदी करने की घोषणा के खिलाफ प्रदर्शन का किया गया। मौके पर हजारीबाग मंडल के संयुक्त सचिव दिलीप कुमार झा ने कहा कि एफडीआई सीमा बढ़ाने का निर्णय अनुचित है और भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के लिए बहुमूल्य संसाधनों को जुटाने तथा नागरिकों के प्रति राज्य के दायित्व को पूरा करने की दिशा में इसके गंभीर परिणाम होंगे। एआईआईईए इसके खिलाफ जनमत तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी पूंजी को पूर्ण स्वतंत्रता और अधिक पहुंच की अनुमति देने से बीमा उद्योग के व्यवस्थित विकास में बाधा उत्पन्न होगी क्योंकि लोगों और व्यवसाय को आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने के बजाय मुनाफे पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। बजट में आर्थिक विकास को गति देने के लिए आबादी के एक छोटे से हिस्से पर भरोसा किया गया जबकि बहुसंख्यक वर्ग के हितों की उपेक्षा की गई है। आर्थिक सर्वेक्षण इस तथ्य की ओर इशारा करता है कि कॉर्पोरेट क्षेत्र का मुनाफा बढ़ रहा है जबकि श्रमिकों का वेतन स्थिर है। यदि इससे संबंधित संशोधन विधेयक बजट सत्र में पास होता है हम बहिर्गमन हड़ताल कर इसका विरोध करेंगे। मौके पर राकेश चन्द्र शर्मा अजय कुमार राजेश सिंह महावीर श्रवण लाल बेगी लालजी दुबे तरुण कुमार विनोद दास इंदु भूषण संजय व सभी कर्मी शामिल रहे।

# मजदूरों की आवाज है आरसीएमयू : अजय

## बेरमो : दर्जनों श्रमिकों ने ली संगठन की सदस्यता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रति मजदूरों का विश्वास दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। परिणाम स्वरूप विभिन्न संगठनों को छोड़कर दर्जनों श्रमिकों ने आरसीएमयू के सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्र के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा श्रमिकों का आवाज आरसीएमयू है। आर सी एम यू के बैनर तले श्रमिकों के अधिकार की रक्षा होगी श्रमिक समस्याओं की सूची तैयार कर क्षेत्रीय प्रबंधन को सोपा जाएगा। यूनियन के पदाधिकारी मजदूरों के सुख-दुख में सहभागिता का निर्वाह करें तभी वह मजदूरों के सच्चे हितेषी बन पाएंगे। श्रमिकों के मौलिक अधिकार की रक्षा होगी राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बैनर तले सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें मोहम्मद आशिक अनीश कुमार पिंटू कुमार जितेंद्र सोरेन राघवेंद्र प्रताप सिंह छोटन रविदास रामेश्वरी कमला बाई आदि ने आरसीएमयू की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता अभियान में यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह शाखा सचिव रंजय कुमार सिंह दयाल यादव धनंजय सिंह सुरेश महतो सहित अन्य शामिल थे।

# दुमका: कस्तूरबा गांधी बालिया आवासीय विद्यायल के रसोईया पर अनाज चोरी का लगा आरोप, सड़क जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोरैया के ग्रामीणों ने रसोईया पर अनाज चोरी कर बिक्री करने का आरोप लगाते हुए गोविन्दपुर-साहिबगंज हाइवे को करीब एक घंटे तक जाम कर दिया। ग्रामीणों ने रसोइया, वार्डेन एवं सुरक्षा प्रहरी पर कार्रवाई करने की मांग की। सड़क जाम की खबर मिलने पर मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर समझा-बुझाकर सड़क जाम को हटवाया। ग्रामीणों का कहना है कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के अनाज को रसोइया चोरी कर बेचने जा रही थी। रसोइया को चोरी के सामान के साथ रंगेहाथ पकड़ा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि चोरी में वार्डेन एवं गार्ड की भी संलिप्तता है। बिना दोनों की संलिप्तता से रसोइया सामान की चोरी कर बाहर ले जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाएगी। विद्यालय की बच्चियों को सहीं ढंग से भोजन व नाश्ता नहीं दिया जाता है। घर से दिए हुए नाश्ते को ही बच्ची खाती है। भरपेट भोजन नहीं परोसा जाता है। सीसीटीवी कैमरा लगे रहने के बावजूद सामानों की बिक्री हो रही है। ग्रामीणों ने वार्डेन व अन्य पर कई तरह की अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। मुफस्सिल थाना की पुलिस रसोइया स्वीटी देवी को पूछताछ के लिए थाने ले आयी है। समझाने-बुझाने के बाद ही ग्रामीणों ने सड़क जाम को हटाया। इधर, घटना की खबर मिलने पर डीईओ भूतनाथ रजवार के निर्देश पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सहित अन्य पदाधिकारी विद्यालय पहुंचे। पूरे मामले की जांच पड़ताल की। इन पदाधिकारियों के पहुंचने से पहले ही मुफस्सिल थाना पुलिस स्वीटी तिवारी को साथ लेकर चली गई थी। ग्रामीणों ने जाम खत्म कर दिया था। बाद में डीईओ ने स्वयं विद्यालय पहुंच कर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच कर संबंधित ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीण राजकुमार मंडल, इंद्रकुमार मंडल ने रसोइया पर चावल, दाल, तेल आलू की चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया। ग्रामीणों के अनुसार यह सामान करीब एक क्विंटल था। उन्होंने कहा कि झोले से आलू दाल आदि 20 किलो का सामान था। लेकिन सीसीटीवी फुटेज में यह बात सामने नहीं आई। रसोइया स्वीटी तिवारी को एक छोटा से थैले लेकर बाहर जाते जरूर देखा गया। लेकिन यह उतना भारी प्रतीत नहीं हो रहा था। वार्डन ने बताया कि रसोइया के पास जो सामान दिखाया गया है। वह उनके स्टोर का नहीं है।

# बोकारो: जीजीईएसटीसी में उद्यमिता विकास विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो के कांड्रा स्थित गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटी टेक्निकल कैंपस-इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज में उद्यमिता विकास पर एक-दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता अम्बरीष जे पटेल -टाई ग्लोबल सिलिकन वैली कैलिफोर्निया से जुड़े और उन्होंने यूगांडा से यूएसए की जीवन यात्रा पर रोशनी डालते हुए कहा कि भारतीयों को टीम में काम करने के लिए अभ्यासरत रहना होगा। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि कुलपति- झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी डा डीके सिंह रहे। कुलपति डा सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में बताया कि उनकी यूनिवर्सिटी- छात्रों को उद्यमिता विकास के उत्कृष्ट अवसर प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। कार्यशाला के अतिथि वक्ता रमेश यादव सिलिकन वैली से जुड़े और उन्होंने कॉलेज के अथक प्रयासों की सराहना की।

कॉलेज निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरुहार ने कहा कि यदि वैश्विक स्तर के उद्यमिता-कार्यक्रमों में हमारे छात्र हिस्सा लेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब यह प्रदेश- देश की अग्रिम पंक्ति में होगा। इस कार्यशाला में प्रदेश के कुल 500 छात्रों ने शिरकत की। कॉलेज के प्रो महमूद आलम प्रो रश्मि ठाकुर सुरेश राय ने कार्यशाला में विशेष योगदान दिया। संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह व सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने सभी को बधाई दी।



# मलूटी में 18वीं राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** मंदिरों का गांव मलूटी में 5 फरवरी से तीन दिवसीय 18वीं राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसमें राज्य भर के 16 टीम में भाग ले रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद नलिन सोरेन, जिप अध्यक्ष जॉयस बेसरा, डीसीसी अभिजीत सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष सुधीर मंडल शिकारीपाड़ा से जिप सदस्य, डीटीओ जयप्रकाश करमाली के अलावा शिकारीपाड़ा के बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी भी मौजूद थे। पहला मुकाबला दुमका और लोहरदगा के बीच हुआ। उद्घाटन के मौके पर अपने संबोधन में दुमका सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि मलूटी पर्यटन के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखता है। इस आयोजन से मंदिरों के इस गांव का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में खेल का विशेष महत्व होता है। जिप अध्यक्ष जॉयस बेसरा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं जीवन मे खेल के महत्व के बारे में बताया।

## पेज एक का शेष

### देश की अर्थव्यवस्था में हमारा अहम रोल

**झारखंड में निवेश की अपार संभावनाए:** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा, इस समिट में मुझे देश विदेश से आये मेहमानों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों से मिलने का मौका मिल रहा है। इससे यह जानने समझने का अवसर मिलेगा कि निवेशकों के सहयोग से झारखंड के समग्र विकास की दिशा में कैसे आगे बढ़ सकते हैं। इसी आशा और उम्मीद से बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में आये उद्यमियों तथा निवेशकों को झारखंड आमंत्रित करता हूं। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में झारखंड का अहम रोल है। देश का लगभग 40 प्रतिशत खनिज संसाधन पाया जाता है। कई खनिज एवं उद्योगों के लिए जरूरी रॉ मैटेरियल्स का झारखंड सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था में यह राज्य अहम भूमिका निभाता रहा है। कई औद्योगिक घरानों ने यहां निवेश किया है।

### निर्मम प्रहार से ही खत्म होगा आतंकवाद : शाह


**टेरर फंडिंग, नशा व्यापार भी रोकें:** शाह ने कहा, नशीले पदार्थों के व्यापार से होने वाली आय से टेरर फंडिंग के खिलाफ तत्परता और कठोरता के साथ त्वरित कार्रवाई करने की जरूरत है। शाह ने सुरक्षा एजेंसियों को नए आपराधिक कानूनों के समय पर लागू करने के मद्देनजर फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) के पदों पर नई नियुक्तियां करने का निर्देश दिया। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो (आइबी) के निदेशक, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (जीडीपी) के साथ-साथ गृह मंत्रालय और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

स्पीड न्यूज

## स्वीडन के स्कूल में गोलीबारी, 10 मरे

**स्टॉकहोम।** स्वीडन के ओरेब्रो शहर में मंगलवार दोपहर एक स्कूल में गोलीबारी में 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। स्वीडन के न्याय मामलों के मंत्री गन्नर स्ट्रोमर ने इसे चिंताजनक घटना बताते हुए कहा कि पुलिस पूरी तरह से मामले की जांच में जुटी है और सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है। एक शिक्षक ने बताया कि उन्होंने कुछ संदिग्ध छात्रों को परिसर में देखा था और करीब 10 राउंड गोलियां चलने की आवाज सुनी। स्कूल मुख्य रूप से 20 वर्ष से अधिक उम्र के छात्रों के लिए है, जहां प्रवासियों को स्वीडिश भाषा की शिक्षा भी दी जाती है।

## मनाली में खुलेगा कंगना रनौत का कैफे



नयी दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा है कि मनाली स्थित उनका कैफे द माउंटेन स्टोरी ग्राहकों के लिए वैलेंटाइन डे पर खुल जाएगा। अभिनेत्री ने कहा कि यह कैफे खोलना उनका लंबे समय से सपना था। यह आखिरकार साकार हो रहा है। रनौत ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर कैफे और उसके अंदरूनी हिस्से का एक वीडियो शेयर किया। प्रशंसकों ने अभिनेत्री का एक पुराना साक्षात्कार ढूंढ निकाला, जिसमें उन्होंने निकट भविष्य में कैफे खोलने की इच्छा जताई थी। वर्ष 2013 के एक साक्षात्कार में अभिनेत्री के साथ दीपिका पादुकोण भी मौजूद थीं।

## चीन में शीत लहर के लिए ब्लू अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन में शीत लहर के लिए ब्लू अलर्ट जारी किया गया है और अगले कुछ दिनों में देश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में गिरावट आने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) के अनुसार, पूरे देश में शीत लहर चलने का अनुमान है जबकि हेनान, अनहुई, जियांग्सू और शेडोंग सहित कई प्रांतों के हिस्से में शामिल और हुआंगहुआई क्षेत्र के उत्तरी क्षेत्र के अधिकतर हिस्से में तापमान में छह-आठ डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने के आसार हैं।

## हाजी रजा की तीन करोड़ की संपत्ति जब्त

**फतेहपुर।** जिला प्रशासन व पुलिस ने बुधवार को हिस्ट्रीशीटर सपा नेता हाजी मोहम्मद रजा की करीब तीन करोड़ रुपये की संपत्ति जब्ती के साथ मकान को भी सीज किया है। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत की गई है। सदर कोतवाली के मोहल्ला पनी में स्थित रजा की चल-अचल संपत्ति को सीज किया गया है। जब्त की गई संपत्ति में अमरजई स्थित जमीन (गाटा संख्या 297, रकबा 441 वर्ग मीटर) और मकान नंबर 205 शामिल है।

## आध्यात्मिक नेता आगा खान का निधन



**लिस्बन।** स्वैच्छिक संगठन आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क (एकेडीएन) के संस्थापक आगा खान (चतुर्थ) का निधन हो गया। महज 20 साल की उम्र में दुनिया के लाखों शिया इस्माइली मुसलमानों के आध्यात्मिक नेता बनने वाले खान ने मंगलवार को यहां 88 वर्ष की आयु में आखिरी सांस ली। आगा खान फाउंडेशन ने कहा कि उनके उत्तराधिकारी की घोषणा बाद में की जाएगी। वह अपने उत्तराधिकारी का नाम अपनी वसीयत में लिख गए हैं।

# पूरा देश खत्म कर दूंगा : ट्रंप

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान को दी धमकी

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दे दी है। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने उन्हे मारने की कोशिश की तो वह देश को खत्म कर देंगे। अमेरिका ने ये भी संकेत दिए है कि अगर ईरान ने परमाणु हथियार से जुड़े परियोजनाओं को बंद नहीं किया तो अमेरिका उसपर और भी प्रतिबंध लगाएगा। ट्रंप ने ईरान पर और भी अधिक दबाव डालने के आदेश पर हस्ताक्षर भी किए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने सलाहकारों को निर्देश दिया है कि अगर ईरान उनके ऊपर हमला करता है तो उसे तबाह कर दिया जाए। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने मुझे मारने की कोशिश की तो मैं उसे खत्म कर दूंगा। उन्होंने कहा कि ईरान के पास ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता है।



हालांकि, ट्रंप ने ईरान के समकक्ष से मुलाकात की इच्छा भी जाहिर की। बता दें कि ट्रंप को कई बार ईरान की ओर से धमकी मिल चुकी है। हाल ही में एक चुनावी रैली के दौरान ट्रंप पर जानलेवा हमला भी हुआ था। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों का कहना था कि वह नहीं मानते की हत्या का प्रयास ईरान ने किया था। साल 2020 में ट्रंप ने ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर की एलीट शाखा कुद्स फोर्स का नेतृत्व करने वाले कासिम सुलेमानी की हत्या का आदेश दिया था। इसके बाद से ही ट्रंप की सुरक्षा को लेकर अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी काफी अलर्ट रहती है। आशंका जताई जा रही है कि ट्रंप, ईरान की मुश्किलें बढ़ाने वाले हैं। ईरान आर्थिक संकट से जूझ रहा है।

**न्याय विभाग ने नवंबर में आरोप लगाया था, राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले ईरान ने ट्रंप की हत्या की साजिश रची थी**

साल 2015 में अमेरिका से जब ईरान का परमाणु समझौता हुआ था, लेकिन 2018 में ट्रंप ने ईरान से परमाणु समझौता तोड़ दिया था। इसके बाद ईरान और अमेरिका के बीच रिश्ते काफी खराब हो गए।

अमेरिका के न्याय विभाग ने नवंबर में आरोप लगाए थे कि राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले ईरान ने ट्रंप की हत्या की साजिश रची थी जिसे नाकाम कर दिया गया। विभाग ने आरोप लगाया था कि ईरानी अधिकारियों ने सितंबर में फरहाद शकेरी (51) नामक शख्स को ट्रंप पर नजर रखने और उनकी हत्या करने का निर्देश दिया था। शकेरी अब भी ईरान में है।

### गाजा पट्टी को अपने अधीन लेगा अमेरिका

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका गाजा पट्टी को अपने अधीन लेगा। इस पर अधिकार करेगाऔर वहां आर्थिक विकास करेगा जिससे लोगों के लिए बड़ी संख्या में रोजगार और आवास उपलब्ध होंगे। मंगलवार को व्हाइट हाउस में ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ये बातें कहीं। ट्रंप ने यह भी सुझाव दिया कि अमेरिका उस जगह को विकसित करेगा लेकिन इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी कि वहां किसे रहने की अनुमति दी जाएगी। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका गाजा पट्टी को अपने अधीन लेगा और इसे विकसित करेंगे। वहां सभी खतरनाक बमों और अन्य हथियारों को निष्क्रिय करने, जगह को समतल करने और तबाह हो चुकी इमारत को हटाने की जिम्मेदारी हमारी होगी।

## अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमेरिकी विमान अमृतसर पहुंचा

एजेंसी

**अमृतसर।** अमेरिका से 104 भारतीय नागरिकों को निर्वासित कर एक विशेष विमान बुधवार को अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इन नागरिकों को अवैध रूप से अमेरिका में रहने के आरोप में वापस भेजा गया है। निर्वासित लोगों में 25 महिलाएं और 12 नाबालिग शामिल हैं, जिनमें से सबसे कम उम्र का बच्चा केवल 4 वर्ष का है और गुजरात से है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इनमें पंजाब के 30, हरियाणा के 33, चंडीगढ़ के 2, गुजरात के 33, उत्तर प्रदेश के 3 व महाराष्ट्र के 3 लोग शामिल हैं। इनमें 48 लोग ऐसे हैं, जिनकी उम्र 25 वर्ष से कम है। हालांकि अभी तक किसी अधिकारी ने इस संबंध में पुष्टि नहीं की है।

इससे पहले, विमान के सुबह उतरने की उम्मीद थी। अभी तक विमान में सवार लोगों के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है।




**पंजाब के 30, हरियाणा के 33, चंडीगढ़ के 2, गुजरात के 33, उत्तर प्रदेश के 3 और महाराष्ट्र के 3 लोग शामिल**

अमेरिका के सैन्य विमान सी-17 में पंजाब और पड़ोसी राज्यों के 205 अवैध अप्रवासी हैं।

पिछले माह डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालने के बाद देश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पंजाब के कई लोग जो लाखों रुपये खर्च करके डंकी रूट या अन्य अवैध तरीकों से अमेरिका में प्रवेश कर चुके हैं अब वे निर्वासन का सामना कर रहे हैं।




दिल्ली में वोट डालने के बाद निशान दिखातीं महिलाएं।

# दिल्ली में खिलेगा कमल

## छह एग्जिट पोल्स में बीजेपी की सरकार का अनुमान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद आए लगभग सभी एग्जिट पोल में बीजेपी के 26 साल से अधिक समय बाद राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में वापसी की संभावना जताई गई है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीट के लिए बुधवार को मतदान खत्म हो चुका है। वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी। चुनाव के बाद लगभग सभी चुनाव सर्वेक्षण एजेंसियों ने बीजेपी की जीत और आम आदमी पार्टी की हार का अनुमान व्यक्त किया है। अधिकतर सर्वेक्षणों में एक बार फिर संभावना जताई गई है कि कांग्रेस के लिए खाता खोलना भी मुश्किल हो सकता है।

एसएएस एग्जिट पोल में बीजेपी की सरकार बनने का अनुमान है। इस एग्जिट पोल में बीजेपी को 38 से 41 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं, आम आदमी पार्टी सत्ता से बाहर होती दिख रही है। आप का सीटों का आंकड़ा 62 से घटकर 27 से 30 के बीच थमता नजर आ रहा है। वहीं, कांग्रेस के लिए कुछ सांत्वना दिख रही है। पार्टी को 1 से 3 सीट मिलने की बात कही गई है। दो एग्जिट में पोल में राजधानी में फिर से झाड़ू चलने की बात सामने आ रही है। वी प्रीसाइड और माइंड ब्रिंक एग्जिट पोल में आम आदमी पार्टी सत्ता विरोधी लहर को मात दे रही है। वी प्रीसाइड एग्जिट पोल में आम आदमी पार्टी को 46 से 52 सीट मिलने का अनुमान है। वहीं, माइंड ब्रिंक एग्जिट पोल के अनुसार आप 44 से 49 सीटें जीतकर फिर से सरकार बना सकती है। दिल्ली चुनाव को लेकर डीवी रिसर्च एग्जिट पोल में बीजेपी सरकार बनने की बात कही गई है। इस एग्जिट पोल में बीजेपी को 36-44 मिलने का अनुमान है। वहीं, आम आदमी पार्टी को इस पोल से निराशा हाथ लगेगी। आप को 26-34 सीट मिलने की बात कही गई है। वहीं, कांग्रेस को इस एग्जिट पोल में जीरो सीट मिलने की बात कही गई है। खास बात है कि 8 में से 6 एग्जिट पोल में बीजेपी तो 2 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती दिख रही है। इन एग्जिट पोल नतीजों में कांग्रेस को निराशा हाथ लगती दिख रही है। एक एग्जिट पोल को छोड़ दे तो कांग्रेस को 0 से 1 ही सीट देखने को मिल रही है। सिर्फ एक चाणक्या स्ट्रैटीज एग्जिट पोल में 2-3 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है।

**▶▶ दो में आप की सरकार कांग्रेस को एक से तीन सीट मिलने का अनुमान**

| एजेंसी | आप | बीजेपी+ | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 32-37 | 35-40 | 0-1 |
| पी-मार्क | 21-31 | 39-49 | 0-1 |
| पीपल्स इनसाइट | 25-29 | 40-44 | 0-2 |
| पीपल्स पल्स | 10-19 | 51-60 | 0-0 |
| जेवीसी पोल | 22-31 | 39-45 | 0-2 |
| पोल डायरी | 18-25 | 42-50 | 0-2 |
| चाणक्य स्ट्रैटिजीज | 25-28 | 39-44 | 2-3 |
| वीप्रीसाइड | 46-52 | 18-23 | 0 |
| माइंड ब्रिक | 44-49 | 21-25 | 0-1 |

## 57.86 प्रतिशत वोटिंग

**दिल्ली का दंगल**


**मुस्तफाबाद में सबसे अधिक 66.68 प्रतिशत, करोलबाग में सबसे कम 47.40 फीसदी वोटिंग**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान की समाप्ति तक औसतन 57.86 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुस्तफाबाद सीट पर सबसे अधिक 66.68 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि करोलबाग सीट पर सबसे कम 47.40 प्रतिशत मतदान हुआ है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा, आप और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।राष्ट्रीय राजधानी में सुबह से कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर , केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, मुख्यमंत्री आतिशी और उनके पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल ने आज ईवीएम का बटन दबाया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी वोट डाले। चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी विजय देव और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने भी अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के मादीपुर में एक मतदान केन्द्र पर वीवीपैट में गड़बड़ी के कारण करीब 15 मिनट तक मतदान प्रकिया रुकी रही। कालकाजी विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने इसी मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। भाजपा ने सीलमपुर में मुस्लिम महिलाओं पर बुर्के पहनकर फर्जी वोट डालने का आरोप लगाया है। इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। इसके अलावा कहीं से किसी तरह की अप्रिय घटना की रिपोर्ट सामने नहीं आयी है। दिल्ली पुलिस ने ओखला विधानसभा से आम आदमी पार्टी विधायक एवं उम्मीदवार अमानतुल्लाह खान के खिलाफ जामिया नगर थाने में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है।

## मिल्कीपुर में 65.35 प्रतिशत हुआ मतदान

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव में सभी 414 मतदेय स्थलों 65.35 प्रतिशत के लगभग मतदान हुआ। मतदान केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने के साथ मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव की तस्वीर लगभग साफ होती दिखाई पड़ रही है। यहां पर विरासत बचाने के लिए उतरे सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे व समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी बनाए गए अजीत प्रसाद का चुनाव फंसता दिखाई दे रहा है। उनके ऊपर अयोध्या की अस्मिता बनाम पीडीए की लड़ाई में अयोध्या की अस्मिता हावी होती दिखाई पड़ रही ह।, जबकि भाजपा से चन्द्र भानु पासवान मजबूती से डटे हुए हैं। सपा कार्यकर्ता इधर-उधर गांव में घूमते नजर आए। मतदान का उत्साह इस कदर हावी रहा की 80 वर्ष से लेकर 100 वर्ष तक के वृद्ध ठेला और गाड़ियों पर बैठकर मतदान के लिए निकले। भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जबकि सपा वर्कर ढीले-ढाले नजर आए।

## बंगाल में 50 हजार करोड़ और निवेश करेगी रिलायंस : अंबानी



**कोलकाता।** पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने पश्चिम बंगाल में वर्ष 2035 तक 50 हजार करोड़ रुपये और निवेश करने की आज घोषणा की। अंबानी ने बुधवार को आठवें बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि कंपनी अगले 10 वर्षों में पश्चिमी बंगाल में अपने निवेश को बढ़ाकर दोगुना कर देगी। उन्होने कहा कि पिछले करीब एक दशक में रिलायंस ने प्रदेश में अपना निवेश दो हजार करोड़ से बढ़ाकर 50 हजार करोड़ रुपये कर दिया है, जिसे वर्ष 2035 तक दोगुना बढ़ाकर एक लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है।



## महाकाल के दरबार में शिवराज सिंह चौहान

**उज्जैन।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को पत्नी साधना सिंह और दोनों बेटे के साथ उज्जैन पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान महाकाल को अपने दोनों बेटों की शादी का निमंत्रण दिया।

उन्होंने परिवार के साथ भगवान महाकाल के दर्शन कर गर्भगृह में पूजन-अभिषेक किया और नंदी हॉल में ध्यान लगाकर बाबा का आशीर्वाद लिया।

चौहान बुधवार को दोपहर करीब 2:30 बजे अपने परिवार के साथ महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। उन्होंने पूजन के दौरान बाबा भगवान से आशीर्वाद लेकर बेटे कुणाल और बेटे कार्तिकेय की शादी की पत्रिका उन्हें अर्पित की।

# शेयर बाजार ने गंवाई तेजी, सेंसेक्स 312 अंक लुढ़का

## निफ्टी 42 अंक टूटकर 23,696 पर पहुंचा

**मुंबई ।** विश्व बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी समेत छह समूहों में हुई बिकवाली से पिछले दिवस की जबरदस्त तेजी को गंवाकर बुधवार को शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 312.53 अंक का गोता लगाकर 78,271.28 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.95 अंक टूटकर 23,696.30 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मजबूत लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 43,374.16 अंक और स्मॉलकैप 1.42 प्रतिशत की छलांग लगाकर 50,507.67 अंक हो गया।इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरो में कारोबार हुआ, जिनमें से 2548 में लिवाली जबकि 1417 में गिरावट हुई वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियों में तेजी जबकि 25 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के छह समूहों का रुझान नकारात्मक रहा जबकि अन्य में तेजी का रुख रहा। इस दौरान सीडी 0.43, एफएमसीजी 1.42, ऑटो 0.14, बैंकिंग 0.02, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.21 और रियल्टी समूह के शेयर 1.66 प्रतिशत टूट गए। वहीं, कमोडिटीज 0.99, ऊर्जा 1.30, वित्तीय सेवाएं 0.53, हेल्थकेयर 1.21, दूरसंचार 0.59, यूटिलिटीज 0.75, धातु 1.55, तेल एवं गैस 1.89, पावर 0.81 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.59 प्रतिशत चढ़ गए। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 121 अंक की तेजी के साथ 78,704.60 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 78,735.41 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 78,216.25 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। इसी तरह निफ्टी भी 63 अंक बढ़कर 23,801.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,807.30 अंक के उच्चतम जबकि 23,680.45 अंक के निचले स्तर पर रहा।



नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एशियन पेंट 3.38, टाइटन 3.02, नेस्ले इंडिया 2.23, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.03, एलटी 1.72, एसबीआई 1.68, आईटीसी 1.59, जोमैटो 1.39, एचसीएल टेक 1.19, कोटक बैंक 0.98, बजाज फिनसर्व 0.98, सन फार्मा 0.77, रिलायंस 0.62, टीसीएस 0.56, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.41, पावरग्रिड 0.21, एक्सिस बैंक 0.20, मारुति 0.20, भारती एयरटेल 0.11, इंफोसिस 0.11 और आईसीआईसीआई बैंक 0.04 प्रतिशत शामिल रही। आईटीसी होटल्स 2.70, अडानी पोर्ट्स 1.60, इंडसइंड बैंक 1.20, टाटा मोटर्स 0.91, एचडीएफसी बैंक 0.89, टाटा स्टील 0.75, अल्ट्रासिमको 0.52, बजाज फाइनेंस 0.35, एनटीपीसी 0.13 और टेक महिंद्रा के शेयर 0.08 प्रतिशत लाभ में रहे।

## एमपीसी बैठक शुरू रेपो रेट में 0.25 % हो सकती है कटौती

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार को शुरू हो गई। आरबीआई गवर्नर 5 से 7 फरवरी तक चलने वाली इस बैठक के नतीजे का ऐलान 7 फरवरी करेंगे। रिजर्व बैंक इस बार नीतिगत ब?याज दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों का कहना है कि मौद्रिक नीति समिति इस बार रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है। आरबीआई की चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आखिरी तीन दिवसीय द्वैमासिक एमपीसी बैठक 5 से 7 फरवरी तक चलेगी। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में यह पहली एमपीसी बैठक होगी। रिजर्व बैंक ने फरवरी 2023 से रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर रखा है। बजट में आयकर छूट की सीमा बढ़ाने के बार इस बैठक में रेपो रेट को 0.25 फीसदी से घटकर 6.25 फीसदी कर देगा।

